सेंसेक्स 72,101.69 ▲+89.64
डॉलर 83.213 ▼+0.188

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 15.0 | 17.0 |
| धनबाद | 23.0 | 16.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 17.0 | 23.0 |
| पलामू | 22.0 | 16.0 | 20.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 21 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 154, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | मन में उम्मीदों की दीप जलातीं 'कविताएं' ... 8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | दानिश अली ने भी थामा कांग्रेस ...12 | देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा


सोना (10 ग्राम) 65,810
चांदी (किलो) 75,430

# शिबू परिवार का विवाद अब सोशल मीडिया पर

- कल्पना ने पलटवार करते हुए बुधवार को दिया सीता के आरोपों का जवाब
- चौड़ी थी दरार, इस बार सुलह का फार्मूला नहीं निकाल सके बड़े सोरेन

उपेंद्र गुप्ता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की बड़ी बहू व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की विधायक भाभी सीता सोरेन मंगलवार को झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल होने के साथ ही विधानसभा की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे दिया। इसके पहले ससुर शिबू सोरेन को भेजे पत्र में सीता ने अपनी पीड़ा बतायी और पार्टी और परिवार में उन्हें अछूत बनाने का आरोप लगाया। दरअसल, सोरेन परिवार के सदस्यों के बीच मनमुटाव और खींचतान की बातें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन, शिबू सोरेन और उनकी पत्नी रूपी सोरेन हर दफा सुलह की कोई न कोई राह निकाल लेते थे। इस बार दरार चौड़ी हो गई है।



### दुर्गा की दुहाई देकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले मेरे मुंह में उंगली न डालें : सीता सोरेन

जामा की पूर्व विधायक और भाजपा नेता सीता सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर गुस्से का इजहार किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि मेरे पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद से मेरे और मेरे बच्चों के जीवन में जो परिवर्तन आया, वह किसी भयावह सपने से कम नहीं था। मुझे और मेरी बेटियों को न केवल उपेक्षित किया गया, बल्कि हमें सामाजिक और राजनीतिक रूप से भी अलग-थलग कर दिया गया। सीता ने लिखा है कि मैंने न केवल पति खोया, बल्कि एक अभिभावक, एक साथी और अपने सबसे बड़े समर्थक को भी खो दिया। मेरे इस्तीफे के पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है। यह मेरी और मेरी बेटियों की पीड़ा, उपेक्षा और हमारे साथ हुए अन्याय के खिलाफ एक आवाज है। मैं समस्त झारखंडवासियों से अनुरोध करती हूं कि मेरे इस्तीफे को एक व्यक्तिगत संघर्ष के रूप में देखें, न कि किसी राजनीतिक चाल के रूप में। सीता ने लिखा है कि झारखंड और झारखंडियों के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले दुर्गा सोरेन के नाम की दुहाई देकर शेष पृष्ठ 11 पर

### इशारों-इशारों में कल्पना का सीता पर हमला

- हेमंत ने कभी राजनीति को नहीं चुना, राजनीति ने हेमंत को चुना
- आर्किटेक्ट बनना था, पिता-भाई की जिम्मेदारी निभा रहे हैं हेमंत
- आदिवासी कभी पीठ नहीं दिखाता, झुकना हमारे डीएनए में नहीं

**इधर** बुधवार को हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर सीता पर पलटवार किया है। सीता सोरेन के आरोपों पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा है कि हेमंत राजनीति में नहीं आना चाहते थे, परंतु दुर्गा दादा की असामयिक मृत्यु और बाबा के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें राजनीति में आना पड़ा। हेमंत ने राजनीति को नहीं बल्कि राजनीति ने हेमंत को चुन लिया। जिन्होंने आर्किटेक्ट बनने की ठानी थी, उनके ऊपर-अब झामुमो, आदरणीय बाबा और स्व. दुर्गा दा की विरासत तथा संघर्ष को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है। कल्पना लिखती हैं, हेमंत के लिए स्वर्गीय दुर्गा दा, सिर्फ बड़े भाई नहीं, बल्कि पिता तुल्य अभिभावक के रूप में रहे।

2006 में विवाह के उपरांत इस बलिदानी परिवार का हिस्सा बनने के बाद मैंने हेमंत का अपने बड़े भाई के प्रति आदर तथा समर्पण और स्वर्गीय दुर्गा दा का हेमंत के प्रति प्यार देखा है। कल्पना आगे लिखती हैं, झारखंड मुक्ति मोर्चा का जन्म समाजवाद और वामपंथी विचारधारा के समन्वय से हुआ था। झामुमो शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में तीन बार के भाजपा विधायक ने थामा कांग्रेस का हाथ



**रांची/नई दिल्ली।** मांडू विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे जयप्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा लिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय, दिल्ली में मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, झारखंड कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और झारखंड के संसदीय कार्य मंत्री और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के मौजूदगी में पटेल ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

मौके पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जेपी पटेल का कांग्रेस में शामिल होना झारखंड के लिए सुखद संकेत है। झारखंड और पश्चिम बंगाल के कई नेता हमारे संपर्क में है जो दूर दृष्टि रखते हुए कांग्रेस की नीतियों और भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर कांग्रेस की ओर हाथ बढ़ा रहे हैं। उन्होंने जेपी पटेल को बधाई देते हुए कहा कि इनके आने से न सिर्फ झारखंड, बल्कि अन्य राज्यों पर भी प्रभाव पड़ेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि डर और लालच के कॉकटेल के आगे जब सब लोग मस्तक हो रहे हैं तब इन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है। इसके लिए हम इन्हें बधाई देते हैं। जब देश में देश बेचने वाले और देश बचाने वाले की लड़ाई चल रही है तब जयप्रकाश भाई ने देश बचाने वालों का साथ देना उचित समझा। इनका यह निर्णय झारखंड की राजनीति में दुरगामी प्रभाव डालेगा।

आलमगीर आलम ने जेपी पटेल को बधाई देते हुए कहा कि संबंधों को निभाने में जयप्रकाश पटेल की अग्रणी नेताओं में शुमार है। जनप्रतिनिधि का सच्चा गुण इन में समाहित है जो आगे रहकर जनता के हितों के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि कांग्रेस के विचारधारा से प्रभावित होकर पटेल ने जो रास्ता चुना है। उससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में मजबूती शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सीआरपीएफ जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**चतरा।** जिले के वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र के केडिमो पोस्ट में सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। सीआरपीएफ 190 बटालियन के जवान निहाल सिंह ने बुधवार सुबह अपने सर्विस रायफल खुद को गोली मार ली। निहाल सिंह ने आत्महत्या क्यों की है, इसके पीछे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि आंशका जतायी जा रही है कि पारिवारिक कलेश की वजह से जवान ने आत्महत्या की है। मृतक जवान मूल रूप से राजस्थान के दौसा का रहने वाला था। घटना की सूचना पाकर वशिष्टनगर जोरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है।

## प्रेम प्रकाश-हेमंत सोरेन मामले में ईडी को दिखाया आईना

- आरोपी को जमानत नहीं मिले इसके लिए ईडी द्वारा बार-बार पूरक चार्जशीट देना गलत
- जांच पूरी नहीं होने का तर्क दे नहीं कह सकते कि तब तक मुकदमा शुरू नहीं होगा
- ताकि आरोपी को बिना ट्रायल के जेल में रहने के लिए मजबूर होना पड़े

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस संजीव खन्ना व जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने झारखंड के अवैध खनन मामले के आरोपी प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई के समय ईडी की ओर से बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट लगाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ईडी ऐसा इसलिए कर रही है, जिससे ट्रायल शुरू न हो पाए व आरोपी को जमानत न मिल सके। ईडी का यह रवैया गलत है। ऐसा करके किसी आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रख सकते। ऐसे मामले में फाइनल चार्जशीट 90 दिन के अंदर दायर होनी चाहिए। न्यायालय ने यह भी कहा कि इस मामले में आरोपी 18 महीने से जेल में है। इससे हमें परेशानी हो रही है। जब ईडी किसी आरोपी को गिरफ्तार करती है तो मुकदमा शुरू करना जरूरी होता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की कैद का भी जिक्र किया, जिनको ईडी ने फरवरी 2023 में शराब नीति मामले में गिरफ्तार किया था, और तबसे जेल में बंद हैं। मालूम हो कि प्रेम प्रकाश पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सहयोगी होने का आरोप है। इस सुनवाई में ईडी की तरफ से सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू पेश हुए। जस्टिस खन्ना ने उनसे कहा कि डिफॉल्ट बेल का उद्देश्य है कि जांच शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड हाई कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही राहुल गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया।

## एआई में दुनिया का नेतृत्व करेगा भारत : पीएम

- युवा इनोवेटर देश को आगे ले जाने के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में उभरेंगे
- ऐसे समाधान खोजें जो विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्त करने में मददगार हो



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारत एआई के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनेगा और इसके युवा इनोवेटर देश को आगे ले जाने के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में उभरेंगे। भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा और हम इस अवसर को जाने नहीं देंगे। उन्होंने युवा स्टार्टअप संस्थापकों से ऐसे समाधान खोजने का आह्वान किया जो न केवल देश को अपनी समस्याएं हल करने और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि विविध भौगोलिक क्षेत्र वाले देश में सफल, परखे हुए और भरोसेमंद नवाचार दुनिया में कहीं भी काम करेंगे।उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। सरकार ने पहली बार इस साल जी-20 एजेंडे में विकास के इंजन के रूप में स्टार्टअप का अध्याय पेश किया है, जिससे देश की नवोन्मेषी प्रतिभा दुनिया के नक्शे पर उभरेगी।

**स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र ने एक लंबा सफर तय किया :** पीएम मोदी ने बताया कि विज्ञान भवन में कुछ विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक छोटी सी सभा में उन्होंने पहली बार 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्टैंड अप इंडिया' आंदोलन शुरू किया था। इसके बाद से देश के स्टार्टअप पारिस्थितिकी शेष पृष्ठ 11 पर

## आजकल




## सीपी राधाकृष्णन ने तेलंगाना के राज्यपाल पद की शपथ ली



**हैदराबाद।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उनके कैबिनेट सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने राष्ट्रपति द्वारा जारी नियुक्ति वारंट पढ़ा, जिसमें झारखंड के राज्यपाल को अपने कर्तव्यों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने नियुक्ति का वारंट राज्यपाल को सौंप दिया। तमिलिसाई शेष पृष्ठ 11 पर

### पुराने दोस्तों को देख चहक उठीं महिला कर्मी, जमकर उड़े गुलाल

## दोस्तों के संग, दोगुना हुआ होली का उमंग

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** होली का मौसम हो तथा अचानक पुराने दोस्त नजर आ जायें। ऐसे में होली का उमंग स्वाभाविक रूप से दोगुना हो जाता है तथा बरबस ही मन पुरानी यादों में खो जाता है। देखते ही देखते गुलाल उड़ने लग जाते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा बुधवार को मेदिनीनगर के प्रसिद्ध जीएलए कालेज परिसर में देखने को मिला। जिले भर की महिला कर्मी वहां लोस चुनाव के लिये मतदान का प्रशिक्षण लेने आईं थी। इस दौरान काफी दिनों बाद सहकर्मियों को देख सभी खुशी से झूम उठीं। दोस्त मिले तो अनायास ही याद आया कि मौसम तो होली का है। फिर क्या था, देखते ही देखते अबीर-गुलाल भी आ गया तथा सभी के चेहरे रंगीन हो उठे। दो-चार महिलाओं से शुरू हुआ रंग-गुलाल का दौर धीरे-धीरे बढ़ने लगा। इसके बाद तो पूरा परिसर ही होली के रंग में रंगा नजर आने लगा। झारोटेफ की प्रांतीय प्रवक्ता पूजा सिन्हा ने बताया कि नौकरी में स्थानांतरण का क्रम जारी रहने से वे लोग मिलती-बिछुड़ती रहती हैं। लोकतंत्र के शेष पृष्ठ 11 पर



### पलामू के अपराधी राजू तिर्की व बिट्टू सिंह जिला बदर



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने 90 लोगों पर 107 की कार्रवाई करने के बाद दो लोगों को जिला बदर किया है। मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के बाहलोलवा निवासी कुख्यात अपराधी राजू तिर्की एवं हैदरनगर के बिट्टू सिंह को जिला बदर दिया गया है। अगले छह महीने तक दोनों आरोपित पलामू में नजर आते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बताया कि कई अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगाने का भी प्रस्ताव है।

## एसपी ने अति नक्सल क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिले में पारदर्शी व शांतिपूर्ण लोक सभा चुनाव कराने को लेकर सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस व झारखंड जगुआर पुलिस के आलाधिकारी जिले के सभी मतदान केंद्रों पर जाकर भौतिक निरीक्षण कर पूरी जानकारी हासिल कर रहे है। इसी क्रम में बुधवार को सीआरपीएफ के डीआईजी, पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, विश्रामपुर के एसडीपीओ आईपीएस राकेश सिंह, हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो के अलावे हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनील कुमार सिंह व पांडू थानाप्रभारी ने सुरक्षा बलों के साथ अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र महुदंड, लोहबंधा व केमो प्रतापपुर सहित कई बूथों का निरीक्षण कर वहां से जुड़ी सभी तरह की जानकारियां हासिल किया।

## इंडिया

# साइबर ठगी का वैश्विक केंद्र बनता झारखंड



सुनील बादल

**ऑस्ट्रेलिया** और यूके के नागरिकों से रांची से ठगों ने 47.40 करोड़ की ठगी की। दुनिया भर के देशों के लिए साइबर अपराध बड़ी चुनौती बन चुके हैं दुर्भाग्य से झारखंड इसका बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। सच तो यह है कि इंटरनेट ने भूगोल को इतिहास बना दिया है। इंटरनेट ने साइबर अपराधियों को उनके अपराध का पूरा ताना-बाना बुनने में मदद की है। ऐसे में, साइबर अपराधियों की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति राष्ट्रीय सरकारों के लिए मुसीबत बन गई है। जबकि, सरकारें साइबर अपराध को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय कानून अपना रही हैं।साइबर अपराधी जल्द पैसा कमाने के सारे हथकंडे जानते हैं। अपराधियों को पता होता है कि इंटरनेट उपयोगकताओं को विश्वास में लेकर कैसे आसानी से उन्हें अपना शिकार बनाया जा सकता है और पैसा कमाया जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आज सबसे बड़े अपराधों में एक हो गई है। आए-दिन हमारे आसपास का कोई न कोई व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बनता दिखता है। अनुमान है कि इंटरनेट का उपयोग करने वाला हर तीसरा व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ित है। अन्य क्षेत्रों की तुलना में आज ज्यादा से ज्यादा लोग बिना किसी प्रशिक्षण के इंटरनेट से जुड़ रहे हैं। और, जब व्यक्ति इंटरनेट से जुड़ता है, तो तमाम सूचनाओं और चुनौतियों के गहरे सागर में गोते लगाता है।भारत में साइबर धोखाधड़ी और अपराध एक तरह से कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है और यह तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में पहचान की चोरी, फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी भारत में सबसे प्रचलित तीन साइबर अपराध हैं। लेकिन समस्या यह है कि अपने देश में




साइबर अपराध के मामलों में सजा का अनुपात एक फीसदी से भी कम है। वर्तमान साइबर कानून बढ़ते हुए साइबर अपराधों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 में साइबर धोखाधड़ियों से निपटने के लिए कोई प्रत्यक्ष प्रावधान नहीं है। व्यावहारिक रूप से सभी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी में भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 420 के तहत पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन इसके बावजूद हम साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी संरचना और दूरसंचार नेटवर्क का दुरुपयोग होता देखते हैं।भारत सरकार साइबर अपराध और धोखाधड़ी को लेकर अत्यधिक चिंतित है। यही कारण है कि सरकार ने कुछ समय पहले 'संचार साथी' पोर्टल लॉन्च किया था। नागरिकों के हित में यह पोर्टल मोबाइल ग्राहकों को सशक्त बनाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें जागरूक बनाने के लिए दूरसंचार विभाग की बड़ी पहल है। संचार साथी के आने के बाद अब लोगों को पता चल जाता है कि उनके नाम पर कितने सिम कार्ड पंजीकृत हैं।इसके अलावा, हाल ही में भारत सरकार ने चक्षु पोर्टल लॉन्च किया है। लोग इस पोर्टल पर साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप आदि माध्यमों से होने वाली किसी भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। चक्षु ऑनलाइन धोखाधड़ी से लड़ने के लिए लोगों को शक्तिशाली बनाता है। इससे पहले व्यवस्था थी कि जब कोई साइबर अपराध का शिकार होता था, तो वह उसकी शिकायत कर सकता था। हालांकि नई सरकारी पहलों ने मौजूदा ढांचे के दायरे को बढ़ाया है। चक्षु का उद्देश्य धोखाधड़ी वाले संदेशों और संचारों को उजागर करना और उनका मिलान करना है। यह अंतिम पंक्ति के उपयोगकताओं को सशक्त बनाता है। चक्षु साइबर अपराध से निपटने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह सरकार को उन सभी संदिग्ध संदेशों और संचारों का भंडार बनाने की अनुमति देगा, जो साइबर अपराधियों द्वारा निर्दोष उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने के लिए तेजी से उपयोग किए जा रहे हैं।

## एक नजर

### जनक राम के निधन से समाज को अपूर्णनीय क्षति



**सगालीम।** कम्यूनिस्ट नेता कॉमरेड रविंद्र भुइयां के चाचा रामसागर निवासी जनक राम के आकस्मिक निधन पर जिला पार्षद खुशबू कुमारी ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जनक राम सदैव पिछड़ों व वंचितों के हित में संघर्ष करते रहे। उनके निधन से समाज को अपूर्णनीय क्षति हुयी है। सामाजिक बदलाव में भी वे सदैव आगे बढ़कर मोर्चा लेते रहे थे।

### विश्व गौरैया दिवस पर विचार गोष्ठी

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने विश्व गौरैया दिवस दिवस पर जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि आज का दिन पूरी दुनिया में गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर दिवस मनाया जा रहा है। गौरैया पक्षी विलुप्त होने के कगार पर है। चिड़िया अब दिखाई नहीं दे रही है। ऐसी स्थिति में यह जरूरी हो गया है कि पर्यावरण और सृष्टि के संरक्षण कायम रखने के लिएसब मिलकर संरक्षण के प्रति संजीदा होकर विचार करें। गौरैया पक्षी के अस्तित्व पर संकट न सिर्फ गौरैया पक्षी के लिए है बल्कि मनुष्य के लिए भी खतरनाक है। गौरैया पक्षी का अस्तित्व बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने राज पक्षी घोषित किया है ।

### बुद्धिजीवियों ने कहा- बालिकाओं को गांव में ही मिलेगी प्लस टू की सुविधा

## उच्च विद्यालय को अपग्रेड किये जाने से हर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज को प्लस-टू का दर्जा प्रदान किये जाने से नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा 12 मार्च को राज्यपाल के आदेश के अनुपालन के क्रम में 166 सरकारी उच्च विद्यालयों को प्लस-टू में उत्क्रमण की स्वीकृति दी गयी है। अब इन विद्यालयों को स्तरोन्नत प्लस-टू उच्च विद्यालय के नाम से जाना जायेगा। लोगों ने इसे होली के मौके पर राज्य सरकार का बड़ा तोहफा बताया है। इससे इस प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक पास विद्यार्थी खासकर, छात्राओं को आगे की पढ़ाई में काफी राहत मिलेगी। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, प्रमुख अर्चना देवी, उप प्रमुख नगीना सिंह, राकांपा प्रखंड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, कमला देवी, उमेश राम, प्रिया सिंह, पंसस ममता देवी, उप मुखिया रविरंजन सिंह, पूर्व मुखिया पंचम खान, प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी रामजन्म राम आदि ने इसे शासन की सराहनीय पहल बताया है।

### भाजपा ने किया बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, बोले सांसद

## जीत सुनिश्चित कराने में जुट जायें कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** भारतीय जनता पार्टी हरिहरगंज प्रखंड के कार्यकर्ताओं का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को रानी मैरिज हॉल में आयोजित किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम व संचालन भीमसेन शर्मा ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव भ्रमण कर जनसंपर्क करने की जरूरत है। साथ ही लोगों को केंद्र सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराते हुये उन्हें भावी योजनाओं से भी अवगत कराना है। मौके पर कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार सिंह, स्थाई प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रफुल्ल सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, सत्येंद्र मेहता, मंडल मंत्री सनोज गुप्ता, सत्येंद्र पासवान, दिनेश गुप्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल मौजूद थे।




### सड़मा-छतरपुर कॉलेज मोड़ के समीप भीषण हादसा

## बस-पिकअप की टक्कर में तीन गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** स्थानीय फोर लेन हाईवे पर बुधवार सुबह घटित सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजे सडमा छतरपुर कॉलेज मोड के निकट एचपी पेट्रोल पंप के सामने फोरलेन सड़क पर डालटनगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार सब्जी लोड पिकअप और छतरपुर तरफ से आ रही बस की फोरलेन क्रॉस करने के क्रम में आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिसमें पिकअप सवार तीन व्यक्ति घायल हो गये। हादसे में बस के यात्रियों को भी चोटें आयी हैं। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर उपचार के लिये मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने एचपी पेट्रोल पंप के पास फोर लाइन कट पर बार-बार हो रही दुर्घटना पर आक्रोश जताते हुये कट बंद करने की मांग की है। घटना के बाद मौके पर पहुंची छतरपुर पुलिस द्वारा अभी तक क्षतिग्रस्त पिकअप को मौके से नहीं हटाने पर कभी भी भीषण हादसे की आशंका बनी हुयी है।



### कांग्रेस में जेपी पटेल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**हुसैनाबाद।** मांडू के विधायक जेपी भाई पटेल के बुधवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाने के बाद अबीर-गुलाल लगा कर हर्ष का इजहार किया। प्रदेश नेता धनंजय तिवारी, जिला महासचिव कमल कुमार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय, नसीम अहमद व पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जगदीश राम आदि ने कहा कि श्री पटेल के कांग्रेस में आने से आगामी लोकसथा चुनाव में झारखंड को नई दिशा मिलने के साथ ही दशा बदलेगी।

## बराही धाम परिसर में दोगोला कार्यक्रम का लोगों ने उठाया लुत्फ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिले के चर्चित बराही धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम समिति के तत्वावधान में दोगोला कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धाम के पुजारी दिलीप मिश्रा व अजीत चौबे ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुजारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों के बीच एकजुटता बढ़ती है। कार्यक्रम में बिहार से आये कलाकार चंदन यादव और झारखंड के कलाकार विपिन बिहारी पाठक को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। श्रीराम स्तुति और बजरंग बली की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। देर रात तक सभी ने दोगुला कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

## सांसद ने दिवंगत रेल अभियंता को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के साथ कई भाजपा नेताओं ने बुधवार को हरिहरगंज शहर के कोशडीहरा निवासी सेवानिवृत्त रेलवे अभियंता दिवंगत विवेकानंद मिश्रा के आवास पर जाकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। विदित हो कि एक दैनिक अखबार के प्रतिनिधि राजीव रंजन मिश्रा के पिता सेवानिवृत्त रेलवे अभियंता विवेकानंद मिश्रा का कुछ दिन पहले आकस्मिक निधन हो गया था। निधन कि सूचना मिलने के बाद सांसद परिजनों से मिलने पहुंचे थे। सांसद ने कहा कि स्व. मिश्रा लोगों के सुख-दुख में सदैव खड़े रहते थे। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेता विनोद सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, प्रफुल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

### चतरा लोक सभा को लेकर संशय बरकरार

**किस धड़े से किसको मिलेगा टिकट, लग रहीं अटकलें**

**पांकी।** झारखंड के चर्चित चतरा लोकसभा को लेकर चुनाव की तिथि घोषित होने के एक सप्ताह बाद भी संशय बना हुआ है। किस धड़े से किसको टिकट मिलेगा इसे लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं। लोकसभा क्षेत्र के चौक-चौराहों पर इन दिनों लोस चुनाव की चर्चा का केंद्र बिंदु बना हुआ है। इस बार यहां सभी की जुबान पर स्थानीय उम्मीदवार की मांग जोरों पर है। लोगों का कहना है आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी चतरा से किसी भी दल ने स्थानीय उम्मीदवार नहीं उतारा है। बाहरी सांसदों ने हमेशा क्षेत्र की उपेक्षा ही की है। शायद जनता का मूड भांपकर ही किसी भी दल ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले है। सत्ताधारी भाजपा के साथ ही विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन में उम्मीदवारी को लेकर घमासान मचा है। बहरहाल सभी को बेसब्री से उम्मीदवारों की घोषणा का इंतजार है।

## होली मिलन में खूब उड़े गुलाल, फाग गीतों पर झूमे श्रोता



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में बुधवार को होली मिलन समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने फीता काट कर किया। श्री शुक्ला ने कहा कि रंगों का त्योहार होली उल्लास का पर्व है। पर्व हम सबको एक दूसरे से जोड़ता है। इसलिए सभी को मिल जुलकर इस पर्व को मनाना चाहिए। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभाकामनायें दीं। समारोह में भोजपुरी के प्रसिद्ध गायकों के होली गीतों पर श्रोता खूब झूमे। नर्तकियों ने भी अपने नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। मौके पर डॉ. डीपी शुक्ला, सीताराम चौबे, प्रो.नंदलाल शुक्ला, अजब नारायणं शुक्ला, मार्कण्डेय चौबे, ओम प्रकाश शुक्ला, आलोक शुक्ला, लालबाबू शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला मौजूद थे।

### अष्टभुजी देवी धाम प्रांगण में होली मिलन

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर।** नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला स्थित अष्टभुजी देवी धाम मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, संत पॉल कान्वेंट स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,एसएस सतीश कुमार व समाजसेवी श्याम किशोर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। समारोह की अध्यक्षता प्रमोद दीक्षित व संचालन टुनटुन दीक्षित ने किया। समारोह में गायकों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाये। मौके पर ज्वाला गुप्ता, बबन पाठक,रामचंद्र साव, गोविंद सिंह, नीरज दीक्षित, कौशल दीक्षित, श्रीकांत दीक्षित, रविशंकर तिवारी मौजूद थे।

### कम राशन देने का लगाया आरोप, जताया रोष

## एमओ व डीलर के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** सेमरी गांव के ग्रामीणों ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदार विनय माझी के खिलाफ कम राशन देने के आरोप लगाते हुये सड़क पर उतर आये। सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने पहुंच कर जन वितरण के लाभुकों से मिलकर उन्हें भरोसा देते हुये रोड जाम नहीं करने के लिये मनाया। लाभुकों का कहना था की डीलर के द्वारा किसी लाभुक का दो महीने से राशन वितरण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। एक माह पूर्व ही इस संबंध में एमओ सखी चंद दास को अवगत कराया गया था। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से डीलर की मनमानी जारी है।

## त्योहार पर जिले में ड्राइ फ्रूटस का बढ़ता कारोबार

**मेदिनीनगर।** होली का त्योहार को लेकर मेदिनीनगर बाजार में ड्राई फ्रूट्स की दुकानों पर रौनक लौट गयी है। ड्राई फ्रूटस बाजार में पहुंच चुके हैं। ड्राई फ्रूटस की खरीददारी सामान्य तपके के लोग आसानी से कर पाते हैं क्योंकि इसकी कीमत उच्च गुणवता वाले ड्राई फ्रूटस से कम होती है। पलामू में होली त्योहार पर 30 से 40 लाख रुपए का ड्राई फ्रूटस का कारोबार होता है। कम गुणवता वाले ड्राई फ्रूटस में दुकानदारों को मुनाफा भी ज्यादा मिलता है। जबकि उच्च गुणवता वाले ड्राई फ्रूटस दुकानदारों को कम मुनाफा मिलता है। इस कारण अधिकांश दुकानों में उच्च गुणवता से ज्यादा निम्न गुणवता वाले ड्राई फ्रूटस से भरे पड़े हैं। पप्पू टी सेंटर के आदिल ने कहा कि उनके यहां ड्राई फ्रूटस में कोई मिलावटी नहीं होता है,बल्कि इसमें गुणवता के कारण दामों में अंतर पड़ता है। जो निम्न क्वालिटी के ड्राई फ्रूटस होते हैं वह उच्च गुणवता वाले ड्राई फ्रूटस के कीमत से काफी कम होते हैं। उन्होंने कहा कि उनके यहां अंजीर 600 रुपए से लेकर 850 रुपए किलो तक उपलब्ध है। खजूर 150 से लेकर 600 रुपए तक, पिस्ता बादाम 560 रुपए से लेकर सात सौ रुपए तक, किसमिस 180 रुपए से लेकर 260 रुपए तक, छोहाड़ा 180 रुपए से लेकर 380 रुपए तक उपलब्ध है। पलामू में सभी तरह के ड्राई फ्रूटस मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता आदि महानगरों से पहुंचता है। पर्व-त्योहारों में गांवों के गलियों में घुमघुकर ड्राई फ्रूटस बेचने वाले निम्न क्वालिटी के ड्राई फ्रूटस को उच्च क्वालिटी का बताकर उंचे दामों में बेचते हैं।

### कुशवाहा महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का होली मिलन सह सम्मान समारोह बैरिया चौक स्थित होटल ब्लू बडर्स में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता महासभा के पलामू जिलाध्यक्ष अजित कुमार मेहता ने किया। मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश मेहता,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र कुशवाहा,डा श्याम बिहारी महतो, शिव प्रसाद मेहता, प्रकाश महतो, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। महासभा ने अतिथियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों को माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। साथ ही कुशवाहा भवन में छात्रावास निर्माण में सक्रिय सहयोग करने वाले लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश मेहता ने कहा कि बदलते परिवेश में समाज के लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। एकजुटता एवं जागरूकता से ही कुशवाहा समाज का विकास होगा। भवन का निर्माण किया गया है । इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र कुशवाहा ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया।डा श्याम बिहारी महतो ने समाज की दशा दिशा में सुधार के लिए शिक्षा पर जोर दिया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे महासभा के जिला अध्यक्ष अजीत मेहता ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही बदलाव आयेगा।

### कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, जताया हर्ष

## पूर्व डीआईजी बने आजसू के केंद्रीय महासचिव

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर।** अनुमंडल क्षेत्र के नौडीहा बाजार के तरीडीह निवासी पूर्व डीआईजी संजय रंजन सिंह के आजसू पार्टी का महासचिव बनने की खबर लगते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। बुधवार को उनके घर वापस आने पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला देकर उनका स्वागत किया। नौडीहा बाजार में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो के सिद्धांतों को आगे बढ़ाना ही उनका प्रमुख ध्येय है। मौके पर पूर्व विधायक सह उपाध्यक्ष शिवपूजन मेहता ने झारखंड निर्माण में सुदेश महतो तथा आजसु पार्टी के विचारों पर प्रकाश डाला। प्रखंड प्रमुख रेशम देवी ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड की जड़ से जुड़ी है। साथ ही संजय रंजन भी अपने क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित व्यक्ति हैं।

**अभियान**

### अवैध शराब व विस्फोटक के साथ दो गिरफ़्तार, भेजे गये जेल

## लोस चुनाव को लेकर पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र से तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने अवैध शराब व विस्फोटक पदार्थ के साथ दो युवकों सहित तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापेमारी के क्रम में पुलिस ने मंगलवार की रात में गुप्त सूचना के आधार पर खामडीह पूर्णाडीह निवासी सुधीर कुमार साव पिता रमेश साव के किराना दुकान पर धावा बोला। इस दौरान वहां से विभिन्न ब्रांडों के चार कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी को धर दबोचा। दूसरी तरफ मुरमा के पास स्थित एक घर से विस्फोटक के साथ धीरेन्द्र कुमार सिंह पिता सुखलाल सिंह निवासी ग्राम कुसडी थाना पांकी को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गुलशन कुमार सिंह पिता लक्ष्मण सिंह ग्राम चियांकी सुआ सदर थाना के विरुद्ध सतबरवा थाना में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी क्रम में पुलिस ने मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुये आरोपी आशीष पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि लोस चुनाव को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। विशेषकर अवैध शराब व विस्फोटक को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही है।




### अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार, वाहन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**मनातू।** पुलिस ने गश्त के दौरान भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को धर दबोचा। जबकि अंधेरे का लाभ उठाकर एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। पुलिस बरामद शराब सहित वाहन को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निर्मल उरांत के नेतृत्व में गश्त के दौरान पुलिस ने एक वाहन को रुकने का इशारा किया। वाहन रुकते ही वाहन सवार उतरकर भागने लगे। जिस पर पुलिस ने पीछा कर एक व्यक्ति को धर दबोचा। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम जाहिद अंसारी उम्र 29 वर्ष पिता फरीद अंसारी निवासी ग्राम रुदीडीह थाना नावा जयपुर बताया। उसने भागने वाले व्यक्ति का नाम सुनील प्रसाद बताया है। पुलिस फरार युवक की तलाश में जुट गयी है।

## अर्चना का हुआ सहायक जूनियर सचिव पद पर चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के पकरी गांव निवासी नरेंद्र दुबे की पुत्री अर्चना कुमारी ने हायर सेकेंडरी स्तरीय स्टाफ सलेक्शन कमीशन की परीक्षा में सफलता अर्जित किया है। अर्चना का चयन भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सहायक जूनियर सचिव के पद पर हुआ है। अर्चना कुमारी विगत तीन वर्षों से मेदिनीनगर स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्य करते हुए अपनी पढ़ाई कर परीक्षा की तैयारी की एवं यह सफलता हासिल की है। वह अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटी है। 12वीं तक की पढ़ाई विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन एवं ग्रेजुएशन जीएलए कॉलेज से की है। उन्होंने कहा कि मध्यम परिवार में आने वाले आर्थिक समस्याओं से जुझते हुए वह सरकारी नौकरी का ख्वाब बचपन से ही पाल रखी थी, परंतु उसे असफलता का भी डर था। अर्चना को कैरियर प्लेटफार्म के संचालक गगन , यूट्यूब पर रानी मैम और नवीन जैसे शिक्षकों से ऑनलाइन माध्यम से मार्गदर्शन मिला। उन्होंने कहा कि जब वह लिस्ट में अपना नाम ऑल इंडिया 28 वां स्थान पर देखी तो विश्वास ही नहीं हुआ परंतु अपने पिता के नाम देखकर वह भावुक हो गई। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता बसंती देवी, पिता नागेंद्र दुबे, बहन शिखा दुबे, भाई आयुष दुबे एवं कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के सभी सहयोगी शिक्षकों को दिया है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

अधिवक्ता समाज के आधार स्तंभ हैं। उन्हें सदैव सामाजिक तरक्की के साथ न्याय के प्रति लोगों में भरोसा जागृत करने की दिशा में प्रयासरत रहना चाहिए।

जयकिशोर पाठक, कोषाध्यक्ष, अधिवक्ता संघ पलामू।

## नये ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर नवागत ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के छह मुहान चौक के पास बुधवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बगैर हेलमेट पहने वाहन चला रहे एक दर्जन से अधिक वाहनों का चालान काटा गया। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया की आये दिन लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इसके बाद भी लोग हेलमेट पहनने को लेकर जागरूक नहीं हो रहे हैं। उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करते हुये सुरक्षित वाहन चालन के लिये प्रेरित किया।



गर्मी के शुरू में ही सूखा तालाब आसन्न जल संकट का दे रहा संकेत। (छाया-भोला)

### आयुक्त ने मतदान केंद्र भ्रमण कर किया निरीक्षण, दिये निर्देश

# दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की सुविधाओं का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने बुधवार को जिले के पांकी, छतरपुर एवं डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान आयुक्त पांकी विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय मुंदरिया (लेस्लीगंज )में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 122 और 123 पर आवश्यक जानकारी लेने के साथ राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय तरहसी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 82 और 83, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरका, तरहसी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 79 एवं 80 तथा राजकीय कृत्य मध्य



विद्यालय पकड़ी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 77 का भ्रमण किया। विदित हो कि आयुक्त मतदान केंद्रों का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन कर रहे हैं। विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर का सहयोग लेने तथा मतदान केन्द्रों पर सुलभ शौचालय, पेयजल, चिकित्सा किट आदि बुनियादी सुविधाओं की भी समीक्षा कर रहे हैं। आयुक्त ने छतरपुर एवं डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, पांकी के प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण कुमार भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शहरी क्षेत्र में गहरा रहा पेयजल संकट

**मेदिनीनगर।** बसपा के लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार सोनी एवं जिला अध्यक्ष अजय भारती ने नगर निगम क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट पर चिंता जतायी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के प्रारंभ में ही शहर के कई मोहल्ले पूरी तरह ड्राई हो चुके हैं। जबकि गर्मी का प्रचंड रूप आना अभी शेष है। उन्होंने कहा कि जल संकट दूर करने की दिशा में नगर निगम व पीएचईडी का प्रयास नाकाफी साबित हो रहा है। ऐसे में आवश्यक हो गया है कि शहर स्थिति सभी जलस्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनका समुचित संरक्षण कराया जाये। क्योंकि जब तक जल स्त्रोतों में जल नहीं रहेगा। तब तक पाताल की राह पकड़ चुके भू-गर्भ जल स्तर को बरकरार रखना संभव नहीं है।

### शहर में खुला इलेक्ट्रिक ऑटो का प्रतिष्ठान

**मेदिनीनगर।** स्थानीय टीवी टावर रोड में उड़ान इलेक्ट्रिक ऑटो के शोरूम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्याम नारायण दुबे के द्वारा किया गया। मौके पर श्री दुबे ने कहा कि बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण समाज का हर वर्ग प्रभावित है। ऐसे में इलेक्ट्रिक ऑटो वर्तमान समय की जरूरत है।

### जिला प्रशिक्षकों के नेतृत्व में 100 मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रियाओं की दी जानकारी

# 44 कक्षों में 2650 मतदाता कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण







**पहली पाली में महिला कर्मी व दूसरी पाली में प्रशिक्षण से वंचित कर्मियों ने लिया प्रशिक्षण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोस चुनाव-2024 के मद्देनजर बुधवार को स्थानीय जीएलए कालेज में 44 कक्षों में 2650 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। चार जिला प्रशिक्षकों के नेतृत्व में 100 मास्टर ट्रेनरों ने कर्मियों को मतदान से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं की विधिवत जानकारी दी। इस दौरान जीएलए कालेज में मेले सा दृश्य बना रहा। जिले के सभी 22 प्रखंडों से पहुंचे कर्मियों के साथ उनके परिजनों की भीड़ से संपूर्ण परिसर खचाखच भरा रहा। प्रशिक्षण की प्रथम पाली में कालेज के ए ब्लाक के 19 व बी ब्लाक के 25 कक्षों में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ईवीएम व वीवीपैट के संचालन, मतपत्र भरना, मतदाता सूची से मिलान सहित मतदान से संबंधित समस्त कार्यकलापों की बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिये नामित 1745 में से 1651 महिला कर्मियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। प्रशिक्षण से वंचित महिला कर्मियों का होली के बाद किसी कार्यदिवस पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। दूसरी पाली में पूर्व के प्रशिक्षण से वंचित 1015 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण को लेकर विशेषकर महिला कर्मियों में व्यापक उत्साह देखा गया। बतौर जिला प्रशिक्षक अमरेंद्र पाठक, अशोक सिंह व रामानुज प्रसाद ने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन किया। प्रशिक्षण के मध्य डीडीसी रवि आनंद ने जीएलए कालेज पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**जीएलए कालेज प्रांगण में मेले सा दृश्य, उत्सव सरीखा माहौल**

### पेयजल के साथ प्राथमिक उपचार का भी प्रबंध

गर्मी के मौसम को देखते हुये प्रशिक्षण स्थल पर जहां पेयजल की समुचित व्यवस्था की गयी। वहीं किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये प्राथमिक उपचार के प्रबंध के साथ स्वास्थ्य टीम भी मुस्तैद रही।

### कॉलेज मोड़ से रेड़मा तक भीषण जाम



प्रशिक्षण के कारण कर्मियों की उमड़ी भीड़ के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी। प्रथम पाली का प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद जब घर वापसी के लिये एक साथ हजारों महिलायें बाहर निकली तो जीएलए कालेज से रेड़मा तक भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी।

# होली के मद्देनजर पीटीआर प्रबंधन ने बढ़ाई चौकसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी होली त्योहार को लेकर पलामू टाइगर रिजर्व ने चौकसी बढ़ा दी है। सभी पेट्रोलिंग चौकियों को अलर्ट मोड में रखा गया है। विदित हो कि होली के शुरूआती दिनों में देखा गया है कि शरारती तत्व हिरण का शिकार करने की जुगत में लग जाते हैं। इसके लिये बंदूक की जगह वे लोग तार से बने विशेष प्रकार के फंदे का प्रयोग करते हैं। जिससे कोई आवाज न हो तथा वे अपने मंसूबे में भी सफल हो जायें। फंदे में विशेष प्रकार का गांठ लगाकर वे जल स्त्रोतों के नजदीक रख देते हैं। इस दौरान पानी पीने के लिये उधर आने वाले हिरण, चीतल व अन्य वन्य जीव आसानी से फंदे में फंस जाते हैं। उसके बाद वे उससे निकलने के लिये जितना जोर लगाते हैं। फंदा उतना ही कसता जाता है।

### वन कर्मियों की छुट्टियां रद्द

पलामू टाइगर रिजर्व उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि उत्तरी प्रमंडल में हिरण और चीतलों की तादात काफी अधिक है। उनकी मुकम्मल सुरक्षा के लिये वन्य कर्मियों ,वन रक्षक, ट्रैकर की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। पलामू किला सहित पीछे के रास्ते पर गश्त बढ़ा दिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों का होली के पर्व पर किसी प्रकार का गैर कानूनी कार्य न करने का आह्वान किया है। साथ ही जल स्त्रोतों के आसपास कड़ी चौकसी बरती जा रही है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ऑनलाइन मोड में लोकसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की

# सभी कार्यालयों के बाहर वीएचए ऐप से संबंधित बैनर लगवाने के निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने जिले के सभी बीडीओ-सीओ से कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप को क्रियाशील रखते हुए मतदाता प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दें साथ ही खुद को भी इस तरह के गतिविधि में शामिल होने पर बल दिया।इसके अलावे उन्होंने एएसडी वोटर का सभी स्तर का मार्किंग करने के निर्देश दिये।वहीं न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी स्कूलों में शौचालय को दुरुस्त रखने की बात कही।वे आज एनआईसी के सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों,बीडीओ-सीओ के साथ लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

### एवीएससी व एवीपीडी वोटरों की भी हुई समीक्षा

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से एवीएससी व एवीपीडी वोटरों की सूची बनाने के निर्देश दिये ताकि उसी के अनुरूप ऐसे सभी मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान की सारी तैयारियाँ समयपूर्व पूरी कर ली जाएँ, ताकि पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को मतदान करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने पाए।इस हेतु संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपने सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के पोस्टल बैलेट से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया के सभी तकनीकी पहलूओं से अनिवार्यरूपेण पूर्णतः प्रशिक्षित होना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बीएलओ को उनके दायित्वों के विष के बारे में अच्छे ढंग से जानकारी रहे,यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये साथ ही वोटर स्लीप का ससमय वितरण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।उन्होंने सभी कार्यालयों के बाहर वीएचए एप से संबंधित बारकोड युक्त बैनर लगवाने की बात कही ताकि लोग कोड को स्कैन कर ऐप डाउनलोड कर सकें।इस दौरान एनआईसी के सभागार से उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता,उप निर्वाचन पदाधिकारी,समेत अन्य रहे।वहीं वर्चुअल मोड से सभी बीडीओ-सीओ उपस्थित रहे।

### दूर नहीं हो रहीं बुनियादी समस्यायें

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के ग्राम केल्हार स्थित चरखूं कोरवा के आवास पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की बैठक शिवनाथ कोरवा की अध्यक्षता में की गयी। इस दौरान पार्टी के जिला सचिव रुचिर तिवारी ने केल्हार, करसो एवं पचलेवा में जन समस्याओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने रोष जताते हुये आरोप लगाया कि जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण जिले की बुनियादी समस्यायें कम होने की जगह बढ़ती ही जा रही हैं। इससे जन मानस की स्थिति में कोई बदलाव होता नहीं दिख रहा है। मौके पर वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता शमसुद्दीन अंसारी, किसान नेता रामराज तिवारी, अंचल सचिव प्रभु साव, शंभू सिंह चेरो,अभय कुमार भूइयां ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर बागेश्वर कोरवा,दिनेश कोरवा, शिवनाथ कोरवा,मोहन कोरवा आदि ने भाकपा की सदस्यता ग्रहण की।

### प्रसूतियों के सुरक्षित प्रसव के साथ नवजातों के लिये आईसीयू की व्यवस्था

# स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में अग्रणी सेवा सदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रकाश चन्द जैन सेवा सदन अस्पताल पलामू प्रमण्डल में विगत 49 वर्षों से निरन्तर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां प्रसूतियों के सुरक्षित प्रसव के पश्चात वातानुकूलित आधुनिक उपकरणों से युक्त ऑब्जर्वेशन रूम तथा नवजात शिशुओं हेतु आधुनिक सुविधाओं एवं तकनीकों से युक्त तीन एनआईसीयू की व्यवस्था है। एक माह से अधिक उम्र के शिशुओं के लिये आपात स्थिति में वातानुकूलित आधुनिक सुविधाओं एवं उपकरणों से युक्त पीआईसीयू की व्यवस्था उपलब्ध है। मरीजों के लिये वातानुकूलित आधुनिक सुविधाओं से युक्त बारह डिलक्स रूम तथा बारह बेड का वातानुकूलित डोरमेट्री रूम अस्पताल को विशेष बनाता है। जिला स्कूल रोड पर स्थित चिकित्सालय में न्यूरोसर्जरी, यूरोलॉजी और कार्डियोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक सहित उन्नत इंडोस्कोपी इकाई और अत्याधुनिक आईसीयू सुविधा भी है। प्रख्यात जनरल सर्जन एमएस डॉ. अंकित वर्मा की देखरेख में मरीजों का समुचित उपचार व परामर्श दिया जा रहा है।



### संस्था में मौजूद सुविधायें

लेंस प्रत्यारोपण विधि से मोतियाबिन्द का ऑपरेशन,रंगीन सोनोग्राफी,एक्सरे,24 घंटे प्रसव की व्यवस्था,एनआईसीयू में बच्चों के लिए अत्याधुनिक मशीन द्वारा न्यूनतम दर पर उपचार, मरीजों के लिए लिफ्ट की सुविधा, पाइप लाइन से आक्सीजन सुविधा, अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था।

## राहत

### पीटीआर क्षेत्र में इस साल अब तक अगलगी की कोई घटना नहीं : उपनिदेशक

# आंधी-पानी के कारण दावानल से सुरक्षित रहा पीटीआर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण मार्च महीने के प्रारंभ से ही झारखंड में रह-रह कर आंधी-पानी का दौर जारी रहने से मार्च महीने के उत्तरार्द्ध तक पीटीआर में अगलगी की कोई घटना सामने न आने से प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि अमूमन पलामू टाइगर रिजर्व में जमीनी जंगल के आग लगने का अलर्ट 15 फरवरी से ही मिलने लगता है, लेकिन इस वर्ष लगातार आ रही आंधी-पानी के कारण वन क्षेत्र अभी तक आग से सुरक्षित रहा है। वनरक्षी गुरुदयाल सिंह ने बताया कि वन कर्मियों द्वारा समीप स्थित गांवों का चक्रमण कर नागरिकों को आग के प्रति सचेत किया जा रहा है। ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि कहीं भी आग लने पर तत्काल इसकी सूचना वनकर्मियों को दें।

### पीटीआर में बहुतायत में हैं बांस

पीटीआर में बांस बहुतायत में पाये जाते हैं। पतझड़ में इसकी पत्तियों में आग लगते ही सतह पर आग की लपटें तेजी से फैलने लगती हैं। गुरुदयाल सिंह ने बताया कि जंगल के आग को पानी से कभी भी नहीं बुझाया जा सकता है। इस पर काबू पाने का एक ही उपाय है। आग लगे हिस्से को गड्ढा खोदकर अन्य हिस्सों से अलग कर।

**गर्मी में भड़के दावानल पर काबू पाने की प्रबंधन के समक्ष गंभीर चुनौती बनी रहती है**

### 25 जून तक पहुंचता है मानसून

केरल में मानसून आने के एक पखवारे बाद पलामू प्रमंडल में इसका प्रवेश होता है। ऐसे में अमूमन यहां 25 जून के आसपास ही मानसून पहुंच पाता है। उससे पूर्व गर्मी में भड़के दावानल पर काबू पाने की प्रबंधन के समक्ष गंभीर चुनौती बनी रहती है। सामान्यतः महुआ चुनने के लिये साफ-सफाई के दौरान आग लगाने अथवा तेज धूप व लू में स्वतः लगने वाली आग के कारण वन्य जीवों एवं वनस्पतियों के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो जाता है।



# दो ड्रग तस्करों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व सत्र न्यायाधीश सह एनडीपीएस एक्ट के स्पेशल जज नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने दो ड्रग तस्करों को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास व दो-दो लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में मेदिनीनगर सदर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी गौतम कुमार ने 14 अप्रैल 2023 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर थाना अनर्गत रमजानपुर निवासी ट्रक ड्राइवर मोहम्मद फैजान व ट्रक ऑनर शहजाद के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अभियुक्तों पर आरोप था कि चियांकी चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग के दौरान उनके ट्रक से 300 खाली प्लास्टिक के कैरेट के नीचे 54 बोरा 700 किलोग्राम डोडा पकड़ा गया था। आरोपी खूंटी से माल लेकर यूपी के मुजफ्फरनगर ले जा रहे थे। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ सजा सुनायी है। मामले में अभियोजन की तरफ से स्पेशल पीपी एनडीपीएस अनुराग सिंह ने बहस की। उन्होंने सरकार की तरफ से जोरदार पक्ष रखा था।

**दो-दो लाख रुपये का लगा जुर्माना, अर्थदंड नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त जेल**



## एक नजर

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

**चिनिया।** थाना परिसर के सभागार में होली त्योहार को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रमुख सुनैना देवी की उपस्थिति में आयोजित बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमित कुमार ने की। इस बैठक में सर्वसम्मति से रंगों का पर्व शांति पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देते हुये दूसरों को भी इसके प्रति सचेत करना है। होली पर बगैर प्रशासनिक स्वीकृति के डीजे बजाने व जुलूस निकालने की मनाही है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। साथ ही अवैध शराब के कारोबारियों पर भी नकेल कसा जायेगा। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिये पुलिस पूरी तरह तैयार है। इस दौरान मौके पर मौजूद बुद्धिजीवियों ने भी अपने सुझाव दिये। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। मौके पर अंचल निरीक्षक विनय कुमार गुप्ता, एएसआई सुखराम उरांव, बबन टुडू, कपिल प्रसाद, चंद्रिका सिंह, मुखिया रामेश्वर सिंह, बंधु राम, सुरेंद्र प्रसाद, ताहिर अंसारी, तैयब अंसारी उपस्थित थे।

### बालिका को सर्प ने डंसा, गंभीर

**गढ़वा।** खरौंधी थाना क्षेत्र के कूपा गांव निवासी कांग्रेस सिंह की तीन वर्षीय पुत्री चंचला कुमारी को सर्प ने डंस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि चंचला कुमारी अपने घर में ही खेल रही थी। इस दौरान सर्प ने उसके पैर में डंस लिया। इसकी जानकारी मिलने पर स्वजनों ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

### युवती ने खाया कीटनाशक, रेफर

**गढ़वा।** ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के लहर बंजारी गांव निवासी भुवनेश्वर चौधरी की पुत्री पूनम कुमारी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों द्वारा सदर अस्पताल में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि स्वजनों ने घरेलू कामकाज को लेकर पूनम को डांट लगायी थी। इससे गुस्से में आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी मिलने पर स्वजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

टैक्स नहीं देने पर कार्रवाई की चेतावनी, 12 बकायेदारों को थमाया नोटिस

# होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर नपं सख्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** नगर पंचायत श्रीबंशीधर नगर क्षेत्र में बकाया होल्डिंग टैक्स पर नगर पंचायत ने सख्त रूख अख्तियार किया है। उनके विरुद्ध नगर पंचायत ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने वाले एक दर्जन लोगों को दूसरा नोटिस थमाया है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाले मकानों का होल्डिंग टैक्स लोग तत्काल नगर पंचायत कार्यालय में जमा कर दें। वैसे मकान मालिकों को होल्डिंग टैक्स बकाया रखने पर पहले नोटिस भेजी गई थी। इसके बाद भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किये हैं। उन्हें दूसरी नोटिस भेजी गई है। जिन्हें नोटिस दिया गया है उनमें जांगीपुर निवासी रमेश प्रसाद पिता शंभू प्रसाद, श्रीबंशीधर नगर निवासी पवन कुमार पिता राम नंदन प्रसाद, अधौरा ग्राम निवासी चंद्रमोहन प्रताप देव पिता बैद्यनाथ देव, बंशीधर नगर निवासी अतुल कुमार पिता स्व. महेंद्र प्रसाद, बहियारी निवासी राजेश कुमार पिता अशोक साव, चचेरिया निवासी प्रकाश कुमार पिता हरगोविंद चौरसिया तथा धमनी निवासी अजीमुल्लाह अंसारी का नाम शामिल है। दिए गए नोटिस में समय अवधि के अंदर होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करते हैं तो इन सभी का अकाउंट फ्रीज किया जाएगा साथ ही विभाग के द्वारा कार्रवाई भी की जाएगी। सभी को 31 मार्च तक टैक्स जमा करने की हिदायत दी गयी है।






**नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाले मकानों का होल्डिंग टैक्स लोग तत्काल नगर पंचायत कार्यालय में जमा कर दें : अमरेंद्र चौधरी**

# घर वापस लौट रहा प्रवासी मजदूर लापता

### बेंगलुरू से आने के क्रम में रास्ते में ही ट्रेन से उतरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के राजी सरपलिया का एक मजदूर बेंगलुरु से घर वापस आने के क्रम में बीच रास्ते में ही ट्रेन से उतरने के बाद से लापता है। इसे लेकर मजदूर के घर वाले काफी परेशान हैं। मजदूर के पिता सुग्रीव उरांव ने खरौंधी पुलिस प्रशासन से मिलकर खोजने में सहयोग करने का आग्रह किया है। पिता सुग्रीव ने बताया कि उनका 20 वर्षीय पुत्र मंगरु चार माह पूर्व गांव के ही अपने दोस्तों के साथ बेंगलुरु मजदूरी करने गया था। चार माह के बाद गांव के ही रामदेव उरांव के साथ वह घर वापस आ रहा था। भीड़ अधिक होने के कारण दोनों अलग-अलग बोगी में सवार हुये थे। बीच में पड़ रहे स्टेशनों पर वे आपस में मिलते भी थे। इसी दौरान किसी स्टेशन पर वह उतर गया। सुग्रीव के न मिलने से रामदेव ने तत्काल इसकी सूचना उसके पिता को दी।




गुणवत्ता की अनदेखी पर रोका जायेगा कार्य, होगी कार्रवाई

# पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता, प्रमुख खफा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को प्रखंड के पाचाडुमर गांव में उरांव टोला आंगनबाड़ी केंद्र से मुख्य पथ तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रमुख ने पाया कि जिला योजना अनाबद्ध निधि योजना से 20 लाख रुपये की लागत से बन रहे सड़क निर्माण में मानक से कम मात्रा में सोलिंग और मिट्टी युक्त बालू बिछाया गया है। जबकि बीच सड़क पर जर्जर पुलिया के पास गढ्ढा को छोड़ दिया गया है। इससे कभी भी यहां दुर्घटना हो सकती है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि संवेदक मनमाने तरीके से जैसे-तैसे सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराने की फिराक में है। उन्होंने कहा मानक के अनुरूप सोलिंग व अन्य सामग्री और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण संवेदक द्वारा नहीं कराया गया तो कार्य को बंद कराकर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर ग्रामीण सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, प्रताप साह, बबलू प्रसाद, अशोक गुप्ता, लगनी देवी, मोहन उरांव, शिव पूजन उरांव, विकास, संजय मेहता मौजूद थे।

# वाहन पड़ाव स्थल न होने से लग रहा जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के डंडई गांव में प्रखंड कार्यालय, थाना भवन, अंचल निरीक्षक व राजस्व कर्मचारी भवन का निर्माण हुये कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक वाहनों के पड़ाव स्थल चिन्हित नहीं हो पाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि डंडई हाट से सटे रकबे में गैर मजरुआ भूखंड पड़ा हुआ है। ऑटो पड़ाव नहीं होने के कारण राहगीरों को खासकर हाट के दिन उक्त रास्ते से आवागमन करने वाले लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। चिन्हित स्थल नहीं होने के कारण ऑटो चालक अपने-अपने वाहन सड़क के किनारे इधर-उधर खड़ा कर आराम फरमाते रहते हैं। इससे अक्सर सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। बुधवार को डंडई गांव में लगने वाले साप्ताहिक हाट के दिन समस्या और भी विषम हो जाती है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि इसका प्रमुख कारण विभागीय निष्क्रियता है। लोगों का कहना है कि बाजार के बगल में ही गैर मजरूवा भूमि खाली है। उसी भूमि पर पड़ाव स्थल बना दिये जाने से लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही शेड का निर्माण हो जाने से यात्रियों सहित वाहन चालकों को भी काफी सहूलियत होगी। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।



# खरौंधी थाने में शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** स्थानीय थाना परिसर में होली पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर बीडीओ रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें प्रखंड प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों व समाजसेवियों के अलावे दोनों समुदाय के लोग बैठक में शामिल हुए। सभी लोगों ने सर्वसम्मति से प्रखंड में सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने का निर्णय लिया। वहीं लोगों ने एक स्वर में कहा प्रखंड में आज तक सभी त्योहार को दोनों समुदाय के लोग मिलजुलकर मनाते आये हैं। 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर पर्व मनायें। पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, बीडीओ रविंद्र कुमार , थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी आदि ने सभी को प्रेम के साथ होली मनाने के लिये प्रेरित किया। बैठक में अंचल अधिकारी सुनील कुमार, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास,उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य,पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, मझिगावां मुखिया पति सतीश राम, विवेकानंद यादव, उपेंद्र कुमार भारती,कृष्णा राम, मानिक सिंह, देववंश गुप्ता, रामनाथ बैठा उपस्थित थे।

**सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने का निर्णय**

पीएम मोदी के कार्यों से प्रभावित होगा थाना बीजेपी का दामन

# समर्थकों संग युवा समाजसेवी मारुति नंदन भाजपा में शामिल

**प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर किया स्वागत**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने बीजेपी का दामन थामने के पश्चात बुधवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि डेढ़ दशक से अधिक समय तक कांग्रेस के लिए कार्य किया, लेकिन उसकी नीतियों से आजिज आकर पिछले 16 जनवरी को उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने बताया कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को कांग्रेस पार्टी के द्वारा ठुकराये जाने के समय से ही वे आहत थे। राजनीति अपनी जगह है, किंतु आराध्य के प्रति निष्ठा सबसे ऊपर है। श्री सोनी ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के चौमुखी विकास से प्रभावित होकर उन्होंने बीजेपी में शामिल होने का निर्णय लिया है। अब लोस चुनाव पीएम मोदी के विजन अबकी बार 400 पार को हासिल करना ही एकमात्र लक्ष्य है। रांची में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। मौके पर प्रेमानंद त्रिपाठी,विवेक सोनी, विजय साव,उपेंद्र कुमार, धर्मेंद्र पांडे उपस्थित थे।

## रोजगार सेवकों के स्थानांतरण से परेशानी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने उप विकास आयुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर भवनाथपुर पंचायत के रोजगार सेवकों का स्थानांतरण अविलंब रोकने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि रोजगार सेवकों का स्थानांतरण किए जाने से सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर इसका प्रतिकूल असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं का सुचारु तरीके से क्रियान्वयन के लिये स्थानांतरण रोकने की मांग की है।

भंडरिया पुलिस कर रही मामले की जांच, लोगों में रोष

# नशीले ड्रग कारोबारी सहित तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** बड़गड़ पुलिस पिकेट द्वारा नशीले ड्रग के कारोबारी महेंद्र प्रसाद, खरीदार छत्तीसगढ़ के कुसमी निवासी नस्तर रब्बानी उम्र लगभग (20) वर्ष एवं अहमद रजा उम्र लगभग (28) वर्ष को गिरफ्तार कर भंडरिया थाने के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में बताया गया कि नस्तर रब्बानी एवं अहमद रजा मंगलवार की रात्रि में नशीले दवा का सेवन कर बड़गड़ उगरा रोड में घूम रहे थे। इस बीच रात्रि करीब 10 बजे स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखकर उन पर नजर रखना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि नस्तर रब्बानी स्थानीय मस्जिद में घुसकर मोबाइल फोन लेकर भागने की फिराक में लगा था। तभी ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पूछताछ प्रारंभ किया। इस दौरान उसने बताया कि दुर्गा ड्रग स्टोर के संचालक महेंद्र प्रसाद से नशीली दवा का अधिक डोज लेने की वजह से वह रास्ता भटक गया। ग्रामीणों ने जब उसकी तलाशी लेनी शुरू की तो उसके पॉकेट व बाइक से नशीली दवा का सीसी एम्पुल बरामद हुआ। बाद में ग्रामीणों ने दोनों संदिग्ध युवकों को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बड़गड़ पिकेट प्रभारी विजय शंकर राय ने बताया कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। खबर लिखे जाने तक भंडरिया पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है । ग्रामीण एनुल हक, मंसूर अंसारी, सदर बिस्मिला अंसारी, फिदा हुसैन, सद्दाम अंसारी आदि ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



# श्रीकृष्ण गोशाला में संगीतमय सुंदर कांड पाठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मानस मंडली विशुनपुर इकाई द्वारा साप्ताहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ के क्रम में मंगलवार की शाम श्रीकृष्ण गौशाला परिसर सोनपुरवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मानस की चौपाईयों के संगीतमय गायन की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मानस मंडली और श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्रीराम दरबार और श्रीराधाकृष्ण दरबार के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया। इस दौरान मंत्रोच्चार के साथ पूजा-आरती और शंख ध्वनि भी किया गया। मानस मंडली के सदस्यों ने कहा कि मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ अपने-अपने घरों में अवश्य करना चाहिए। सुंदरकांड पाठ करने से घर में सुख-शांति की प्राप्ति होती है तथा विश्व का कल्याण होता है। इससे पूर्व श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक ने मंडली के सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर होली गीतों की भी प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के अंत में महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानस मंडली के अरुण दुबे, बृजेश कुमार पांडेय, आत्मा पांडेय, अशोक पटवा, द्वारिकानाथ पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्र, सतीश चौबे, सियाराम पांडेय, मार्कंडेय तिवारी, सीएस दुबे, आनंद मिश्र उपस्थित थे।

वन विभाग के गेस्ट हाउस में बैठक कर की मंत्रणा, वांछितों के धर-पकड़ पर जोर

# लोस चुनाव को लेकर यूपी-झारखंड पुलिस की संयुक्त रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बॉर्डर पर स्थित वन विभाग गेस्ट हाउस में बुधवार दोपहर सीमावर्ती यूपी के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर संयुक्त रणनीति बनायी गयी। बैठक में नगर ऊंटारी थाना प्रभारी आदित्य नायक, खरौंधी थाना प्रभारी अनिमेष शांति केयरी, धुरकी थाना प्रभारी प्रभारी उपेंद्र कुमार व पुलिस अवर निरीक्षक रतन कुमार सिंह, श्रीबंशीधर नगर डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह सहित सोनभद्र जिला के क्षेत्राधिकारी दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल, क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ. चारू द्विवेदी, विंढमगंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम बिहारी,कोन थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने वांछित अभियुक्तों की धर-पकड़ को लेकर विचार-विमर्श किया। अधिकारियों ने बॉर्डर क्षेत्र में अपनी नजर बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स के पोस्ट, यातायात के दौरान चेकिंग के लिए विभिन्न मार्गों पर बैरियर लगाने के संबंध में भी मंत्रणा की। दुद्धी क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए फोर्स व प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है।



## सद्भावना

### धुरकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन, बनी रूपरेखा

# उल्लास का पर्व है होली, मिलकर मनाने से मिलती है खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने की। बैठक में धुरकी व सगमा प्रखंड के दोनो समुदाय के प्रबुद्धजन मौजूद थे। मौके पर एसडीपीओ ने कहा की आचार संहिता को देखते हुए त्योहार मनाना है। होली पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारा का पर्व है। प्रेम पूर्वक हर्षोल्लास के साथ पर्व मनायें। जिससे सभी लोगों के बीच भाईचारा बनी रहे। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। किसी व्यक्ति को जबरन रंग न लगाएं, ताकि कोई विवाद ना हो। पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने कहा की थाना क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी नशीले पदार्थ का कारोबार होता है तो उसकी जानकारी पुलिस-प्रशासन को दें। होली के मद्देनजर किसी प्रकार के माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले लोगों की सूचना दें, ताकि समय पर कार्यवाई किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर करने वाले को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस इस पर विशेष नजर रखेगी। शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक का संचालन पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव ने किया। इस दौरान सगमा बीडीओ सत्यम कुमार, धुरकी सीओ जुल्फिकार अंसारी, प्रमुख शांति देवी, सगमा प्रमुख अजय साव, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, सगमा के पुर्व जिला परिषद सदस्य नंदगोपाल यादव, मुखिया सगुनी राम, महबूब अंसारी, रघुनाथ सिंह, साबिर अंसारी, इस्लाम खान, इंद्रमणि जयसवाल, दामोदर जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रामप्रवेश गुप्ता, अखिलेश यादव, शहादत अंसारी मौजूद थे।



**आचार संहिता को देखते हुए त्योहार मनाना है। होली पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारा का पर्व है। प्रेम पूर्वक हर्षोल्लास के साथ पर्व मनायें। जिससे सभी लोगों के बीच भाईचारा बनी रहे। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्य्ओहार है। किसी व्यक्ति को जबरन रंग न लगाएं, ताकि कोई विवाद ना हो : एसडीपीओ**

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास से मनायें होली पर्व

**भवनाथपुर।** स्थानीय परिसर में बीडीओ नंदजी राम की अध्यक्षता होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में बीडीओ नंदजी राम ने उपस्थित दोनों समुदाय के लोगो से होली पर्व शांति वातावरण तथा भाई चारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने उपस्थित लोगों से होलिका दहन को लेकर स्थल और सुरक्षा व्यवस्था तथा होली के दिन पूर्व में घटित किसी प्रकार की समस्या से संबंधित जानकारी ली। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि होली पर्व में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही होली शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर अवैध महुआ शराब पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने के लिये क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्ती दल को तेज करने के साथ ही जुआरियों और हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी, मकरी पंचायत के मुखिया पति धनंजय साह, सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, सुरेश गुप्ता, उप प्रमुख मंटू टोप्पो,वरुण उपस्थित थे।

**अवैध महुआ शराब पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने के लिये क्षेत्र में लगातार पुलिस गशती दल को तेज करने के साथ ही जुआरियों और हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।**



## एक नजर

### सी ब्लूज कॉमर्स पीवीटी ने किया होली मिलन का आयोजन

**चतरा।** जिला अंतर्गत पर्यटन स्थल भेड़ी फॉर्म में सी ब्लूज कॉमर्स पीवीटी कंपनी से जुड़े लोगों ने होली मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को किया। समारोह की अध्यक्षता राज कपूर सिंह व संचालन संस्था से जुड़े बिरेंद्र यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रुप में जनार्दन पासवान उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करने के उपरांत अतिथि को पुष्प गुच्छ दे कर किया गया। इस दौरान बताया गया कि जिस तरह ऑनलाइन काम करती है। इसके द्वारा कंपनी मोबाइल व डीटीएच रिचार्ज के साथ बिजली बिल, होटल बुक व कैशबैक की सारी सुविधा देती है। मौके पर कंपनी से जुड़े दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला संगोष्ठी का अयोजन

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एकल नारी द्वारा महिला संगोष्ठी का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षताबीडीओ अजय कुमार ने व संचालन आरती चौरसिया ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत महिलाओ द्वारा गीत संगीत एवं नारो के साथ की गई। मौके पर विशिष्ट अतिथियों को महिलाओ द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ ने संगीत में बेहतर करने को लेकर महिला लीलावती देवी एवं सहयोगी आरती चौरसिया को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रीति गुड़िया, आशा देवी, सोमरी देवी, कुंती देवी सहित अन्य महिलाए मौजूद थी।

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी नित्यानंन्द दास ने किया। बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस शुभम खंन्डेलवाल, पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह,चिकित्सा प्रभारी संजीव कुमार व प्रमुख पति कपिल पासवान समेत दोनो सामुदाय के लोग उपस्थित हुए। साथ ही शराब पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध रहेने की बात कही गई। साथ ही कहा कि असमाजिक तत्व को पुलिस चिन्हित कर अग्रेतर कारवाई की जा रहा है। अगर कोई व्यक्ति क्षेत्र में असमाजिक्ता फैलाने की कोशिश किया तो उन पर कारवाई की जाएगी।

### शांति व सौहार्द के साथ मनाई जाएगी होली

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को होली पर्व को लेकर टंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ देवलाल उरांव व संचालन इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने किया। बैठक में होली त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाने के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि रंगों का प्रयोग सद्भावना को ध्यान में रखकर किया जाएगा। जबरन अथवा दुर्भावना से रंग लगाना अपराध की श्रेणी में है।

# चतरा में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई 1188 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान लगातार चलाया जा रहा हैं। अवैध शराब व शराब कारोबारियों से संबंधित उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन कर छापामारी का निर्देश दिया गया। छापामारी दल के द्वारा बुधवार को हंटरगंज थाना के सहयोग से थाना क्षेत्र अंतर्गत जबड़ा जंगल में विभिन्न स्थानों पर रखे गए 42 पेटी में 1188 बोतल अवैध विदेशी शराब को जब्त किया गया। जिसमें रॉयल प्लस विशकी 750 एमएल 10 पेटी, रॉयल प्लस विशकी 180 एमएल 11 पेटी, इंपीरियल ब्लू विशकी 750 एमएल 05 पेटी, इंपीरियल ब्लू विशकी 375 एमएल 12 पेटी व मैकडेवलस नंबर 1 विशकी 180 एमएल 04 पेटी कुल 372.600 लीटर बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग 3 लाख रुपए है। अधीक्षक



उत्पाद के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि शराब की यह खेप सम्भवतः होली पर्व पर खपाने के लिए लाई गई थी। आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं कारोबारियों के विरुद्ध सतत सघन छापामारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगी। छापामारी में अवर निरीक्षक उत्पाद अभिषेक आनंद, प्र. अवर निरीक्षक उत्पाद आशीष कुमार पांडेय, जिला उत्पाद कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पुलिस बल एवं गृह रक्षक बल, हंटरगंज थाना की टीम समेत अन्य संबंधित शामिल थे।

## बारियातू पुलिस ने किया 4.77 किलो अफीम बरामद , प्राथमिक दर्ज

**बालूमाथ/बारियातू।** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू थाना अंतर्गत श्रीसामाध ग्राम स्थित निजी आवास से अफीम बरामद किया गया है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू थाना क्षेत्र के बालूभांग निवासी विमल गंझु के पिता जगदीश गंझू के घर में अफीम का गादा रखा हुआ है। जिस सूचना की पुष्टि के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर के नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त व्यक्ति के घर छापामारी किया गया तो 4.77 की अफीम का गादा बरामद किया गया है। इस मामले में आरोपी विमल फरार है। जिस पर पुलिस थाने में कांड संख्या 16 / 24 दर्ज कर अग्रसर कार्रवाई में जुट गई है। बरामद अफीम का बाजार में कीमत लाखों रुपए की बताई जा रही है। इस छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी के अलावे सनी छोटू पंडा सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## रहमतों व बरकतों का महीना है रमजान : डॉ शम्स राजा

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा** मुस्लिम धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र माह रमजान चल रहा है। इस माह में मुस्लिम समुदाय रोजा रखने के साथ साथ कई तरह के कार्य करते हैं। पवित्र माह रमजान के बारे में शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक सह युवा समाजसेवी डॉ शम्स राजा ने बताया कि रमजान रहमतों व बरकतों का महीना है। यह साल में एक बार आता है। जिसका इन्तेजार मुस्लिम समुदाय बड़ी बेसब्री से करता हैं। इस माह में रोजा रखा जाता है,तरावीह की नमाज अदा की जाती है। सदका और जकात अपनी संपत्ति के हिसाब से निकालकर गरीबों में बांटना हर मुसलमान के लिए जरूरी होता है। उन्होंने आगे बताया कि इसी माह कुरान शरीफ दुनिया में नाजिल (अवतरित) हुई थी। रमजान में कुरान शरीफ को पुरी कसरत के साथ पढ़ना और सुन्ना वाजिब है। हमारे नबी ने फरमाया है कि तुम गुनाहों से परहेज करो, गरीबों, मजलूमों, जरूरतमंदों की मदद किया करो तुम जितनी लोगों की मदद करोगे उतना ही अल्लाह तुमसे खुश होगा। रमजान पांचों वक़्त नमाज पढ़ने,गुनाहों से बचने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने की सीख देता है।



### लग रहीं अटकलें, किसके माथे ताज

**पांकी।** झारखंड के एक चर्चित चतरा लोकसभा आज तक लोकल चतरा लोकसभा का संसद नहीं बन पाना या दुर्भाग्य बोलें या चतरा लोकसभा का कीर्तिमान माने यह बड़ी चुनौती पूर्ण बन गई है। चतरा लोकसभा के अंतर्गत क्षेत्र के अन्य कार्यकताओं में तथा चतरा लोकसभा के अंतर्गत चचाएं काफी शोर मचा रही है। कोई भी केंद्रीय पार्टी अभी तक चतरा लोकसभा के लिए उम्मीदवार दाखिल नहीं कर पाना बहुत बड़ा दुर्भाग्य दशार्ता है। आखिर अबकी बार किसकी सजेगी ताज, चतरा लोकसभा का सांसद का है इंतजार। चतरा लोकसभा में ऐसे आम सर्वे में अधिकांश जनता की चाहत है की कोई भी केंद्रीय पार्टी हो लेकिन लोकल उम्मीदवार हीं हो। चतरा संसदीय क्षेत्र को लेकर कौन बनेगा करोड़पति में अमिताभ बच्चन सवाल भी कर चुके हैं।

# जो पार्टी घोषणा पत्र में आंदोलनकारियों की बात करेगी, संघर्ष मोर्चा उसे समर्थन देगा

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह ।** झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय कार्यालय मे केन्द्रीय कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विदेशी महतो ने किया। मोर्चा के संस्थापक और महासचिव पुष्कर महतो ने कहा कि हम लड़ाई लड़ कर अलग झारखण्ड राज्य की स्थापना करायी है। 23 बर्ष बिताने के बाद भी अब तक झारखण्ड आन्दोलनकारियो को मान सम्मान पेंशन या कहें कि सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है। अब हमारी लड़ाई झारखण्ड को सुन्दर बनाने के लिए है। 9 मार्च को आर्थिक नाकेबंदी के सफलता ने झारखंड आंदोलनकारियों के मांग को राजनीतिक पटल पर ले आया। हम लोकसभा चुनाव मे झारखंड में अपनी भूमिका अदा करेंगे। हमारे पास झारखण्ड के 14 लोक सभा प्रत्याशी की आवेदन आयी है, जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा केन्द्रीय कमेटी की समीक्षात्मक बैठक में करेंगे। मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि झारखण्ड आन्दोलनकारियों की समस्या को जो भी राजनीतिक दल अपनी चुनावी घोषणा पत्र में लाती है, झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा उनके दल ओर प्रत्याशी पर बिचार कर पुरजोर समर्थन पर भी विचार करेगी। राज्य के सत्ताधारी दल का मुखिया खुद को आन्दोलनकारी कहता है मगर इनकी सोच आन्दोलनकारियों के समस्या के विपरीत है। झारखंड राज्य को जिस तरह से कलंकित किया गया है , मोर्चा उस कलंक को मिटाने का संकल्प लेती है। जल जगंल जमीन पर झारखण्डी का अधिकार हो। रोजगार के लिए झारखण्डी जनता का विस्थापन बंद हो। हमारे पास लोक सभा के संभावित प्रत्याशी की सूची में धनबाद विदेशी महतो, लोहरदगा स्टीफन किंडो, पलामू गणेश रवि, चतरा से अली हसन अंसारी,रांची जितेन्द्र सिंह, दुमका जितना कोल, जमशेदपुर भूनेश्वर महतो, पश्चिमी सिंहभूम दामु बानरा , हजारीबाग गौरांग राय का आवेदन मोर्चा के पास आया है।



## पत्रकार की मां के असामयिक निधन पर शोक

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड अंचल के राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता हिमांशु सिंह की 64 वर्षीय माता मुन्नी देवी पति मुरलीधर सिंह ग्राम दिग्घी का ह्रदय गति रुक जाने से असामयिक निधन हो गया है। मंगलवार को सैनिक अस्पताल रामगढ़ में अंतिम सांसे लीं। दिवंगत काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। उनका सैनिक अस्पताल से इलाज चल रहा था। बीच में वह स्वस्थ्य हो गईं थीं। लेकिन,मंगलवार को अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। मौके पर बड़े पुत्र पत्रकार हिमांशु सिंह तत्काल उन्हें सैनिक अस्पताल रामगढ़ में दाखिल कराया, जहां डाक्टरों की काफी कोशिश के बावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका और उनका निधन हो गया। अस्पताल से उनके पार्थिव शरीर को घर लाया गया। जहां बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अचानक क्रूर काल ने पुत्र से माता की ममता का आंचल छीन लिया। दिवंगत अपने तीन बेटों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनके असमय निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर मुखिया मंजीत सिंह रामनाथ यादव, अशोक कुमार, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, समाजसेवी सीताराम सिंह, डीलर संघ अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, के सभी मीडियाकर्मी, पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। साथ ही पत्रकारों ने गहरी संवेदना प्रकट की।




कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
( E-MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ....................../ लोहरदगा, दिनांक..................../

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 232 दिनांक– 14.03.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-39/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 322666 Lohardaga (23-24)#D द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 323190 (Lohardaga)23-24*D


### लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु बुधवार को चतरा कॉलेज चतरा में कुल 11 प्रखंड के पीपी 1, पी 2, पी 3 पोलिंग कर्मियों का ईवीएम संचालन से संबंधित प्रशिक्षण कुल दो पाली में दिया गया। प्रथम पाली में चतरा, हंटरगंज, प्रतापपुर, पत्थलगडा कुल चार प्रखण्डों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं द्वितीय पाली में कुन्दा, लावालौंग, सिमरिया, कान्हाचट्टी, मयूरहंड तथा इटखोरी प्रखण्डों से आए कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञात हो कि गुरूवार को टण्डवा प्रखण्ड का प्रथम एवं द्वितीय पाली में सीसीएल, एनटीपीस एवं अन्य कर्मियों को पी, पी 1, पी 2, पी 3 का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण प्रथम पाली 10:00 से 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली 02:00 से 05:00 बजे तक चतरा कॉलेज चतरा में आयोजित किया जायेगा।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता पहुंचे हंटरगंज चुनाव में अपनी जीत का किया दावा

नवीन मेल संवाददाता

**हंटरगंज(चतरा)।** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता मंगलवार को हंटरगंज प्रखंड पहुंचे। इस दौरान प्रखंड के डटमी सप्ताहिक हार्ट में 22 मार्च को होने वाले जिला स्तरीय होली मिलन समारोह की तैयारी का जायजा लिया। मौके पर कई निर्देश दिया। उन्होंने चतरा लोक सभा से चुनाव को लेकर राजद कोटे से लड़ने की बात कही और पलामू और चतरा से रिकॉर्ड तोड़ जीत का दावा किया। साथ ही कहा इस बार बाहरी भीतरी का कलंक मिटाना है और सत्यानंद को जितना है। चतरा का विकास और बाहरी का विनाश करना है। भुईयां और भोक्ता मिलकर काम करेंगे पोक्ता। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बिहार के सुपर स्टार भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम होगी। इसके अलावे जिले के तमाम राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, सिद्धेश्वर यादव, लीला यादव, बैजनाथ यादव, जय राम भारती, मनीष यादव, संजय पासवान सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



### स्थानीय उम्मीदवार को मौका देने की मांग

**हंटरगंज(चतरा) ।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा से स्थानीय और कर्मठ उम्मीदवार को प्राथमिकता ऐसी राय आम जनता के बीच से निकल कर सामने आ रही है। आम जनता से बात चीत करने से ये पता चल रहा है कि इस बार आम जनता इतिहास बदलने को लेकर जोर दे रहे हैं। उनका कहना है कि सालों से चतरा लोकसभा सीट पर बाहरी सांसद बनते आये हैं, पर इस बार स्थानीय उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाये, ताकि उनके द्वारा चुने गये सांसद उनके सुख दुख में साथ रहे और उनकी परेशानी से निजात दिला सके। कुछ लोगों ने पूर्व सांसदों के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि विकास से सम्बन्धित कोई भी कार्य नहीं हुआ है। चुनावी मुद्दों की बात की जाये, तो अभी तक पाण्डेयपुरा को प्रखंड और पाण्डेयपुरा में थाना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दा अभी तक विचाराधीन स्थिति में है।

### नदी किनारे व कर्माटांड़ के जंगल में लहलहा रहे हैं अफीम के पौधे

**लातेहार ।** पुलिस एवं वन विभाग के द्वारा लगभग 50 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट के बाद लातेहार चतरा सिवाना क्षेत्र के अमानत नदी के किनारे और बालूभांग के कर्मताड़ के जंगल में अफीम की खेती लगी हुई है। सूत्रों कि माने तो अफीम के सौदागर इस अफीम के पौधे को चीरकर नशीली पदार्थ गादा के रूप में लगभग निकाल चुके हैं, जो अब पुलिसिया सूचना तंत्र के बाद अफीम के गादा पकड़े जा रहे हैं । अफीम युवा पीढ़ी और आने वाले जेनरेशन के लिए बहुत ही हानिकारक जहर है। जिसे ग्रामीणों को बहला फुसलाकर अफीम माफिया और समर्थक नक्सली इसकी खेती को करवाकर महानगरों में बेच मोटा पैसा बना रहे हैं। इधर अफीम की खेती को न करने एवं रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता के साथ-साथ कार्रवाई भी निरंतर की जा रही है। उसके बावजूद भी अफीम का खेती होना और बड़ी बात है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। बहरहाल जो भी हो पुलिस अफीम माफियाओं पर नकेल कसने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

सूचना

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि **PR संख्या–322744 (Building)23-24 (D)** एवं अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**36/2023-24** द्वारा प्रकाशित निविदा के क्र0सं0–01 से 03 तक सभी योजनाओं को **अपरिहार्य कारण वश रद्द** किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 323186 Building (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
( E-MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ....................../ लोहरदगा, दिनांक........................../

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 219 दिनांक– 11.03.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-33/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 322183 (Lohardaga) 23-24 (D) द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 323182 Lohardaga (23-24)_D


# होली-ईद पर सोशल मीडिया में पोस्ट और डीजे में बजने वाले गाने पर पुलिस की पैनी नजर

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ ।** थाना परिसर में बुधवार को अंचलाधिकारी तृप्ति विद्या कुजुर के अध्यक्षता में होली - ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । बैठक में मुख्य रूप से सीओ ,थाना पुलिस के अलावे प्रखंड प्रमुख ममता देवी एवं पंचायत के प्रतिनिधि के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता और समाजसेवी, आम एवं खास लोग उपस्थित रहे। मौके पर भाजपा नेता गिरधारी यादव ने अपने मंतव्य में कहा कि बालूमाथ बहुत सुरक्षित और शांत रहा है। भाड़े के घरों में बाहरी लोग देखे जा रहे हैं, कोई अनुचित कार्य न करें, जिसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ आम जनों को जागरूक होने की आवश्यकता है। मौके पर भाजपा नेता शैलेश सिंह ने कहा कि बालूमाथ में त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मानते आई है। यह इतिहास बालूमाथ में हमेशा बरकरार रहेगा। साथ ही यह भी कहा कि त्योहार जॉली मुड में मनाने की आवश्यकता है । पर सरकारी गाइडलाइन से हम प्रभावित होने लगे हैं। मौके पर सुरेंद्र उरांव में कहा कि त्योहारों में कोई राजनीति ना हो तो वह त्यौहार आनंदमय और यादगार बन जाती है। मौके पर कई वक्ताओं ने अपने मंतव्य को रखा । वहीं सीओ तृप्ति विद्या कुजूर ने होली और ईद का अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि आचार संहिता के बीच त्योहार मनाया जाएगा । जिसको लेकर लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसा कोई काम ना करें, जिससे आपसी सौहार्द शांति भंग हो अगर किसी प्रकार की कोई शांति भंग करने का कोशिश करता है, तो उसे अविलंब रोक दें और संबंधित थाना को इसकी जानकारी दें। मौके पर एस आई अमित कुमार ने कहा सोशल मीडिया और क्षेत्र के चप्पे चप्पे में पुलिस की पैनी नजर है। अगर कोई भी शांति व्यवस्था को भंग करने का कोशिश करेगा तो उसे कानून दंडित किया जाएगा।



### संवेदनशील जगहों और असामाजिक तत्वों पर रहेगी गश्ती दल की नजर

**महुआडांड़ ।** महुआडांड़ थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को आदर्श आचार संहिता की नियम की जानकारी दी।वही अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने लोगो से सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने का अपील करते हुए कहा कि रंगो का त्योहार होली भाई चारा स्थापित करने का त्योहार है। रमजान एवं होली का त्योहार को हर कोई भाईचारा के साथ मनाए। संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी।साथ ही गश्ती दल नियुक्त किए जाएंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, समाज को जागरूक रहने की जरूरत है । सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी । कोई भी बात पोस्ट करने से पहले तथ्यों की जांच कर लें । असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। जोर जबरदस्ती किसी को रंग न लगायें । कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो अविलंब थाना को सूचना दी जाय। वहीं बैठक के दौरान होली के उपलक्ष पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी समाज के प्रमुख जनों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही सभी अनुमंडल वासियों को होली का अग्रिम बधाई दिया।


कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा

आम सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, गढ़वा के अंतर्गत नावघाटों का वर्ष 2024–25 के लिए खुली डाक से दिनांक–22.03.2024 दिन शुक्रवार को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में बंदोबस्ती हेतु तिथि निर्धारित है। लोकसभा आम चुनाव 2024 की तिथि की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहने के कारण नावघाट का बंदोबस्ती सम्भव नहीं है।

अत: लोकसभा आम चुनाव 2024 सम्पन्न होने / आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहने तक नावघाट बंदोबस्ती स्थगित किया जाता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 323166 (Rural Development)23-24*D

## एक नजर

### पिकअप-बाइक में टक्कर, तीन घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में राइडर मोटरसाइकिल सवार दो घायल जबकि पिकअप सवारी को हल्की चोट आई है। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ एन एच 143 ए पर अरु चौक के समीप हुई सड़क दुर्घटना में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन घायल हो गया। जिसमें दो लोगों का स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है। बताया जाता है कि दोनो वाहन घाघरा की ओर से आ रहा तथा। तभी पिकअप जेएच 08 बी 1330 वाहन से राइडर मोटरसाइकिल जे एच 08 जे 9942 ओभर टेक कर रहा था कि पिकअप चालक का बैलेंस बिगड़ गया। राइडर मोटरसाइकिल को अपने चपेट में लेते हुए विपरीत दिशा में पेड़ से टकराते हुए बचा। दोनों घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के उगरा कटहल टोली निवासी किरपु महली के पुत्र दीपक महली तथा दशरथ महली के पुत्र गुंजन महली के रूप में किया गया। जबकि तीसरा घायल युवक की पहचान नही हुआ। घटना की सूचना प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही उनके निर्देश पर एसआई मनोज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त राइडर मोटरसाइकिल तथा सवारी पिकअप को जब्त कर थाना लाया। घायलों को इलाज हेतु ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया।

### सरकार ग्रीन कार्ड धारकों को राशन मुहैया कराने में फेल : कंवलजीत सिंह

**लोहरदगा।** झारखंड में 15 नवंबर 2020 को झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत बड़े ही तामझाम के साथ ग्रीन कार्ड योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत ऐसे परिवारों को 1 रुपए में 5 किलो चावल देने की बात की गई। मगर हकीकत यह है पिछले कई महीनों से झारखंड के लगभग ऐसे 15 से 16 लाख कार्डधारियों को चावल नसीब नहीं हो रहा हैं। आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव कंवलजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभ से वंचित लोगों को राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में ग्रीन कार्ड योजना की शुरूआत हुई।

# तेज हवा और गर्जन के साथ हुई झमाझम बारिश



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड मुख्याल सहित और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार की रात तेज गर्जन के साथ बारिश हुई। बारिश के साथ तेज हवा भी चल रही थी। बारिश से आम की मंजरियों को तो फायदा हुआ। लेकिन बारिश के साथ हो रही तेज हवा से कई स्थानों में मंजरियां झड़ कर जमीन में गीर गई। इससे कई किसानों को काफी नुकसान हुआ। तेज हवा के कारण महुआ, चिरौंजी आदि फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। इधर बारिश के बाद मौसम में उतार चढ़ाव देखा गया। दोपहर में जहां गर्मी का एहसास हो रहा था। वहीं सुबह और शाम हल्की ठंड का भी एहसास हुआ। मौसम के इस उतार चढ़ाव के बीच सर्दी, खांसी का प्रकोप भी बढ़ गया है। सदर अस्पताल से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में सर्दी, खांसी के मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।

## बेमौसम बरसात से कीचड़ों में तब्दील हुई सड़क



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में विगत दो तीन दिन से रूक-रूक कर हो रही लगातार वर्षा से जनजीवन बेहाल हो गया है। लोहरदगा जिले में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। बुधवार की दोपहर बाद शुरू हुई वर्षा देर शाम होती रही। जिससे लोग घर से बाहर भी नहीं निकल सके। इस वर्षा से जनजीवन बेहाल हो गया है। वर्षा से शहरी क्षेत्र में लोग परेशान हैं। लगातार वर्षा से सड़कें जलमग्न और कीचड़ में तब्दील हो चुकी है और कई घरों में वर्षा का पानी घुस गया। वहीं ग्रामीण इलाकों में सड़कों का और भी ज्यादा बुरा हाल है। शहरी क्षेत्र में भी टूटी-फूटी सड़कों में पानी और कीचड़ जमा हो चुका है। नालियों की सफाई नहीं होने से कचरा सड़क पर नजर आ रहा है। ऐसे में आसपास के लोगों को दुर्गंध से गुजरना भी मुश्किल हो जा रहा है। इधर बेमौसम बरसात के बाद छत्तर बगीचा स्थित एक मोहल्ले में रास्ते की ये हालत हो जाती है कि सड़क पर छोटी नदी जैसा दृश्य बन जाता है। ये नगरपालिका क्षेत्र में आता है। इस मोहल्ले से ही बीते समय में वार्ड पार्षद भी रह चुके हैं तथा नगरपालिका अध्यक्ष भी रह चुके, परंतु उन्होंने भी अपने कार्यकाल के दौरान इसे बनवाने की जरूरत नहीं समझी। हमेशा इस रास्ते की अवहेलना ही की गई, पता नहीं क्यों? मुहल्ले के नागरिकों ने कहा कि क्या हम सारे मोहल्ले वाले हमेशा ऐसे ही परेशान रहेंगे, क्या ये कभी बन भी पाएगा। इधर किसानों का कहना है कि वर्षा से गन्ना के फसल को फायदा होगा। जिन खेतों में गन्ना की रोपाई हुई है, वे तेजी से निकलेंगे। हालांकि बेमौसम बरसात ने गेहूं, तिलहन और दलहन के फसल को नुकसान पहुंचा है। वर्षा से खेसारी, मसूरी के फूल झड़ गए हैं, जिसका असर पैदावार पर पड़ेगा। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि वर्षा से गन्ना के फसल को फायदा होगा। सरसों, मसूर इत्यादि को नुकसान होने की संभावना है। ज्यादा वर्षा होने और इसके साथ तेज हवा बहने पर गेंहू के फसल को भी नुकसान हो सकता है।

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए लोस प्रत्याशी समीर उरांव

**भंडरा।** भाजपा भंडरा प्रखंड के कार्यसमिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी की अध्यक्षता में थाना रोड स्थित भाजपा कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी समीर उरांव, भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, लोहरदगा विधान सभा प्रभारी अनूप अधिकारी, लोहरदगा लोक सभा विस्तारक विकास मोदक उपस्थित हुए। आगामी लोकसभा सभा चुनाव में कैसे बूथ जीत सुनिश्चित हो मत प्रतिशत कैसे बढ़े उसपर जोर दिया गया। इस बार मोदी जी का नारा 400 पर के लक्ष को पूरा करने में लोहरदगा लोकसभा से समीर उरांव को जिताना है यही सोच के साथ कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्रों में अभी से लगे पंचायत में बैठक कर कार्यकर्ताओं को कम पर लगने कहा गया। इस निमित्त पंचायतों के प्रभारी की घोषणा की गई। बैठक में जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, उपाध्यक्ष निरज नलिन, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, बृजबिहारी प्रसाद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ईश्वररी मोहन शर्मा, कैलाश साहू, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोकहित अधिकार पार्टी का लोस उम्मीदवार बने रामचंद्र भगत

**लोहरदगा।** लोकहित अधिकार पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को हुई। इस दौरान लोहरदगा लोस चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी के रूप में रामचंद्र भगत के नाम पर घोषणा होने पर खुशी व्यक्त किया गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता के लिए एक आंदोलन है। सामाजिक न्याय, देश-प्रदेश की पहली आवश्यकता है। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रयास जारी रहेगा। रामचंद्र भगत पार्टी के घोषित लोस प्रत्याशी हैं, इनके प्रति आम जनता की रुझान बहुत अच्छी है। मो. अजहर आलम ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता को शिक्षा और चिकित्सा पुरी तरह निःशुल्क दिलाने के लिए तथा जाति आधारित जनगणना कराने के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष करती रहेगी। लोकहित अधिकार पार्टी लोहरदगा लोस के उम्मीदवार रामचंद्र भगत ने कहा कि मैं लोहरदगा का धरती पुत्र होने के नाते यहां की समस्याओं से भली भाँति परिचित हूँ। चुनाव जीतने के बाद एक एक समस्याओं के समाधान हेतू पूरी ताकत लगा दूंगा। मौके पर जिलाध्यक्ष मो. क्यूम अंसारी, एसथेर लकड़ा, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीएलसीसी की बैठक में बैंक कर्मियों को मिला निर्देश

# अपने-अपने कार्यालयों में आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः करें पालन : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक हुई। बैठक में सभी प्रबंधकों को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के दौरान अपने-अपने कार्यालयों में आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, ग्राहकों को मतदाता के रूप में मतदान के लिए प्रेरित किये जाने का निदेश दिया गया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा बैठक में वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा ग्रामीण स्वराज्य प्रशिक्षण संस्थान की ओर से दिये गये प्रशिक्षणार्थियों व नियोजित की समीक्षा की गई और प्रशिक्षण कार्यक्रम को बेहतर बनाने के निर्देश दिये गये। डीडीएम नाबार्ड द्वारा इस वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यों से अवगत कराया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आरबीआई के प्रतिनिधि, अग्रणी बैंक प्रबंधक नवेंदू कुमार समेत सभी बैंक प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

## सुपरवाइजर व बीएलओ को मिला विशेष दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबन्धन निवार्ची पदाधिकारी ने सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक कर चुनाव सम्बन्धित दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश अंचलाधिकारी सह प्रखंड निवार्ची निबन्धन पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक आयोजित कर लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं का सुविधा के लिये जारी दिशा निर्देश के सम्बन्ध में सुपरवाइजर व बीएलओ को जानकारी देते हुए बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र तक आने में असमर्थ हैं। वैसे मतदताओं के लिये निर्वावह्न आयोग द्वारा बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान का व्यवस्था किया गया है। साथ ही बताया कि कमजोर मतदाता जो मतदान केंद्र तक नही आ सकते उनको मतदान केंद्र तक लाने के लिये टोटो वाहन की व्यवस्था की जायेगी। वही सुपरवाइजर तथा बीएलओ को निर्देश दिया गया कि मतदान के दिन मतदान केंद्र पर मतदताओं के लिये तीन पंक्ति बनाया जायेगा जिसमे महिला, पुरुष और 85 वर्ष से अधिक व दिव्यांग मतदताओं के लिये अलग अलग पंक्ति होगा जिसे मतदाता और मतदान कर्मियों को कार्य मे असुविधा न हो। साथ ही सभी को निर्देश देते हुए कहा कि मतदताओं और मतदान कर्मियों के लिये सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय सहित अन्य सुविधा उपलब्ध हो। साथ ही कहा कि मतदाता मतदान करने के लिये आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड,पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या जिस पर मतदाता कान पता दर्ज हो वैसे कोई भी पहचान पत्र ला सकते हैं। वही चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार चुनाव से सम्बंधित अन्य जानकारियां दिया गया। मौके पर सुपरवाइजर सुजीत उरांव,मुदसदर हुसैन, ओमप्रकाश साहू, रिजवान अख्तर, नागमणी उरांव के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ मौजूद थे।

## स्वीप के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया



**लोहरदगा।** जन वितरण प्रणाली दुकान प्रगति महिला मंडल किस्को मोड़ लोहरदगा में जन वितरण प्रणाली के लाभार्थियों, महिला मंडल के सदस्य, आसपास के लोगों को चावल दिवस के अवसर पर स्वीप के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों द्वारा उन्हें बताया गया कि मतदान हमारे देश का महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए ताकि हम एक अच्छे सरकार को चुन सके और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें सके। सभी से अपील की गई कि इस बार मतदान के प्रतिशत को 90 प्रतिशत के पार पहुंचाएंगे। इस मौके पर सभी को मतदान शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में अजय कुमार, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कृष्ण कुमार गुप्ता जिला समन्वयक पीएमएवाई, प्रशांत कुमार झा एवं स्वीप के कर्मी गण एवं अनेक लाभुक मौजूद थे।

## कुडू के सलगी उत्क्रमित उच्च विद्यालय को प्लस टू का दर्जा मिलने से ग्रामीणों में हर्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के पश्चमी सुदूरवर्ती क्षेत्र सलगी स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय को प्लस टू का दर्जा मिलने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के इस फैसले को स्वागत करते हुए राज्य सरकार द्वारा जारी सूची को सराहनीय और प्रशंसनीय बताया है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक वैद्यनाथ प्रजापति ने विद्यालय को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमण किए जाने पर मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन, शिक्षा मंत्री समेत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार का आभार व्यक्त करते हुए साधूवाद और धन्यवाद व्यक्त किया है। राज्य सरकार जन-जन तक शिक्षा को पहुंचाने हेतु सतत प्रयत्नशील हैं। इसी निमित्त सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में शिक्षा के महत्वों को बढ़ावा देने को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा कक्षा 01 से कक्षा 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार प्रयासरत हैं। यहां पर उपयुक्त पृष्ठभूमि में राज्य के उच्च विद्यालय को आवश्यकतानुसार प्लस टू विद्यालय में उत्क्रमित करने के लिए राज्य के सभी जिलों से माध्यमिक विद्यालय से +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु निर्धारित अहर्ता के आलोक में प्रस्ताव की मांग की गई थी। जिसके आलोक में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से कुल 265 माध्यमिक विद्यालयों का उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव भेजी गई थी। उक्त प्राप्त प्रस्ताव की समीक्षा हेतु समिति का गठन किया गया था। जिसमें समिति द्वारा समीक्षा के दौरान 166 विद्यालयों को योग्य पाया गया। इधर उक्त 166 उत्क्रमित उच्च विद्यालय में लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड क्षेत्र के सलगी में संचालित एकमात्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय का नाम राज्य सरकार द्वारा जारी सूची में शामिल किया गया।

## अर्थशास्त्र विभाग के डॉ दिलीप प्रसाद के स्थानांतरण का छात्र-छात्राओं ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपने विभाग से प्राचार्य के कक्ष तक मार्च पास कर शांति पूर्वक विश्विद्यालय के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराया। ममला यूं है कि विगत दिनों अर्थशास्त्र विभाग के डॉक्टर दिलीप प्रसाद के स्थानांतरण कर दिया जाना। छात्रों का कहना था कि महाविद्यालय में अर्थशास्त्र संकाय में बीए और एमए मिलाकर करीब 700 विद्यार्थी अध्यनरत हैं ऐसे में कुछ दिनों पूर्व विभाग के प्रोफेसर अमिताभ भारती की प्रतिनियुक्ति घाघरा मॉडल कॉलेज में कर दी गई और उसके बाद एक मात्र बचे नियमित प्रोफेसर डॉ दिलीप प्रसाद का अन्य स्थानांतरण कर दिया गया। यह मामला छात्रों एवं महाविद्यालय के लिए निश्चित रूप से हास्यास्पद एवं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना प्रतीत होता छात्रों ने प्राचार्य के द्वारा कुलपति को पत्र लिखकर या तो डॉक्टर दिलीप प्रसाद का स्थानांतरण स्थगित करने या अर्थशास्त्र विभाग में अन्य प्रोफेसर की पदस्थापना की मांग की है ताकि उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रह सके। मौके पर.अर्थशास्त्र विभाग के 250 से 300 विद्यार्थी मौजूद थे। इस संबंध में एमए सेमेस्टर 4 की रानी कुमारी ने यह कहा कि पहले भी कार्तिक उरांव कॉलेज के साथ पक्षपात होता रहा है, गणित के प्रोफेसर को यहां से 2016 में स्थानांतरण कर रांची ले जाया गया और नतीजा यह है कि आज गणित विभाग पूरी तरह से खाली है और यहां के विद्यार्थी गणित में फेल हो रहे हैं। एम ए सेमेस्टर 1 की नीतू कुमारी ने कहा कि अर्थशास्त्र विभाग में पहले से पदस्थापित प्रोफेसर अमिताभ भारती को घाघरा मॉडल कॉलेज में प्रतिनियुक्ति कर दिया गया ऐसे में बचे एकमात्र प्रोफेसर प्रोफेसर दिलीप प्रसाद थे जिनका भी स्थानांतरण यहां से कर दिया गया और आज हमारे क्लास में क्लास लेने वाले कोई प्रोफेसर नहीं है, हम कहां जाये यह यूनिवर्सिटी को बताना चाहिए।

## जय श्रीराम समिति के होली मिलन एवं कार्यकर्ता सह-सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# कार्यकर्ता मेहनती, लगनशील व जुझारू हैं : डॉ सुमन




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के द्वारा होली मिलन समारोह व कार्यकर्ता सह-सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व हिंदू जागरण मंच के संगठन मंत्री डॉक्टर सुमन थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु श्री राम जी के चित्र पर माल्यापर्ण करते हुए दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर सुमन के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को पट्टा पहना कर भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व डॉ सुमन और अन्य अतिथियों को मांदर और नृत्य करते हुए स्वागत किया गया। मौके पर डॉ सुमन ने कहा जय श्री राम समिति के कार्यकर्ता मेहनती, लगनशील और जुझारू है। किसी भी परिस्थिति में हर वक्त तैयार रहना इनका कर्तव्य ही नहीं लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के बलबूते जय श्रीराम समिति लोहरदगा ही नही बल्कि दूर दूर तक अपना परचम लहराया है। सेवा सत्कार सभी कार्यकर्ताओं के खून में है। वही ऋषि नाथ शाहदेव ने कहा होली मिलन का त्यौहार लोगों के लिए प्रेम लेकर आता है। समिति की ओर से किया गया समारोह बहुत ही सुंदर और उत्कर्ष है। इसके लिए समिति के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। सह सम्मान कार्यक्रम के पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पुरुष जमकर झूमे एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी गई। होली का त्योहार आपसी प्रेम भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात भव्य भंडारे का व्यवस्था किया गया। जिसमे समिति के कार्यकर्ताओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विधायक व मुख्य संरक्षक रमेश उरांव के द्वारा किया गया। मौके पर ऋषि नाथ शाहदेव, किशोर साहू, हिंदू जागरण मंच के प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा, बलदेव साहू, जिला संरक्षक सुषमा सिंह, ओम महतो, परमेश्वर साहू, अनूप गुप्ता, मुरारी सोनी, सूरज ठाकुर, विकास लाल, जिला, नगर, प्रखंड, पंचायत, वार्ड के कार्यकर्ता समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आपसी सहयोग व भाईचारे के साथ मनाएं होली का त्योहार : नीरज झा

**कैरो / लोहरदगा।** थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्य सहित गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया। लेकिन शांति समिति की बैठक में गिने चुने लोग ही पहुंचे थे। जिसके बाद बैठक स्थगित कर बैठक पुनः गुरुवार को 10 बजे रखा गया है। थाना के लोगों द्वारा बताया गया की बैठक को लेकर थाना क्षेत्र के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, शांति समिति के सदस्यों के साथ गणमान्य लोगों को सूचित किया गया था बावजूद वेलोग नही पहुंचे। मालूम हो कि शांति समिति की बैठक कैरो पुलिस द्वारा थाना परिसर में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों की बैठक व्यवस्था चॉक चौबंद करने के लिए की जाती हैं। इस दौरान नव पदस्थापित थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा पुलिस मोबाइल के माध्यम से बैठक के लिए सूचना देती है। खासकर जनप्रतिनिधियों को जरूर सूचना दी जाती है उसके बाबजूद भी बैठक पर नहीं पहुंचते है। जिससे पुलिस को भी परेशान होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि को आम लोगों ने सेवा के लिए चुना गया है और वो अपने जिमेवारी से भागते है। वो शांति समिति के बैठक में आएंगे तभी तो अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन की सहयोग करेंगे।

## शांति समिति की बैठक में आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने का लिया निर्णय

**भंडरा/लोहरदगा।** लोहरदगा सदर थाना और भंडरा थाना परिसर में रंगों का त्योहार होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने शांति व सौहार्द के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया। रंगों का त्यौहार पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने कहा कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगा। पर्व के दौरान लोगों को अफवाहों से बचने का निर्देश देते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर इसकी सूचना प्रशासन को दें। बीडीओ ने कहा कि होली पर्व मनाने के दौरान अश्लील और भड़काऊ गाना बजाने से बचें और प्रशासन कों सहयोग करें। सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट वायरल नही करने तथा अफवाह नहीं फैलाने कि बात कही। सीओ ने कहा कि होली में हुडदंग नहीं होना चाहिये। त्यौहार के दौरान दूसरे धर्म के लोगों का भी सहयोग करें और किसी प्रकार की समस्या हो तो यथाशीघ्र प्रशासन को सूचित करें। शांति भंग करने वालों पर प्रशासन कि भी नजर रहेगी। मौके पर सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह मुख्य रुप से मौजूद थे। शांति समिति बैठक के दौरान एसआई पप्पू गुप्ता, मुखिया परमेश्वर महली, सुमित उरांव, ईश्वरी मोहन शर्मा के अलावे क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

पत्रांक – मेदिनीनगर, दिनांक – ........./03/2024

**ई0 निविदा रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांकः–142 दिनांकः–15.03.2024 के द्वारा आमंत्रित e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-07/2023-24 जिसका PR NO:-322833(23-24)D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता हैं।

PR 323202 District(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

पत्रांक – मेदिनीनगर, दिनांक – ........./03/2024

**ई0 कोटेशन रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांकः–140 दिनांकः–14.03.2024 के द्वारा आमंत्रित **e-Quotation No.-WRD/ MID/MEDININAGAR/01/2023-24** जिसका **PR NO:-322830(23-24)D** है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.323201 District(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

पत्रांक – ..................../
मेदिनीनगर, दिनांक – ........./03/2024

**ई0 निविदा रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांकः– 141 दिनांकः– 15.03.2024 के द्वारा आमंत्रित e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-06/2023-24 जिसका PR NO:-322831(23-24)D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल
मेदिनीनगर

PR 323200 District (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।**
**( E-MAIL ID – midloh632@gmil.com)**

पत्रांक ............................/ लोहरदगा, दिनांक................................./

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–213 दिनांक– 11.03.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-27/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 322139 Lohardaga (23-24).D द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
लोहरदगा।

PR 323175 (Lohardaga) 23-24 (D)

## गिट्टी भरे ट्रक को पुलिस के गश्ती दल ने पकड़ा

**गिरिडीह।** गावां डोरंडा पथ में बुधवार की सुबह गश्ती के दौरान बिना चालान का एक गिट्टी लदा ट्रक गावां थाना प्रभारी महेश चंद्रा ने पकड़ा है। पुलिस बाद में उसे जब्त कर गावां थाना ले आयी है। जानकारी के अनुसार ट्रक डोरंडा-गावां रोड से नवादा की ओर गिट्टी लेकर जा रहा था। इसी बीच गश्ती के दौरान गावां पुलिस ने शक के आधार पर ट्रक को रूकवाया और पूछताछ की साथ ही संबधित कागजात देखने को मांगे। उन्हें गिट्टी का चालान नहीं मिला, जिसके बाद उसे जब्त कर वे अपने साथ उक्त ट्रक को गावां थाना ले आए। गावां थाना प्रभारी महेश चंद्रा ने बताया कि गिट्टी लदा ट्रक को जब्त किया गया है और डीएमओ को इसकी जानकारी दी गई है। आगे की कार्रवाई उनके द्वारा की जाएगी।

### उपचुनाव लड़ने के कयासों के बीच कल्पना के गांडेय दौरे से बढ़ी सरगर्मी

# गांडेय उपचुनाव को लेकर जोर आजमाइश में जुटीं सभी पार्टियां

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
कोडरमा लोकसभा चुनाव के साथ ही गांडेय विधानसभा में होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर सभी पार्टियां जोर आजमाइश में जुट गई है। इसी क्रम में झामुमो की तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने चुनावी शंखनाद कर दिया है। गांडेय विधान सभा से झामुमो प्रत्याशी के तौर पर किसी के नाम की अभी घोषणा नहीं हुई है परंतु कल्पना सोरेन का नाम गांडेय विधान सभा क्षेत्र में संभावित उम्मीदवार के रूप में लगातार आ रहा है। क्षेत्र भ्रमण के बहाने बेंगाबाद और गांडेय पहुँच कर कल्पना सोरेन ने इस सीट से उनके चुनाव लड़ने के कयासों को और बल दिया है। हालांकि जब तक औपचारिक घोषणा नहीं हो जाती तब तक कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

बुधवार को कल्पना सोरेन गांडेय विधान सभा क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे पर सड़क मार्ग से पूर्व विधायक स्व सालखन सोरेन के आवास पर पहुंची। इससे पूर्व बेंगाबाद चौक पर झामुमो कार्यकताओं ने पूरी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बेंगाबाद चौक पर कार्यकताओं से मिलने के बाद कल्पना सोरेन पूर्व विधायक स्व सालखन सोरेन के घर पहुँची और वहां उनकी पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्व सालखन सोरेन की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। मौके पर कल्पना सोरेन राजनीतिक बयान देने बचते हुए सिर्फ इतना कहा कि वे गांडेय विधानसभा की जनता और अपने पार्टी के कार्यकताओं से मिलने के लिए आई हैं। क्षेत्र भ्रमण के दरम्यान कल्पना सोरेन के साथ गिरिडीह विधायक सुदिव्य सोनू, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद सहित पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। कल्पना सोरेन के क्षेत्र भ्रमण से राजनीतिक तपिश बढ़ी हुई है।



# सड़क निर्माण में पानी का छिड़काव नहीं, धूल उड़ने से ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**बिरनी।** खाखीपिपर से खुरजीओ को जोड़ने वाली सड़क का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। लेकिन इस कार्य में संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से कार्य जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। लेकिन जब से कार्य को शुरू किया है। तब से संवेदक द्वारा एक भी दिन सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं किया है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। क्योंकि जब सड़क पर डस्ट गिरा कर मजदूरों से सड़क पर फैलाकर डलवाया जाता है। तब इस सड़क से गुजरने वाले वाहनों के साथ डस्ट उड़कर सड़क किनारे घर के छत और वहां पसारे गए कपड़े को गंदा कर देता है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यहां के मुंशी को कई बार सड़क पर पानी छिड़काव की बात कही तो वे ग्रामीणों की बात नजरअंदाज कर देते हैं। अभी रमजान महीना चल रहा है। रोजेदारों को इस धूल से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### क्या कहते हैं मुंशी

इस संबंध में मुंशी मुख्तार अंसारी ने बताया कि सड़क मरम्मत कार्य चल रहा है लेकिन सड़क पर पानी छिड़काव नहीं किया जा रहा है।। क्योंकि मेरा दूसरा तरफ कार्य चल रहा है। इसलिए सड़क पर पानी छिड़काव नहीं किया जा रहा है।

## धनबाद कोर्ट में जल्द लगेंगे सीसीटीवी और मेटल डिटेक्टर डोर : डीआईजी

**धनबाद।** कोयला प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा बुधवार को धनबाद कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। डीआईजी ने कोर्ट के मुख्य गेट से लेकर मंडल कारा के साइड गेट और कोर्ट परिसर का जायजा लिया। उन्होंने कोर्ट परिसर के सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बालों से सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली एवं खामियों को दूर करने से सम्बंधित जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। डीआईजी ने मीडिया को बताया कि कोर्ट की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता में है। इसमें जो भी कमियां पाई जा रही हैं उसे दूर करने का भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोर्ट सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों की संख्या को बढ़ाने के साथ सीसीटीवी व मेटल डिटेक्टर डोर आदि भी जल्द लगाए जाएंगे। साथ ही बताया कि कोर्ट परिसर की सुरक्षा को लेकर अधिवक्ताओं से भी बात किया जाएगा।

## योग की अलख जगाने धनबाद पहुंचे परवीन तेवतिया

**धनबाद।** हर घर योग का अलख जगाने निकले 26/11 के योद्धा, शौर्य चक्र से सम्मानित कमांडो प्रवीण तेवतिया बुधवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने एसएनएमएमसीएच के कैंटीन हॉल में भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर में शामिल लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग से न केवल आप अपनी बीमारी को ठीक कर सकते हैं, बल्कि अपने जीवन को सुंदर भी बना सकते हैं। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के जिला संयोजक मंजीत सिंह एवं न्यास सदस्यों ने प्रवीण तेवतिया का स्वागत किया।

## कदमा में एटीएम में चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत विजया हेरिटेज के पास स्थित एसबीआई एटीएम में चोरी करने का प्रयास किया गया। घटना मंगलवार देर रात 12.30 बजे की है। हालांकि, पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन को देख चोर मौके से फरार हो गया पर पुलिस ने मौके से एक सब्बल बरामद किया है जिससे एटीएम से चोरी करने का प्रयास किया गया। इधर, चोर की गतिविधि एटीएम परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार रात 12.30 बजे एक युवक मुंह में कपड़ा बांधे एटीएम में प्रवेश करता है। वह एटीएम परिसर में घुसकर सब्बल की मदद से एटीएम को तोड़ने के प्रयास में लग जाता है। इतने में मौके से गुजर रहे कदमा थाना के पेट्रोलिंग वाहन को देखकर युवक मौके से फरार हो गया। इधर पुलिस ने बैंक से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

## आईएसएम पुंदाग के 40 छात्रों का बड़ी कंपनियों में प्लेसमेंट

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
आईएसएम, पुंदाग, रांची ने एक बार फिर से अपने छात्रों की सफलता और व्यावसायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए रोजगार के अवसरों को सुरक्षित करने में एक मानक स्थापित किया है। इस वर्ष अंतिम वर्ष के 40 छात्र-छात्राओं को नामी गिरामी कंपनियों में जॉब ऑफर मिले हैं। कैंपस में उद्योग के द्वार छात्रों को अधिकतम 8 लाख तक का पैकेज दिया गया है। यह जानकारी संस्थान के डायरेक्टर डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट के लिए अभी कुछ दिनों का समय शेष है। उन्होंने कहा कि आईएसएम का मुख्य उद्देश्य अच्छी शिक्षा के साथ ही अपने सभी छात्र-छात्राओं को अच्छी नौकरी हासिल कराना है, ताकि शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को भी आगे बढ़ने का मौका मिल सके।

जॉब ऑफर देने वाली कंपनियों में फोन पे, नेरोलैक, एशियन पेंट, टाटा स्टील, टाटा पॉवर, बजाज फाइनेंस, बैजू लिमिटेड, ट्राइडेंट ओबेरॉय, चेन्नई एंड हैदराबाद, मेरियट कोर्तियार्ड, बंगलौर, टीसीआई जैसी नामी कंपनियां शामिल हैं. प्लेसमेंट होने वाले छात्र रामलखन गुप्ता, प्रियंका बोदरा, सुमित टोप्पो, बीरबल प्रकाश,खुशी कुमारी, कुमार प्रणित, शोभा पूर्ति, रोशन, मांशी मुंडा, संदीप, रीतिका, नेहा टोप्पो, नूपुर पॉल, कामिनी कच्छप, प्रियांशु निनेवार, रीति थापा, सोनल रचना, सृष्टि, रक्षा कुमारी, अनमोल भागवत सभी होटल प्रबंधन के हैं.

## लोकसभा चुनाव को लेकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीडीओ महेंद्र रविदास ने सीओ अविनाश रंजन व थाना प्रभारी महेश चंद्रा के साथ स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लस टू हाई स्कूल पिहरा समेत कई स्कूलों में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतदान कक्ष और सुरक्षा मानकों का भी जायजा लिया। बीडीओ महेंद्र रविदास ने मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग, बिजली, सुरक्षा संबंध, शौचालय और पार्किंग व्यवस्था की जानकारी दी।

व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यहां सभी व्यवस्थाएं चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार की जाएं। पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## धनबाद में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चला हस्ताक्षर अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
जिले में स्वीप कोषांग ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बुधवार को मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत समाहरणालय परिसर से की। इसकी शुरूआत बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन ने मतदाता हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर किया। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि पूरे जिले में स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करना है।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
समाहरणालय, लातेहार
(निर्वाचन शाखा)

आम–सूचना

लोकसभा आम चुनाव – 2024 के क्रम में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरवाडीह, लातेहार, हेरहंज, बारियातु एवं बालुमाथ तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार एवं महुआडांड़ से जिलान्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के उत्क्रमण एवं पूर्व के नाम में आंशिक त्रुटि में सुधार के लिए कुल 86 मतदान केन्द्र भवनों के नाम परिवर्तन हेतु उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय आदेश ज्ञापांक 192 दिनांक 16.03.2024 द्वारा स्वीकृति दी गयी है। तदोपरांत संदर्भित मतदान केन्द्रों के परिवर्तित नाम की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| Sl. No. | AC | Part No. | Old Part Name (in English) | Old Part Name (in Hindi) | Corrected Part Name (in English) | Corrected Part Name (in (in Hindi) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 73 Manika | 6 | M.S. Pokhrikala E. Part | म.वि. पोखरीकला पू.भाग | URDU MIDDLE SCHOOL POKHRIKALA EAST PART | उर्दू मध्य विद्यालय पोखरीकला पू0 भाग |
| 2 | 73 Manika | 7 | M.S. Pokhrikala W. Part | म.वि. पोखरीकला प.भाग | URDU MIDDLE SCHOOL POKHRIKALA WEST PART | उर्दू मध्य विद्यालय पोखरीकला प0 भाग |
| 3 | 73 Manika | 8 | M.S. Pokhrikala N. Part. | म.वि. पोखरीकला उ.भाग | URDU MIDDLE SCHOOL POKHRIKALA NORTH PART | उर्दू मध्य विद्यालय पोखरीकला म0 भाग |
| 4 | 73 Manika | 15 | Urdu U.M.S. Betla W. Part | उर्दू उ.म.वि. बेतला प.भाग | UPG MIDDLE SCHOOL BETLA WEST PART | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेतला प0 भाग |
| 5 | 73 Manika | 16 | Urdu U.M.S. Betla E. Part | उर्दू उ.म.वि. बेतला पू.भाग | UPG MIDDLE SCHOOL BETLA EAST PART | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेतला पू0 भाग |
| 6 | 73 Manika | 22 | M.S. Murgidih | म.वि. मुर्गीडीह | UPG MIDDLE SCHOOL MURGIDIH | उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुर्गीडीह |
| 7 | 73 Manika | 33 | GOVERMENT +2 HIGH SCHOOL BARWADIH EAST PART | राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय बरवाडीह पूर्वी भाग | RK +2 HIGH SCHOOL BARWADIH EAST PART | राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय बरवाडीह पू0 भाग |
| 8 | 73 Manika | 34 | GOVERMENT +2 HIGH SCHOOL BARWADIH WEST PART | राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय बरवाडीह पश्चिमी भाग | RK +2 HIGH SCHOOL BARWADIH WEST PART | राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय बरवाडीह प0 भाग |
| 9 | 73 Manika | 36 | GOVERMENT +2 HIGH SCHOOL BARWADIH MIDDLE PART | राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय बरवाडीह मध्य भाग | RK +2 HIGH SCHOOL BARWADIH MIDDLE PART | राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय बरवाडीह म0 भाग |
| 10 | 73 Manika | 182 | U.M.S. Jalta | उ.म.वि. जलता | UPG HS JALTA | उत्क्रमित उच्च विद्यालय जलता |
| 11 | 73 Manika | 185 | U.M.S. Dhankara E. Part | उ.म.वि. धनकारा पू.भाग | UPG HIGH SCHOOL DHANKARA EAST PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनकारा पू0 भाग |
| 12 | 73 Manika | 186 | U.M.S. Dhankara W. Part | उ.म.वि. धनकारा प.भाग | UPG HIGH SCHOOL DHANKARA WEST PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनकारा प0 भाग |
| 13 | 73 Manika | 190 | U.P.S. Nawadih | उ.प्रा.वि. नावाडीह | UPG MIDDLE SCHOOL NAWADIH | उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह |
| 14 | 73 Manika | 191 | M.S. Nawagadh Room No-2 | म.वि. नावागढ़ कमरा नं.–2 | UHS NAWAGARH ROOM NO 02 (CLASS 1 TO 8) | उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावागढ़ कमरा नं0 02 (कक्षा 1 से 8 तक) |
| 15 | 73 Manika | 192 | M.S. Nawagadh Room No-3 | म.वि. नावागढ़ कमरा नं.–3 | UHS NAWAGARH ROOM NO 03 (CLASS 1 TO 8) | उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावागढ़ कमरा नं0 03 (कक्षा 1 से 8 तक) |
| 16 | 73 Manika | 193 | M.S. Nawagadh Room No-10 | म.वि. नावागढ़ कमरा नं.–10 | UHS NAWAGARH ROOM NO 10 (CLASS 1 TO 8) | उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावागढ़ कमरा नं0 10 (कक्षा 1 से 8 तक) |
| 17 | 73 Manika | 194 | M.S. Nawagadh Room No-11 | म.वि. नावागढ़ कमरा नं.–11 | UHS NAWAGARH ROOM NO 11 (CLASS 1 TO 8) | उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावागढ़ कमरा नं0 11 (कक्षा 1 से 8 तक) |
| 18 | 73 Manika | 198 | B.M.C. Maktab Tarwadih N. Part | बी.एम.सी. मकतब तरवाडीह उ.भाग | UPG MIDDLE SCHOOL BMC MAKTAB TARWADIH NORTH PART | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बी0एम0सी0 मकतब तरवाडीह उ0 भाग |
| 19 | 73 Manika | 199 | B.M.C. Maktab Tarwadih S. Part | बी.एम.सी. मकतब तरवाडीह द.भाग | UPG MIDDLE SCHOOL BMC MAKTAB TARWADIH SOUTH PART | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बी0एम0सी0 मकतब तरवाडीह द0 भाग |
| 20 | 73 Manika | 201 | U.M.S. Kone | उ.म.वि. कोने | UPG HIGH SCHOOL KONE | उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोने |
| 21 | 74 Latehar | 3 | U.H.S. Kedu East Part | उ.उच्च वि. केडू प.भाग | GOVT. MIDDLE SCHOOL KEDU EAST PART | राजकीय मध्य विद्यालय केडू पू0 भाग |
| 22 | 74 Latehar | 4 | U.H.S. Keru West Part | उ.उच्च वि. केडू पू.भाग | GOVT. MIDDLE SCHOOL KEDU WEST PART | राजकीय मध्य विद्यालय केडू प0 भाग |
| 23 | 74 Latehar | 12 | U.M.S. Bidir | उ.म.वि. बिदिर | UPG PRIMARY SCHOOL BIDIR | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बिदिर |
| 24 | 74 Latehar | 14 | R.P.S. Dodang (Inatu) | आर.पी.एस. डोडांग (ईनातु) | UPG MIDDLE SCHOOL DODANG | उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोडांग |
| 25 | 74 Latehar | 15 | U.H.S.Herhanj | उ.उच्च वि. हेरहंज | GOVT. MIDDLE SCHOOL HERHANJ | राजकीय मध्य विद्यालय हेरहंज |
| 26 | 74 Latehar | 23 | M.S. Serka | म.वि. सेरका | GOVT. MIDDLE SCHOOL SERKA | राजकीय मध्य विद्यालय सेरका |
| 27 | 74 Latehar | 26 | M.S. Humbu N. Part | म.वि. हुम्बू उ.भाग | GOVT. MIDDLE SCHOOL HUMBU NORTH PART | राजकीय मध्य विद्यालय हुम्बू उ0 भाग |
| 28 | 74 Latehar | 27 | M.S. Humbu S. Part | म.वि. हुम्बू द.भाग | GOVT. MIDDLE SCHOOL HUMBU SOUTH PART | राजकीय मध्य विद्यालय हुम्बू द0 भाग |
| 29 | 74 Latehar | 28 | M.S. Lawagara | म.वि. लावागड़ा | GOVT. MIDDLE SCHOOL LAWAGARA | राजकीय मध्य विद्यालय लावागड़ा |
| 30 | 74 Latehar | 30 | U.P.S. Heranhopa | उ.प्रा.वि. हेरनहोपा | UPG MIDDLE SCHOOL HERANHOPA | उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेरनहोपा |
| 31 | 74 Latehar | 35 | U.M.S. Fulsu | उ.म.वि. फुलसू | MIDDLE SCHOOL FULSU | मध्य विद्यालय फुलसू |
| 32 | 74 Latehar | 36 | U.P.S. Pipratoli | उ.प्रा.वि. पिपराटोली | UPG PRIMARY SCHOOL PIPRATOLA | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पिपराटोला |
| 33 | | 39 | P.S. Gadgoma | प्रा.वि. गड़गोमा | UPG MIDDLE SCHOOL GARGOMA | उत्क्रमित मध्य विद्यालय गड़गोमा |
| 34 | | 52 | U.M.S. Chedra W. Part | उ.म.वि. चेडरा प. भाग | PRIMARY SCHOOL CHEDRA WEST PART | प्राथमिक विद्यालय चेड़रा प0 भाग |
| 35 | | 53 | U.M.S. Chedra E. Part | उ.म.वि. चेडरा पू. भाग | PRIMARY SCHOOL CHEDRA EAST PART | प्राथमिक विद्यालय चेड़रा पू0 भाग |
| 36 | | 66 | U.M.S. Barikhap | उ.म.वि. बारीखाप | UPG PRIMARY SCHOOL BARIKHAP | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बारीखाप |
| 37 | | 81 | U.M.S. Chamatu | उ.म.वि. चमातु | RPS CHAMATU | राजकीय प्राथमिक विद्यालय चमातु |
| 38 | | 90 | U.M.S. Bukru | उ.म.वि. बुकरू | RPS BUKRU | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बुकरू |
| 39 | 74 Latehar | 91 | P.S. Jala | प्रा.वि. जाला | RPS JALA | राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाला |
| 40 | 74 Latehar | 95 | U.M.S. Ichak | उ.म.वि. ईचाक | UMS ICHAK 2 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईचाक 2 |
| 41 | 74 Latehar | 102 | U.M.S. Chetag E. Part | उ.म.वि. चेताग पू. भाग | RPS CHETAG EAST PART | राजकीय प्राथमिक विद्यालय चेताग पू0 भाग |
| 42 | 74 Latehar | 103 | U.M.S. Chetag W. Part | उ.म.वि. चेताग प. भाग | RPS CHETAG WEST PART | राजकीय प्राथमिक विद्यालय चेताग प0 भाग |
| 43 | 74 Latehar | 105 | U.M.S. Jogiyadih | उ.म.वि. जोगियाडीह | RPS JOGIYADIH | राजकीय प्राथमिक विद्यालय जोगियाडीह |
| 44 | 74 Latehar | 106 | P.S. Gerenja | प्रा.वि. गेरेंजा | UPS GERENJA | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गेरेन्जा |
| 45 | 74 Latehar | 112 | U.M.S. Pindarkom N. Part | उ.म.वि. पिण्डारकोम उ. भाग | RMS PINDARKOM NORTH PART | राजकीय मध्य विद्यालय पिण्डारकोम उ0 भाग |
| 46 | 74 Latehar | 113 | U.M.S. Pindarkom S. Part | उ.म.वि. पिण्डारकोम द. भाग | RMS PINDARKOM SOUTH PART | राजकीय मध्य विद्यालय पिण्डारकोम द0 भाग |
| 47 | 74 Latehar | 114 | U.M.S. Bara | उ.म.वि. बारा | UPS BARA | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बारा |
| 48 | 74 Latehar | 115 | U.M.S. Hebna | उ.म.वि. हेबना | RPS HEBNA | राजकीय प्राथमिक विद्यालय हेबना |
| 49 | 74 Latehar | 116 | M.S. Marangloyea E. Part | म.वि. मारंलोईया पू.भाग | RMS MARANGLOYEA EAST PART | राजकीय मध्य विद्यालय मारंगलोईया पू0 भाग |
| 50 | 74 Latehar | 117 | M.S. Marangloyea W. Part | म.वि. मारंलोईया प.भाग | RMS MARANGLOYEA WEST PART | राजकीय मध्य विद्यालय मारंगलोईया प0 भाग |
| 51 | 74 Latehar | 120 | M.S. Keri N. Part | म.वि.केरी उ.भाग | RMS KERI NORTH PART | राजकीय मध्य विद्यालय केरी उ0 भाग |
| 52 | 74 Latehar | 121 | M.S.Keri S. Part | म.वि.केरी द.भाग | RMS KERI SOUTH PART | राजकीय मध्य विद्यालय केरी द0 भाग |
| 53 | 74 Latehar | 128 | M.S. Murpa N. Part | म.वि. मुरपा उ. भाग | UHS MURPA NORTH PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरपा उ0 भाग |
| 54 | 74 Latehar | 129 | M.S. Murpa S. Part | म.वि. मुरपा द. भाग | UHS MURPA SOUTH PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरपा द0 भाग |
| 55 | 74 Latehar | 130 | M.S. Murpa M.Part | म.वि. मुरपा म. भाग | UHS MURPA MIDDLE PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरपा म0 भाग |
| 56 | 74 Latehar | 136 | M.S. Bhinsadon | म.वि.भैसादोन | RMS BHAISADON | राजकीय मध्य विद्यालय भैसादोन |
| 57 | 74 Latehar | 137 | P.S. Hempur | प्रा.वि. हेमपुर | RPS HEMPUR | राजकीय प्राथमिक विद्यालय हेमपुर |
| 58 | 74 Latehar | 140 | Basic School Balumath N. Part | बेसिक स्कूल बालूमाथ उ.भाग | R. BUNIYADI S. BALUMATH NORTH PART | राजकीय बुनियादी विद्यालय बालुमाथ उ0 भाग |
| 59 | 74 Latehar | 141 | Basic School Balumath S. Part | बेसिक स्कूल बालूमाथ द.भाग | R. BUNIYADI S. BALUMATH SOUTH PART | राजकीय बुनियादी विद्यालय बालुमाथ द0 भाग |
| 60 | 74 Latehar | 142 | Basic School Balumath W. Part | बेसिक स्कूल बालूमाथ प.भाग | R. BUNIYADI S. BALUMATH WEST PART | राजकीय बुनियादी विद्यालय बालुमाथ प0 भाग |
| 61 | 74 Latehar | 143 | Basic School Balumath E. Part | बेसिक स्कूल बालूमाथ पू.भाग | R. BUNIYADI S. BALUMATH EAST PART | राजकीय बुनियादी विद्यालय बालुमाथ पू0 भाग |
| 62 | 74 Latehar | 144 | G.M.S. Balumath E. Part | बा.म.वि. बालूमाथ पू.भाग | RGMS BALUMATH EAST PART | राजकीय बालिका मध्य विद्यालय बालुमाथ पू0 भाग |
| 63 | 74 Latehar | 145 | G.M.S. Balumath M. Part | बा.म.वि. बालूमाथ म.भाग | RGMS BALUMATH MIDDLE PART | राजकीय बालिका मध्य विद्यालय बालुमाथ म0 भाग |
| 64 | 74 Latehar | 146 | G.M.S. Balumath W. Part | बा.म.वि. बालूमाथ प.भाग | RGMS BALUMATH WEST PART | राजकीय बालिका मध्य विद्यालय बालुमाथ प0 भाग |
| 65 | 74 Latehar | 150 | M.S. Masiyatu E. Part | म.वि. मासियातु पू.भाग | UHS MASIYATU EAST PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय मासियातु पू0 भाग |
| 66 | 74 Latehar | 151 | M.S. Masiyatu W. Part | म.वि. मासियातु प.भाग | UHS MASIYATU WEST PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय मासियातु प0 भाग |
| 67 | 74 Latehar | 152 | M.S. Masiyatu M. Part | म.वि. मासियातु म.भाग | UHS MASIYATU MIDDLE PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय मासियातु म0 भाग |
| 68 | 74 Latehar | 159 | M.S. Balu N. Part | म.वि. बालू उ. भाग | UHS BALU NORTH PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय बालु उ0 भाग |
| 69 | 74 Latehar | 160 | M.S. Balu S. Part | म.वि. बालू द.भाग | UHS BALU SOUTH PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय बालु द0 भाग |
| 70 | 74 Latehar | 161 | M.S. Balu W. Part | म.वि. बालू प.भाग | UHS BALU WEST PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय बालु प0 भाग |
| 71 | 74 Latehar | 162 | M.S. Balu E. Part | म.वि. बालू पू.भाग | UHS BALU EAST PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय बालु पू0 भाग |
| 72 | 74 Latehar | 168 | U.M.S. Murup (New | उ.म.वि. मुरूप | UPG HIGH SCHOOL MURUP | उत्क्रमित उच्च विद्यालय |
| 73 | | 169 | P.S. Bhalugari | उ.प्रा.वि. पतरातु | UPG PRIMARY SCHOOL BHALUGADI | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भालुगाड़ी |
| 74 | | 191 | M.S. Pandeypura N. Part | म.वि. पाण्डेयपुरा उ.भाग | UPG HIGH SCHOOL PANDEYPURA NORTH PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाण्डेयपुरा उ0 भाग |
| 75 | | 192 | M.S. Pandeypura S. Part | म.वि. पाण्डेयपुरा द.भाग | UPG HIGH SCHOOL PANDEYPURA SOUTH PART | उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाण्डेयपुरा द0 भाग |
| 76 | | 194 | M.S. Chandandih | म.वि. चंदनडीह | UPG HIGH SCHOOL CHANDANDIH | उत्क्रमित उच्च विद्यालय चन्दनडीह |
| 77 | | 197 | G.M.S. Latehar (Old Building) | बा.म.वि. लातेहार (पुराना भवन) | CM SOE (GIRL) LATEHAR | मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (बालिका) लातेहार |
| 78 | | 203 | M.S. Ashram Latehar Room No.-3 | म.वि. आश्रम लातेहार कमरा नं. – 3 | UPG HIGH SCHOOL ASHRAM ROOM NO. 03 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय आश्रम कमरा नं0 03 |
| 79 | | 204 | M.S. Ashram Latehar Room No.-5 | म.वि. आश्रम लातेहार कमरा नं. – 5 | UPG HIGH SCHOOL ASHRAM ROOM NO. 05 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय आश्रम कमरा नं0 05 |
| 80 | | 206 | P.S. Banpur (Old Building) | प्रा.वि. बानपुर (पुराना भवन) | PRIMARY SCHOOL BANPUR (ATAL CLINIC) | प्राथमिक विद्यालय बानपुर (अटल क्लिनिक) |
| 81 | | 211 | M.S. Karkat N. Part Room No.-1 | म.वि. करकट उ. भाग कमरा नं.–1 | UPG HIGH SCHOOL KARKAT NORTH PART ROOM NO. 01 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट उ0 भाग कमरा नं0 01 |
| 82 | | 212 | M.S. Karkat N. Part Room No.-2 | म.वि. करकट द. भाग कमरा नं.–2 | UPG HIGH SCHOOL KARKAT SOUTH PART ROOM NO. 02 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट द0 भाग कमरा नं0 02 |
| 83 | | 221 | M.S. Patratu | म.वि. पतरातु | UPG HIGH SCHOOL PATRATU | उत्क्रमित उच्च विद्यालय पतरातु |
| 84 | | 224 | M.S. Hethpochra E. Part Room No.-1 | म.वि. हेठपोचरा पू.भाग कमरा नं. –1 | UPG HIGH SCHOOL HETHPOCHRA EAST PART ROOM NO. 01 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेठपोचरा पू0 भाग कमरा नं0 01 |
| 85 | | 225 | M.S. Hethpochra E. Part Room No.-2 | म.वि. हेठपोचरा प.भाग कमरा नं. –2 | UPG HIGH SCHOOL HETHPOCHRA EAST PART ROOM NO. 02 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेठपोचरा पू0 भाग कमरा नं0 02 |
| 86 | | 249 | U.M.S. Hundru | उ.म.वि. हुण्डरू | UPG PRIMARY SCHOOL HUNDRU | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हुण्डरू |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार
PR 323160 Latehar(23-24).D

**चिंता इतनी होनी चाहिए कि काम हो जाए, लेकिन इतनी न हो कि जीवन खत्म हो जाए : अज्ञात**



# मानव- वन्य जीव टकराव चिंता का विषय

मानव-वन्यजीव संघर्ष केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक समस्या के रूप में उभर रहा है। इस संघर्ष में मनुष्य तो मारे ही जा रहे हैं, वन्य जीवन का नुकसान भी कम नहीं हो रहा है। भारत में मानव-वन्यजीव संघर्ष कई रूपों में देखा जाता है, जिसमें शहरी क्षेत्रों में बंदरों का आतंक, ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली सूअरों द्वारा फसल को नुकसान और बाघों, तेंदुओं और भालुओं जैसे हिसंक जीवों द्वारा मनुष्यों पर हमला शामिल है। मामला इतना गंभीर हो गया कि केरल सरकार को मानव-वन्यजीव संघर्ष को विशिष्ट आपदा घोषित कर बचाव के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक कमेटी बनानी पड़ी। अब केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मानव-पशु संघर्ष में सहायता करने लगा है, जबकि यह वन विभाग की जिम्मेदारी है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में बाघों की संख्या 3,683 तक पहुंच गई। देश में तेंदुओं की आबादी 2018 से लेकर 2022 तक के चार वर्षों की अवधि में 1,022 (लगभग आठ प्रतिशत) बढ़कर 12,852 से 2022 में 13,874 हो गई है। वास्तविक संख्या थोड़ी अधिक हो सकती है, क्योंकि ये अनुमान तेंदुओं के 70 प्रतिशत निवास की ही सैंपलिंग के आधार पर है। मानव आबादी को सर्वाधिक खतरा तेंदुओं से ही उत्पन्न होता है। उत्तराखंड की राजधानी के कुछ इलाकों में लोगों को रात में घरों से न निकलने की सलाह प्रशासन द्वारा दी गई है। मुख्यमंत्री को राज्य में गुलदारों के बढ़ते हमलों को देखते हुए वन विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगानी पड़ी। उत्तराखंड में हर साल मानव-पशु संघर्ष बढ़ रहा है। राज्य गठन के वर्ष 2000 से लेकर 2022 तक, कुल 1,054 लोग वन्यजीवों के हमलों का शिकार हुए और 5,112 व्यक्ति ऐसे हमलों में घायल हुए। उत्तराखंड में गुलदारों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है और मानव जीवन को सर्वाधिक खतरा इन्हीं गुलदारों से है। इस संकट के लिए बेजुबान वन्यजीवों को अकेले दोषी ठहराना न तो न्यायसंगत है और न ही इससे कोई हल निकल सकता है। देखा जाए, तो मनुष्य ही इस संघर्ष के लिए ज्यादा जिम्मेदार है। मानव आबादी बढ़ते जाने से उसका विस्तार वन्यजीव आवासों की ओर हो रहा है। यह स्थिति वन्यजीवों को मानव बहुल क्षेत्रों में भोजन और आश्रय खोजने के लिए मजबूर करती है, जिससे संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिक तंत्र को बदल रहा है और वन्यजीवों के व्यवहार, वितरण और भोजन की उपलब्धता को भी प्रभावित कर रहा है। इससे जानवरों की गतिविधियों और सीमाओं में परिवर्तन हो रहा है। अवैध शिकार और वन्यजीव व्यापार जैसी अवैध गतिविधियां वन्यजीव आबादी को कम कर सकती हैं, जिससे संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है और मनुष्यों के साथ संघर्ष हो सकता है। जो समुदाय अपनी आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं, उन्हें वन्यजीवों के साथ संघर्ष का सामना करना पड़ता है। कुछ मामलों में, वन्यजीव व्यवहार के बारे में जागरूकता की कमी और अपर्याप्त शमन उपाय संघर्षों में योगदान कर सकते हैं। पलामू में इसीलिए टाइगर रिजर्व बनाया गया और अनेक वनों को सुरक्षित अभयारण्य घोषित किया गया पर वनों को उकसाने से अधिक लगाने की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

**भारत में मानव-वन्यजीव संघर्ष कई रूपों में देखा जाता है, जिसमें शहरी क्षेत्रों में बंदरों का आतंक, ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली सूअरों द्वारा फसल को नुकसान और बाघों, तेंदुओं और भालुओं जैसे हिसंक जीवों द्वारा मनुष्यों पर हमला शामिल है। मामला इतना गंभीर हो गया कि केरल सरकार को मानव-वन्यजीव संघर्ष को विशिष्ट आपदा घोषित कर बचाव के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक कमेटी बनानी पड़ी। अब केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मानव-पशु संघर्ष में सहायता करने लगा है, जबकि यह वन विभाग की जिम्मेदारी है।**

'विश्व कविता दिवस' पर विशेष

# मन में उम्मीदों की दीप जलातीं 'कविताएं'



विजय केसरी

***मन*** के भाव तत्व का आईना होती हैं, कविताएं। मन में उम्मीदों की दीप जलाती हैं, कविताएं। कविता मन से निकलती हैं, और मन तक पहुंच जाति हैं। यही कविता की खूबसूरती है। कविता बड़ी सी बड़ी बातों को कम से कम शब्दों में बयां कर जाती हैं। कविता शोर से शांति की ओर ले जाती हैं। उम्मीदों के दीप जलाती हैं, कविताएं। ना उम्मीदों को दूर भगाती हैं, कविताएं। कविताएं, प्रेमी-प्रेमिकाओं के मन में प्रेम का दीप जलाती हैं। दोस्त और दुश्मनी के फर्क को मिटती हैं, कविताएं। कविता मनुष्य के भावाव्यक्ति का दर्पण होती हैं। जब मनुष्य के मन में भाव प्रवेश कर जाते हैं, तभी कविताएं जन्म लेती है। कुछ कुछ शब्द मिलकर कविता का रूप अख्तियार करती हैं। कविता मनुष्य के मनोदशा का भी दर्पण होती हैं। मनुष्य जिन परिस्थितियों में पलता है, बढ़ता है, समाज को देखता है, अनुभव प्राप्त करता है, अपने बड़े बुजुर्गों से सीखता है, ये सारे अनुभव उनकी कविताओं में उभरकर सामने आते हैं। कविता समाज का दर्पण भी होती हैं। समाज जिन सामाजिक, राजनीतिक ,आर्थिक परेशानियों से गुजरता है, कविता उन तमाम पक्षों को लेकर समाज के बीच उपस्थिति होती हैं। यही कविता का यथार्थ है। एक कवि जो प्रकृति के नजदीक रहता है, प्रकृति के अनुभवों,चिड़ियों की चहचहाहट, हवाओं का बहना, हवाओं से टकराती वृक्षों के पत्तों की आवाजों सुनकर कविता रच लेता है। भक्ति काल में संत कबीर दास, संत रहीम, रैदास, संत तुलसीदास, संत नरहरी दास आदि संत कवियों ने समाज में जो देखा, जिसकी उन सबों ने आवश्यकता महसूस की, उनके काव्य की पंक्तियों में दोहा रूप में उपस्थित होते चले गए थे। इन संतों की काव्य पंक्तियां सकल समाज के लिए अनुकरणीय बन गई। मानो संतो की ये पंक्तियां अमरता का वरदान लेकर पैदा हुई थीं। वर्षों बाद भी उनकी ये कालजई पंक्तियां लोगों का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। आज भी लोग इन पंक्तियों को पढ़कर कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। वे अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते रहते हैं। कविताएं मर्म को छूती हैं, चूंकि कविताएं मन से ही निकलती हैं। कविता स्वर को प्राप्त कर संगीत के साथ मिलकर जब गीत बन जाती हैं, सुनने वालों को दीवाना बना देती हैं। कविता अपने विविध रूपों में रहकर रस, गंध और स्पर्श का भी आनंद कराती हैं। कविता हर मनुष्य के अंदर विद्यमान होती हैं। कविता मनुष्य के सुख - दुख में छाया की तरह जुड़ी रहती हैं। मनुष्य के संघर्ष के समय जब कविताएं आकार लेती हैं, तब इन कविताओं में मनुष्य के संघर्ष से जूझने की शक्ति निहित होती है। देश की आजादी के समय स्वाधीनता सेनानी कवियों ने देश को गुलामी से मुक्त कराने से संबंधित कविताओं को रच कर स्वाधीनता संग्राम को एक नई गति प्रदान किया था। ये कविताएं सदा सदा के लिए अमर बन गई। इन कविताओं का स्वाधीनता सेनानियों पर ऐसा असर हुआ था कि वे हंस-हंस के फांसी के फंदे से झूलने के लिए तैयार हो गये थे। हजारों लाखों ऐसे स्वाधीनता सेनानी, जो विलासिता का जीवन जी रहे थे, इन कविताओं से प्रेरणा पाकर स्वाधीनता सेनानी बन गये थे। वे सब कुछ त्याग कर स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े थे । देश की आजादी के बाद आजादी की रक्षा के लिए सत्ता की राजनीति से दूर रहे थे । यह सब कविताओं से उपजे भाव की शक्ति थी। विश्व कविता दिवस हर वर्ष प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है। यूनेस्को ने इस दिन को विश्व कविता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा वर्ष 1999 में की थी। कविता दिवस घोषणा का उद्देश यह था कि कवियों और कविता की सृजनात्मक महिमा को सम्मान दिया जाय। तब से हर वर्ष 21 मार्च को विश्व कविता दिवस मनाया जाता है। विश्व के लगभग देशों में कविता दिवस पर विभिन्न तरह के काव्य गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। विश्व कविता दिवस पर कवियों को सम्मान पत्र भी प्रदान किया जाता है। इन काव्य गोष्ठियों में कवियों को बुलाकर उनकी कविताएं सुनी जाती हैं। विश्व भर में किस तरह की कविताएं रची जा रहे हैं ? इस विषय पर भी चर्चा होती हैं। भारतवर्ष में कविता लेखन का प्रारंभ तेरहवीं शताब्दी से समझा जाता है। हर भाषा की तरह हिंदी कविता भी पहले इतिवृत्तात्मक थी। यानि किसी कहानी को लय के साथ छंद में बांध कर अलंकारों से सजा कर प्रस्तुत किया जाता था। भारतीय साहित्य के सभी प्राचीन ग्रंथ कविता में ही लिखे गये हैं। इसका विशेष कारण यह था कि लय और छंद के कारण कविता को याद कर लेना आसान था। जिस समय छापाखाना का आविष्कार नहीं हुआ था और दस्तावेज की अनेक प्रतियां बनाना आसान नहीं था, उस समय महत्वपूर्ण बातों को याद रख लेने का यह सर्वोत्तम साधन था। यही कारण है कि उस समय साहित्य के साथ साथ राजनीति, विज्ञान और आयुर्वेद को भी पद्य में ही लिखा गया था। भारत की प्राचीनतम कविताएं संस्कृत भाषा में ऋग्वेद में हैं, जिनमें प्रकृति की प्रशस्ति में लिखे गये छंदों का सुंदर संकलन हैं। जीवन के अनेक अन्य विषयों को भी इन कविताओं में स्थान मिला है। काव्य वह वाक्य रचना है, जिससे चित्त किसी रस या मनोवेग से पूर्ण हो अर्थात वह जिसमें चुने हुए शब्दों के द्वारा कल्पना और मनोवेगों का प्रभाव डाला जाता है। रसगंगाधर में 'रमणीय' अर्थ के प्रतिपादक शब्द को 'काव्य' कहा है। 'अर्थ की रमणीयता' के अंतर्गत शब्द की रमणीयता भी समझकर लोग इस लक्षण को स्वीकार करते हैं। परन्तु 'अर्थ' की 'रमणीयता' कई प्रकार की हो सकती है। इससे यह लक्षण बहुत स्पष्ट नहीं है। साहित्य दर्पणाकार विश्वनाथ का लक्षण ही सबसे ठीक जँचता है। उसके अनुसार 'रसात्मक वाक्य ही काव्य है'। रस अर्थात मनोवेगों का सुखद संचार की काव्य की आत्मा है। काव्यप्रकाश में काव्य तीन प्रकार के कहे गये हैं, ध्वनि, गुणीभूत व्यंग्य और चित्र। ध्वनि वह है, जिसमें शब्दों से निकले हुए अर्थ की अपेक्षा छिपा हुआ अभिप्राय प्रधान हो। गुणीभूत ब्यंग्य वह है जिसमें गौण हो। चित्र या अलंकार वह है जिसमें बिना ब्यंग्य के चमत्कार हो। इन तीनों को क्रमशः उत्तम, मध्यम और अधम भी कहते हैं। काव्यप्रकाशकार का जोर छिपे हुए भाव पर अधिक जान पड़ता है, रस के उद्रेक पर नहीं। काव्य के दो और भेद किये गये हैं, महाकाव्य और खंड काव्य। महाकाव्य सर्गबद्ध और उसका नायक कोई देवता, राजा या धीरोदात्त गुंण संपन्न क्षत्रिय होना चाहिए। उसमें शृंगार, वीर या शांत रसों में से कोई रस प्रधान होना चाहिए। बीच बीच में करुणा; हास्य इत्यादि और रस तथा और और लोगों के प्रसंग भी आने चाहिए। कम से कम आठ सर्ग होने चाहिए। महाकाव्य में संध्या, सूर्य, चंद्र, रात्रि, प्रभात, मृगया, पर्वत, वन, ऋतु, सागर, संयोग, विप्रलम्भ, मुनि, पुर, यज्ञ, रणप्रयाण, विवाह आदि का यथास्थान सन्निवेश होना चाहिए। काव्य दो प्रकार का माना गया है, दृश्य और श्रव्य। दृश्य काव्य वह है जो अभिनय द्वारा दिखलाया जाय, जैसे, नाटक, प्रहसन, आदि जो पढ़ने और सुनेन योग्य हो, वह श्रव्य है। श्रव्य काव्य दो प्रकार का होता है, गद्य और पद्य। पद्य काव्य के महाकाव्य और खंडकाव्य दो भेद कहे जा चुके हैं। गद्य काव्य के भी दो भेद किए गए हैं- कथा और आख्यायिका। उपरोक्त साहित्यिक व बौद्धिक विवेचना के अध्ययन से प्रतीत होता है कि कविता एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से समाज में जनक्रांति लाई जा सकती है। समाज को एक नई दिशा दी जा सकती है। कविता, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, पथिक, वैचारिक आदि नवजागरण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहती है। मन से जो बातें निकली। सब बातें कविता हो नहीं सकती। कविता जिसके अंदर एक गहरा अर्थ समाहित हो। पंक्तियां कुछ विचारने की ओर इंगित करती हैं, सच्चे अर्थों में वही कविता है।

**( कथाकार / स्तंभकार) पंच मंदिर चौक, हजारीबाग -825 301**

**कविता बड़ी सी बड़ी बातों को कम से कम शब्दों में बयां कर जाती हैं। कविता शोर से शांति की ओर ले जाती हैं। उम्मीदों के दीप जलाती हैं, कविताएं। ना उम्मीदों को दूर भगाती हैं, कविताएं। कविताएं, प्रेमी-प्रेमिकाओं के मन में प्रेम का दीप जलाती हैं। दोस्त और दुश्मनी के फर्क को मिटती हैं, कविताएं। कविता मनुष्य के भावाव्यक्ति का दर्पण होती हैं। जब मनुष्य के मन में भाव प्रवेश कर जाते हैं, तभी कविताएं जन्म लेती है।**

## आपकी बात

### सबका साथ -सबका विकास का नारा झारखंड में फ्लॉप



देवेंद्रनाथ महतो

हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के मजदूरो को केंद्र सरकार से भारी नाराजगी है! वर्कर्स अपने मांगों को लेकर पिछले दो महीने से लगातार आंदोलन में अड़े हुए हैं! आज बुधवार को एचइसी




मेनगेट धुर्वा में आंदोलनरत मजदूरों का नैतिक समर्थन देने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो पहुंचे! समर्थन के दौरान देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि मोदी जी का 'सबका साथ सबका विकास' भाषण तक ही केवल सिमट गया है! देश निर्माता एचइसी कि मजदूरों का हालात आज बेहद नाजुक होते जा रही है! एचइसी को जमीन देने वाले भूमि दाता को आज आंदोलन करना पड़ रहा है! केंद्र सरकार को एचइसी वर्क्स के मांगों को त्वरित समाधान करना चाहिए! बताते चलें की यह आंदोलन पिछले 22 महीनो से वेतन बकाया बंद करना और अगस्त महीने से सभी संविदा कार्यों को रद्द कर देने खिलाफ हो रही है! आज के आंदोलन के दौरान भवन सिंह, हरेंद्र प्रसाद यादव, राजेंद्र कांत महतो, प्रेम प्रकाश साहदेव,शारदा देवी आदि सैकड़ो मजदूर मौजूद रहे!

**समर्थन के दौरान देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि मोदी जी का 'सबका साथ सबका विकास' भाषण तक ही केवल सिमट गया है! देश निर्माता HEC कि मजदूरों का हालात आज बेहद नाजुक होते जा रही है! HEC को जमीन देने वाले भूमि दाता को आज आंदोलन करना पड़ रहा है!**

राजनीति

# 'ज्ञान' पर योगी सरकार का पूरा फोकस



उमेश चतुर्वेदी

***योगी*** सरकार के कार्यकाल में ही उत्तर प्रदेश में दो और उल्लेखनीय कार्य हुए। वाराणसी के काशी विश्वनाथ कारीडोर का दो साल पहले उद्घाटन हुआ। करीब सात सौ करोड़ रूपए की लागत से बने इस कारीडोर के चलते काशी में ना सिर्फ आस्था, बल्कि कारोबार का भी सैलाब उमड़ पड़ा है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की सात साल की उपलब्धियों और कार्यो पर गौर करें तो पता चलता है कि इस सरकार का पूरा फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर रहा है। योगी सरकार की इस उपलब्धिय को संक्षेप में ज्ञान यानी जीवाईएएन के रूप में भी देखा जा सकता है। जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी शक्ति। यह ठीक है कि युवा शक्ति को इस दौरान नौकरियों के लिए जूझना जरूर पड़ा है। पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक की वजह से उसे परेशानी भी हुई है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के लिए अच्छी बात यह रही कि केंद्र में पहले से ही उसकी पार्टी की सरकार थी। इसकी वजह से उसे अपनी योजनाओं को लागू करने में किसी रोकटोक का सामना नहीं करना पड़ा। राज्य सरकार ने 2017 में अपनी शुरूआत से ही केंद्र द्वारा शुरू की गई गरीब समर्थक योजनाओं के कार्यान्वयन में जोर लगा दिया। जिसमें उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन देने, शौचालय निर्माण के के साथ ही रेहड़ी-पटरी वालों के लिए रियायती कर्ज और हर जल नल कनेक्शन देने में इस सरकार ने पूरा जोर लगा दिया। राज्य सरकार केंद्र की 44 योजनाओं को लागू करने में अव्वल है। राज्य में उज्वला योजना के तहत अब तक पौने दो करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन मिल चुके हैं। जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में 55 लाख 83 हजार से ज्यादा मकान बने हैं। राज्य में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पौने तीन करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाये गये हैं। उत्तर प्रदेश के देहाती इलाकों में इन शौचालयों को टायलेट या शौचालय की बजाय सहजता से इज्जत घर कहा जा रहा है। हर घर नल योजना के तहत राज्य के दो करोड़ पांच लाख घरों तक पानी का कनेक्शन इन सात सालों में ही दिया गया।

**उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की सात साल की उपलब्धियों और कार्यो पर गौर करें तो पता चलता है कि इस सरकार का पूरा फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर रहा है।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# पाकिस्तान से क्यों खफा हैं इस्लामिक मुल्क



आरके सिन्हा

***पाकिस्तान*** में आजकल सिर्फ अंदरूनी हालात ही खराब नहीं हैं, उसके सामने कई गंभीर संकट और भी हैं। उसे उसके दो पड़ोसी देश, जो उसकी तरह से ही इस्लामिक देश हैं, उससे सख्त नाराज हैं। पहले ईरान और अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फिलहाल अफगानिस्तान और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। दोनों मुल्कों के बीच सरहद पर झड़प भी हुई है। झड़प की शुरूआत पाकिस्तान की तरफ से विगत सोमवार को हुई। इसके जवाब में अफगान तालिबान ने भी सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर गोलीबारी की। ऐसे में सवाल है कि क्या दोनों देश युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? पाकिस्तान के हमलों के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता पर किसी भी तरह के उल्लंघन के गंभीर परिणाम होंगे। इसके साथ ही तालिबान ने पाकिस्तान की नवगठित सरकार से दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को खतरे में डालने के लिए गैर-जिम्मेदाराना कार्यों की अनुमति नहीं देने का भी आग्रह किया। दरअसल पाकिस्तान में हाल के आतंकवादी हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पाकिस्तान का आरोप है कि हमले अफगानिस्तान की सरजमीं से किये गये। जबकि, तालिबान ने पाकिस्तान के इस दावे को गलत बताया है। आपको याद होगा कि बीते जनवरी के महीने में पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोला था। ईरान ने पिछली 16 जनवरी को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किये। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से कहा गया था कि हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने पाकिस्तान में बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरान ने आठ साल पहले सन 2016 में भी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर मोर्टार दागे थे। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है। पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। उधर, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच करीब 2400 किलोमीटर लम्बी अन्तरराष्ट्रीय सीमा है। इसका नाम डूरण्ड रेखा है। दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध तब से लगातार खराब होने लगे जब पाकिस्तान ने पिछले साल अपने देश से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला शुरू किया। पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं। वे पाकिस्तान की नागरिकता भी ग्रहण कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। यहां पर बड़ा सवाल यही है अपने को इस्लामिक संसार का नेता कहने वाले पाकिस्तान से इस्लामिक मुल्क ही खफा क्यों है? इस सवाल का सीधा सा उत्तर है कि पाकिस्तान के डीएनए में ही अपने पड़ोसियों के लिए संकट पैदा करना है।



बोधि वृक्ष

# दुनिया का इकलौता ब्रह्मा मंदिर

**गुरुद्वारा सिंह सभा**

गुरुद्वारा सिंह सभा पुष्कर के पूर्वी भाग में स्थित है। इसे 19वीं सदी की शुरूआत में पहले और दसवें गुरु श्री गुरु नानक देव जी और श्री गुरु गोविंद सिंह जी की यात्रा की स्मृति में बनाया गया था।

**वराह मंदिर**

12वीं शताब्दी के राजा अन्नाजी चौहान ने भगवान विष्णु के तीसरे अवतार वराह को समर्पित कर यह मंदिर बनवाया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार एक राक्षस (हिरण्याक्ष) धरती को जल की गहराई में ले गया था। जहां से वराह ने उसे बचाया था।

**सावित्री मंदिर**

ब्रह्मा मंदिर के पीछे ऊंची पहाड़ी पर सावित्री मंदिर बना है। मां सावित्री ब्रह्मा जी की पहली पत्नी थीं। मंदिर से नीचे की ओर झील मंदिर और रेत के टीलों का शानदार नजारा दिखाई देता है। पुराणों के अनुसार ब्रह्मा जी ने पुष्कर में यज्ञ करने के लिए गायत्री से दूसरा विवाह किया था। इससे नाराज होकर उनकी पहली पत्नी सावित्री ने उन्हें श्राप दिया। जिस कारण पूरे विश्व में ब्रह्मा जी का केवल एक ही मंदिर है, जो राजस्थान के पुष्कर में है।



**पाप मोचिनी मंदिर**

देवी एकादशी को समर्पित इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां आने वाले लोग अपने पापों से मुक्त हो जाते हैं। पुष्कर के उत्तरी भाग में स्थित ये मंदिर पुष्कर के मुकुट में मोती के समान है। यह राजस्थान के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# घर बैठे जुड़वाएं वोटर लिस्ट में नाम

जानें कैसे करें अप्लाई

लोकसभा 2024 चुनाव की तारीख का एलान बीती शनिवार को हो चुका है। 19 अप्रैल 2024 को पहले चरण के साथ मतदान शुरू हो जायेगा। लोकसभा 2024 चुनाव 7 चरणों में होगा। लेकिन इससे पहले घर ही बैठे वोटर लिस्ट में कैसे नाम जुड़वाएं जानें पूरी डिटेल्स, यहां इस तरह से करें ऑनलाइन अप्लाई का तरीका। लोकसभा 2024 चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग (ECI) ने चुनाल की तारीखों का एलान कर दिया है। वहीं सात चरण में होगा लोकसभा 2024 का चुनाव। हालांकि, चुनाव से पहले सरकार वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए भी पूरे प्रयास कर रही है। वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना काफी आसान है। अगर आपकी उम्र 18 साल या इससे अधिक हो गई है तो आप अपने घर बैठे ही वोटर लिस्ट में नाम जुड़वा सकते हैं। आइये आपको बताते हैं किस तरह से वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाएं। **वोटर कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कैसे करें - सबसे पहले आप आधिकारिक बेवसाइट** https://voters.eci.gov.if/ पर जाएं और लेफ्ट में दिख रहे For 6 के ऑप्शन पर क्लिक करें। इसके बाद मोबाइल नंबर के साथ अपनी आईडी बनायें और लॉगिन करें। - लॉगिन के बाद फिर Form 6 के ऑप्शन पर क्लिक करें। इसके बाद अपने राज्य, जिला और शहर का चुनाव करें। अपनी जरुरी जानकारी जैसे मोबाइल नंबर, एड्रेस, विधानसभा क्षेत्र भरें। इसके बाद अपने माता-पिता या पैरेंट्स की वोटर आईडी नंबर और नाम डालें। **(क्रमशः)**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### राजद में टिकट बंटवारे के लिए लालू यादव अधिकृत

**पटना।** बिहार में बुधवार से लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। इसी बीच अब महागठबंधन में सीट बंटवारे और प्रत्याशियों के चयन को लेकर भी बैठकों का दौर जारी है। बुधवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर राजद की संसदीय बोर्ड की हुई बैठक में टिकट बंटवारे के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया। बिहार के अलावा अन्य राज्यों में भी जहां इंडिया गठबंधन के तहत राजद के उम्मीदवार होंगे, उसका नाम भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ही तय करेंगे।

### राष्ट्रपति ने पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा स्वीकारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगमंत्री पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। उनके स्थान पर कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सलाह पर पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

### बंगाल में मंत्री के भाई के ठिकानों पर इनकम टैक्स की रेड

**कोलकाता ।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार सुबह से पश्चिम बंगाल के बिजली और आवास मंत्री अरूप विश्वास के छोटे भाई स्वरूप विश्वास के आवास पर बड़े पैमाने पर छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू किया। बुधवार की सुबह, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस कर्मियों की सुरक्षा में आयकर अधिकारियों की एक टीम दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर स्थित स्वरूप बिस्वास के आवास पर पहुंची। सूत्रों ने बताया कि बिस्वास के आवास के अलावा, आयकर अधिकारी दक्षिण कोलकाता में चार अन्य स्थानों पर भी छापेमारी कर रहे हैं। आयकर अधिकारियों ने छापे और तलाशी अभियान के बारे में कुछ नहीं बताया है। अन्य चार ठिकानों पर जहां इसी तरह की छापेमारी की जा रही है, उनमें ईडन रियल एस्टेट और मल्टीकॉन रियल एस्टेट नामक दो संस्थाओं के कार्यालय शामिल हैं।

### शादी के बाद लालू से आशीर्वाद लेने पहुंचे बाहुबली अशोक महतो

**पटना।** 90 के दशक में सुर्खियां बटोरने वाले बिहार के बाहुबली अशोक महतो को नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'खाकी : द बिहार चैप्टर' ने चचाओं में ला दिया था। एक बार फिर अशोक महतो चर्चा में हैं। अब, 55 साल की उम्र में अशोक महतो ने शादी रचा ली है। अशोक महतो ने 46 साल की अनीता से शादी की। फिर, शादी के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात करने पहुंच गए। उन्होंने कहा कि वो लालू प्रसाद यादव का आशीर्वाद लेने आए हैं। जब अशोक महतो से मीडियाकर्मियों ने उनकी पत्नी के बारे में सवाल किया कि क्या मैडम चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि अगर जनता की कृपा रही, तो वो चुनाव लड़ेंगी। मालूम हो कि बीते दिनों अशोक महतो को लालू यादव ने चुनाव लड़ने का भी न्योता दिया था।

## बदायूं डबल मर्डर: बच्चों की मां ने कहा, नहीं थी किसी से रंजिश

**एजेंसी। बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुए दो बच्चों की हत्या के बाद बच्चों की मां ने कहा कि हमारी उससे कोई रंजिश नहीं थी। आरोपी के भाई से पूछताछ की जानी चाहिए। हो सकता हो किसी ने यह घटना करवाई हो। उन्होंने किसी की साजिश होने की आशंका जताई है। आरोपी ने उनसे पांच हजार रुपये मांगे। इस पर उन्होंने अपने पति को फोन कर साजिद द्वारा पांच हजार रुपये मांगने की जानकारी दी। इस पर पति ने साजिद को पत्नी से पांच हजार रुपये देने के लिए कह दिया। साथ ही कहा कि लड़का अच्छा है, कल लौटा देगा। इस पर ठेकेदार की पत्नी ने साजिद से कहा कि तुम बैठों में चाय बना देती हूं। उसके बाद रुपये दे दूंगी। पत्नी चाय बनाने गई, तभी साजिद दोनों बच्चों को छत पर ले गया। वहां ले जाकर दोनों बच्चों को चाकू से काट डाला। आरोपी ने उसके तीसरे बच्चे को भी मारने की कोशिश की, हालांकि वह आरोपी से छूटकर भाग गया। ठेकेदार विनोद ठाकुर ने मुख्य आरोपी साजिद और उसके भाई जावेद के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। उनका आरोप है कि दोनों भाई घर में घुसे और बेटों की हत्या कर फरार हो गए। विनोद का कहना है कि दोनों हत्यारोपी मंगलवार शाम उनके घर आए थे।

इधर दोनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के बाद कड़ी सुरक्षा



व्यवस्था के बीच घर लाए गए जहां से शव को कछला ले जाया गया। बच्चों के घर के बाहर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

## द्रमुक ने लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की

**एजेंसी। चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची घोषित कर दी। राज्य में 'इंडिया' ब्लॉक का नेतृत्व करने वाले द्रमुक के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कैडर से राज्य की सभी 39 सीटें जीतने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया है। द्रमुक 21 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस को नौ सीटें, वीसीके, माकपा और भाकपा को दो-दो



सीटें, और एमडीएमके, आईयूएमएल और केएमडीके को एक-एक सीटें आवंटित की गई हैं। द्रमुक ने कुड्डालोर, तिरुनेलवेली और मयिलादुथुराई सीटों की अदला-बदली के बाद कांग्रेस से अरणी, तिरुचि और थेनी सीटें ले ली हैं।

### प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन

# देश में 45 प्रतिशत से अधिक स्टार्ट-अप का नेतृत्व कर रही हैं महिलाएं : मोदी

- मैं यहां भविष्य के उद्यमियों और यूनिकॉर्न को देख रहा हूं, हमने आईटी और सॉफ्टवेयर में अपनी छाप छोड़ी
- भारत ने स्टार्टअप-20 के तहत दुनिया भर के लिए इकोसिस्टम को एक साथ लाने का प्रयास किया

**एजेंसी। नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। हमारी युवा शक्ति की नवोन्मेषी भावना से संचालित भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व गति से फल-फूल रहा है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आमतौर पर कारोबारी दिमाग सोचता है कि चुनाव नजदीक हैं, जब नई सरकार सत्ता में आएगी तब देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है और उसके बावजूद आपने इतना बड़ा आयोजन किया है। इसका मतलब है कि आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने वाला है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं यहां भविष्य के उद्यमियों और यूनिकॉर्न को देख रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में मुझे लगता है कि इस स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है। बीते दशकों में हमने देखा है कि भारत ने कैसे आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है। अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं।

### स्टार्ट-अप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत

भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्ट-अप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत के रूप में उभर रहा है तो इसके पीछे एक सोची समझी दृष्टि आ रही है। भारत ने सही समय पर



**स्टार्टअप तो बहुत लोग करते हैं, लेकिन पॉलिटिक्स में तो ज्यादा और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है : पीएम**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर फिर एक बार तंज कसा। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि स्टार्ट-अप तो बहुत लोग लॉन्च करते हैं, लेकिन पॉलिटिक्स में तो ज्यादा और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं। एक लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं। पीएम मोदी की यह बात सुनकर कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग जोर-जोर से हंसने लगे।

सही निर्णय लिए हैं। सही समय पर स्टार्ट-अप्स को लेकर काम शुरू हुआ। स्टार्टअप इकोसिस्टम की बदलती मानसिकता पर मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं ने नौकरी चाहने वाले के बजाय नौकरी निमार्ता बनने का रास्ता चुना है। भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य आज पूरी दुनिया देख रही है। इस सामर्थ्य पर भरोसा करते हुए देश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्माण की तरफ अनेक कदम उठाए हैं।

भारत ने स्टार्टअप-20 के तहत दुनिया भर के लिए इकोसिस्टम को एक साथ लाने का प्रयास किया है। इसी भारत मंडपम में जी-20 के दिल्ली घोषणापत्र में पहली बार स्टार्टअप को न सिर्फ शामिल किया गया, बल्कि उन्हें विकास का प्राकृतिक इंजन भी माना गया। स्टार्ट-अप को डिजिटल इंडिया द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक बड़ी प्रेरणा है और सुझाव दिया कि कॉलेज इसे एक केस स्टडी के रूप में लें। उन्होंने उल्लेख किया कि यूपीआई फिन-टेक स्टार्ट-अप के लिए समर्थन का एक स्तंभ बन गया है जो देश में डिजिटल सेवाओं के विस्तार के लिए नवीन उत्पादों और सेवाओं के विकास का नेतृत्व करता है। उन्होंने कहा, देश ने इनोवेटिव विचारों को एक मंच के तहत लॉन्च किया, जिसमें फंडिंग के आंकड़े जुड़े हुए हैं। डॉक्यूमेंट रिसर्च में इनक्यूबेटर की स्थापना का अभियान भी चलाया गया और उसके बाल वाटिका के रूप में हमने 'अटल टिंकरिंग लैब' की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम केवल मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है, यह अब एक सामाजिक संस्कृति बन गया है। भारत की स्टार्टअप क्रांति का नेतृत्व आज देश के छोटे शहरों के युवा कर रहे हैं।

## पिता की कर्मभूमि से चाचा को चुनौती देने को चिराग तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली।** संसदीय दल के बैठक के बाद लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख चिराग पासवान ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि वे अपने पिता की कर्मभूमि बिहार के हाजीपुर से ही चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके लिए उन्हें हर चुनौती स्वीकार है। चिराग पासवान ने कहा कि अगर उनके खिलाफ उनके चाचा पशुपतिनाथ पासवान भी आते हैं तो उनका डटकर मुकाबला करेंगे। यहां पर मीडिया से बातचीत करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि यह निश्चित है कि मैं हाजीपुर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का एनडीए का उम्मीदवार बनूंगा। यह सीट मेरे पिता की कर्मभूमि है।



चिराग ने यह भी कहा कि अगर उनके चाचा पशुपति कुमार पारस वहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं तो इसका निर्णय अंततः उन्हें ही लेना होगा। मैं कभी किसी चुनौती से नहीं डरा। चिराग पासवान ने कहा कि अब हम बिहार की ओर रुख करेंगे। आने वाले समय में हम बड़ी लड़ाई की ओर बढ़ रहे हैं। गठबंधन के तहत 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे, हमें इस बात का भरोसा है। चिराग ने कहा कि मुझे लगता है कि अगले दो-चार दिनों में सभी 5 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर सहमति बन जाएगी। अगले चार-पांच दिन में नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

## कांग्रेस के दो पूर्व उम्मीदवार समेत दर्जनों समर्थक भाजपा में शामिल

- संसदीय प्रत्याशी अनिल बलूनी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**एजेंसी। देहरादून।** भाजपा में शामिल होने का क्रम थमता नजर नहीं आ रहा है। कांग्रेस के दो पूर्व उम्मीदवारों और उनके अन्य समर्थकों ने पौड़ी संसदीय प्रत्याशी अनिल बलूनी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इनमें चौबट्टाखाल के पूर्व उम्मीदवार केसर सिंह नेगी , पौड़ी के पूर्व उम्मीदवार नवल किशोर, ब्लाक प्रमुख पौड़ी दीपक खुगसाल के साथ लगभग 20 लोग शामिल हुए।

## ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका पर केजरीवाल को राहत नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका पर कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सुरेश कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि केजरीवाल को कोर्ट में पेश होना होगा। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल से कहा कि आप पहले देश के नागरिक हैं। आपके नाम से समन जारी हुआ तो आपको पेश




होना चाहिए। तब केजरीवाल की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इसी तरह संजय सिंह और मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया। केजरीवाल एक आम अपराधी नहीं हैं। वे कहां भागकर जाएंगे। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा कि केजरीवाल की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। इस मसले पर वे जवाब दाखिल करेंगे। उसके बाद कोर्ट ने दो हफ्ते के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## दिल्ली में मकान मालिक ने की किरायेदार की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में मकान मालिक ने कथित तौर पर एक किरायेदार की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने बुधवार को बताया, "संदिग्ध फरार है। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।"उत्तर-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जॉय तिर्की ने कहा, "बुधवार सुबह 7:15 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल पर करावल नगर के अंबेडकर विहार में एक घर में एक शव के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।" पुलिस ने मौके पर घर में व्यक्ति को मृत पाया। उसे कोई बाहरी चोट नहीं लगी थी। मृतक की पहचान सुभाष (35) के रूप में हुई है। डीसीपी ने कहा, "मृतक एक मजदूर था। घर का मालिक सतीश भड़ाना फरार है। भड़ाना एमसीडी में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करता है।" संदिग्ध का पता लगाने और घटना के पीछे की वजह और परिस्थितियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## एल्विश मामले से जुड़े दो और गिरफ्तार, एक खास दोस्त तो दूसरा सपेरों का जानकार

**नोएडा।** यूट्यूबर एल्विश यादव मामले में पुलिस ने और कुछ लोगों पर शिकंजा कस दिया है। इस मामले में



बुधवार सुबह दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनका कनेक्शन एल्विश यादव के साथ बताया जा रहा है। ईश्वर और विनय नाम के दो लोगों को नोएडा के सेक्टर 20 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में फिलहाल कई और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है और कई बड़े लोगों को नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया भी जा सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक, जेल में बंद एल्विश यादव के ग्रुप और साथियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस मामले में मंगलवार देर रात ईश्वर और विनय को नोएडा पुलिस ने कोतवाली सेक्टर 20 में पूछताछ के लिए बुलाया था। देर रात तक उनसे पूछताछ भी चली।

## राज्यपाल पद से इस्तीफा दे तमिलिसाई सौंदरराजन ने थामा भाजपा का दामन

**एजेंसी। नई दिल्ली।** तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन बुधवार को दोबारा से भाजपा में शामिल हो गईं। चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई और जी किशन रेड्डी की मौजूदगी में तमिलिसाई सौंदरराजन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने दो दिन पहले ही तेलंगाना के राज्यपाल के पद से इस्तीफा दिया था।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद तमिलिसाई सौंदरराजन ने कहा कि वे चुनाव लड़ना चाहती हैं और इस बारे में उन्होंने पार्टी को भी जानकारी दी है।



उन्होंने पार्टी से जुड़ने की खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज दिन के कठिन निर्णय और सुखद निर्णय का दिन है। तमिलनाडु में कमल निश्चित रूप से खिलेगा। इसके लिए वे दिन रात मेहनत करेंगी। 62 साल की तमिलिसाई ने नवंबर 2019 में तेलंगाना के दूसरे राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी। तेलंगाना के राज्यपाल पद के साथ ही उन्हें फरवरी 2021 में पुडुचेरी के उपराज्यपाल का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। माना जा रहा है कि तमिलिसाई को भाजपा पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतार सकती हैं।

## बिहार : वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रत्यय अमृत बने गृह विभाग के नए अपर मुख्य सचिव

**पटना।** वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रत्यय अमृत को बिहार के गृह विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद 1991 बैच के आईएएस अधिकारी प्रत्यय अमृत को अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रत्यय अमृत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी बताए जाते हैं। इससे पहले चुनाव आयोग के निर्देश पर गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ हटा दिए गए थे। प्रत्यय अमृत आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव की जिम्मेदारी संभाल चुके है।

# लोकसभा चुनाव : उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू

- पश्चिम उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में

**एजेंसी। नई दिल्ली।** देश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 का बुधवार से प्रारंभ हो गया। चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनाव की घोषणा के अंतर्गत पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पश्चिम उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में है। नामांकन स्थल पर चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। आठ लोकसभा सीटों में सात सामान्य और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से 3 बजे के मध्य होगी।

नामांकन के लिए उम्मीदवार रिटर्निंग आफीसर (आरओ-एआरओ) कार्यालय में पांच लोगों के साथ ही प्रवेश की अनुमति है। वहीं आरओ कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में तीन वाहनों को ले जाने की अनुमति होगी। पहले



चरण के नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च और 30 मार्च को नाम वापसी का है। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पहले चरण में उत्तर प्रदेश की 8 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। इन जनपद में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**वृष :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुन :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**कर्क :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनु :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मकर :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ :** सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा।

**मीन :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

# आईपीएल 2024 : सीएसके कैंप में शामिल हुए शिवम दुबे

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शिवम दुबे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन से पहले पांच बार के विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। चेन्नई स्थित फ्रेंचाइजी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने बुधवार को 30 वर्षीय खिलाड़ी की टीम में शामिल होने की एक छोटी क्लिप साझा की है। दुबे ने 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपना आईपीएल डेब्यू किया। इसके बाद, उन्होंने 51 मैचों में भाग लिया और 141.79 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,106 रन बनाए। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने 13 पारियों में चार विकेट हासिल किए हैं। सीजन की शुरुआत से पहले सीएसके को एक झटका भी लगा, क्योंकि न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के अंगूठे की सर्जरी के बाद कम से कम टूर्नामेंट के पहले भाग से चूकने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के तीसरे टी20 मैच के दौरान कॉनवे की उंगली में चोट लग गई थी। सीएसके की टीम 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आईपीएल 2024 के पहले गेम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। सीएसके की टीम इस प्रकार है: एमएस धोनी (कप्तान), मोइन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, मथीशा पथिराना, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश थीक्षाना, रचिन रवींद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिशेल, समीर रिजवी, मुस्तफिजुर रहमान, अवनीश राव अरावली।



## धोनी के लिए क्रिकेट महत्वपूर्ण है, लेकिन सब कुछ नहीं : जहीर खान

**नई दिल्ली ।** वर्षों की मेहनत के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी खुद की एक विरासत बनाई है। 2011 में भारत को वनडे विश्व कप जिताने से लेकर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ पांच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने तक, रांची में जन्मे क्रिकेटर ने खेल को अपना सब कुछ दिया है। हालांकि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि धोनी जैसे स्थापित और प्रसिद्ध खिलाड़ी के लिए क्रिकेट महत्वपूर्ण है, लेकिन यह उनके लिए सब कुछ नहीं है। जहीर ने कहा, 'जब आप खेल रहे हों, तो (खेल से) स्विच ऑफ करना बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट ही सब कुछ नहीं है। हर क्रिकेटर को अंततः इसका सामना करना पड़ता है। जब आप खेल से दूर हो जाते हैं तो आपके पास बहुत सारे विकल्प नहीं होते हैं।

## पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट बुधवा उरांव का निधन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट बुधवा उरांव का मंगलवार की रात को करीब 12 बजे जमशेदपुर के मानगो स्थित सहारा सिटी में निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 75 वर्ष थी। उनका पैतृक निवास स्थान इटकी के रानी खंटगा में है, जहां उनका अंतिम संस्कार होगा। खेल कोटे के तहत वे डीएसपी के पद पर रह चुके थे। वे झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव भी रह चुके थे। वर्ष 1987 में ढाका में आयोजित साउथ एशियन गेम्स में उन्होंने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। 1989 में कनाडा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में उन्होंने स्वर्ण और रजत पदक जीता था। उनके पांच पुत्र और एक पुत्री है। बुधवा उरांव के निधन पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार : अनुराग



**नई दिल्ली :** खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिए आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिए तैयार होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है।' उन्होंने कहा,हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है। खेलों के लिए भारत से बड़ा बाजार नहीं है।' उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जाएंगे।

## 'बैंगलोर' ने नाम बदल कर किया 'बेंगलुरु'



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम से जाना जाएगा। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा की और यह 2008 में अपनी स्थापना के बाद से इसके नाम में पहला बदलाव है। यह घोषणा आरसीबी द्वारा चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक कार्यक्रम के दौरान की गई, जहां विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस, हाल ही में डब्ल्यूपीएल चैंपियन स्मृति मंधाना और पुरुष और महिला दोनों टीमों के अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। इवेंट में, आरसीबी ने कर्नाटक और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आर विनय कुमार को अपने हॉल ऑफ फेम के तीसरे खिलाड़ी के रूप में घोषित किया। सूची में एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल शुरूआती दो खिलाड़ी हैं, जिन्हें पिछले संस्करण में शामिल किया गया था।

## दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे ऋषभ पंत



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण में ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। फ्रैंचाइजी ने मंगलवार रात उक्त घोषणा की। विकेटकीपर-बल्लेबाज 14 महीने के बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं, और विजाग में दिल्ली कैपिटल्स के प्री-सीजन तैयारी शिविर का हिस्सा रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, डीसी के अध्यक्ष और सह-मालिक पार्थ जिंदल ने मंगलवार को कहा, हमें अपने कप्तान के रूप में ऋषभ का वापस स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। धैर्य और निडरता ने हमेशा उनके क्रिकेट ब्रांड को निर्धारित किया है। मैं उन्हें एक बार फिर हमारी टीम से बाहर जाते हुए देखने का इंतजार नहीं कर सकता क्योंकि हम नए जोश, जोश और उत्साह के साथ नए सीजन का इंतजार कर रहे हैं।'

## अक्षदीप ने की शानदार बल्लेबाजी एलडीए पहुंचा फाइनल में



**एजेंसी। लखनऊ**

सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में एलडीए ने रेप्ल क्रसडर्स क्लब को आठ विकेट से मात देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में एलडीए के अक्षदीप ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाये। रेप्ल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अमन ने 20 रन का योगदान दिया। वहीं शाश्वत शून्य पर ही पवेलियन लौट गये, जबकि सावन कुमार सिंह ने अपनी टीम में सर्वाधिक 69 रन बनाये, जबकि आदित्य ने 31 रन अभय ने 12 रन का योगदान दिया। एलडीए की टीम ने मात्र दो विकेट गवांकर 174 रन बना लिये और मैच को आठ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज आदित्य पांडेय मात्र दो रन बनाकर पवेलियन लौट गये, जबकि देश दीपक शून्य पर ही आउट हो गये। अक्षदीप ने 13 चौका और एक छक्का की मदद से 106 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। वहीं मो. अल्ताफ ने 55 रन का योगदान दिया।

## आईसीसी ने वानिंदु हसरंगा पर लगाया दो टेस्ट मैचों का प्रतिबंध



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को श्रीलंका के हरफनमौला खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए निलंबित कर दिया गया है। हसरंगा ने पिछले साल इस प्रारूप से संन्यास लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने का फैसला किया था। बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के तीसरे वनडे के दौरान, हसरंगा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कार्मिक के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखानेऱ से संबंधित है। यह घटना खेल के 37वें ओवर में घटी जब हसरंगा ने एक अंपायर से उसकी टोपी छीन ली और मैच में अंपायरिंग का मजाक उड़ाया। बांग्लादेश ने चार विकेट से मुकाबला जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। हसरंगा को अपने अपराध के लिए 50 प्रतिशत मैच फीस का जुमार्ना और तीन डिमेरिट अंक प्राप्त हुए।

## नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए प्रशिक्षुओं का चयन आज से

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखड खेल प्राधिकरण अंतर्गत प्रारंभ किये गये जा रहे 06 नये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हेतु सत्र 2024-25 के लिए प्रशिक्षुओं का चयन किया जाना है। इसके लिए प्रतिभा चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 21 से 23 तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी, रांची में फुटबॉल विधा में। 27 से 29 तक बिरसा मुण्डा मेगा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स, धनबाद में फुटबॉल विधा में। 21 से 23 तक : मेगा स्पोट्स कम्प्लेक्स होटवार रांची में कुश्ती विधा में। 21 से 23 को मेगा स्पोट्स कम्प्लेक्स होटवार रांची में बैडमिंटन विधा में। दिनांक 23 से 24 तक चंदनकियारी, बोकारो में एथलेटिक्स विधा में। 21 से 23 एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेमा में हॉकी विधा में चयन किया जाएगा। प्रत्येक सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस हेतु 25 बालक एवं 25 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। पूर्व में इस सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु किये गये चयन ट्रायल में चयनित प्रशिक्षुओं की समीक्षा करते हुए उनको प्राथमिकता दी जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवातियों का चयन किया जाएगा।

## स्विस ओपन 2024 : ट्रीसा जॉली व गायत्री गोपीचंद की जोड़ी दूसरे दौर में

**एजेंसी। बासेल**



भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मंगलवार को स्विट्जरलैंड के बासेल में आयोजित स्विस ओपन 2024 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। भारतीय शटलरों ने राउंड 32 में एनी जू और केरी जू की अमेरिकी जोड़ी को 21-15, 21-12 से हराकर आसान जीत हासिल की। यह गेम 39 मिनट तक चला। इस बीच, हरिहरन अम्सकारुनन और रूबन कुमार रेथिनासाबापति की पुरुष युगल जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में फ्रांसीसी जोड़ी नातान बेग्गा और बैप्टिस्ट लाबार्थे के खिलाफ 21-17, 21-15 से आसान जीत दर्ज की। स्विस ओपन 2024 के मिश्रित युगल में, बी सुमीथ रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ब्राजील के डेवी सिल्वा और सामिया लीमा को 21-12, 21-17 से हराकर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। दूसरी ओर, अन्य तीन भारतीय महिला युगल जोड़ियों रुतपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा, अश्विनी भट्ट-शिखा गौतम और प्रिया कोन्जेंगबाम-श्रुति मिश्रा को अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। भारत के समीर वर्मा और सतीश कुमार करुणाकरण ने क्वालीफाइंग दौर के पुरुष एकल स्पर्धा में अपना पहला मैच जीता, लेकिन अपने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में हार का सामना करने के बाद वे मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में असफल रहे। स्विस ओपन 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक प्रदान करेगा।

## बाइक हादसे का शिकार हुए कैमरून बैनक्रॉफ्ट



**नई दिल्ला।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज कैमरून बैनक्रॉफ्ट बाइक हादसे का शिकार हो गए हैं। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई है, जिसके कारण वह गुरुवार से पर्थ के वाका मैदान पर तस्मानिया के खिलाफ शुरू होने वाले मार्श शेफील्ड शील्ड फाइनल में नहीं खेल पाएंगे। बाइक चलाते समय उनके साथ यह हादसा हुआ। क्रिकेट.कॉम.एयू वेबसाइट के अनुसार, बैनक्रॉफ्ट का बाहर होना पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की शील्ड खिताब की हैट्रिक के लिए एक बड़ा झटका है।

## हरियाणा और पंजाब के मुक्केबाजों की शानदार शुरुआत



**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीसरी सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पहले दिन हरियाणा के छह लड़के और पंजाब की चार लड़कियों ने जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। हरियाणा के लिए, उदय सिंह (37 किग्रा) ने झारखंड के योराज पर 5-0 की शानदार जीत के साथ दिन की विजयी शुरूआत की। अपना दबदबा जारी रखते हुए, देव (43 किग्रा) और संचित जयनी (46 किग्रा) ने भी क्रमशः मिजोरम के वीएल रोहलुजुआला और महाराष्ट्र के सनी यादव के खिलाफ 5-0 से समान जीत हासिल की। रवि सिहाग (49 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा) और नमन (58 किग्रा) हरियाणा के अन्य मुक्केबाज थे जिन्होंने अपने-अपने मुकाबलों में जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। लड़कों के वर्ग में पंजाब, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के चार-चार मुक्केबाजों ने भी दूसरे दौर में प्रवेश किया। इस बीच, जूनियर लड़कियों के मुकाबलों में पंजाब की मुक्केबाजों का दबदबा रहा और चार में से तीन ने जीत दर्ज की।

## तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी पाकिस्तानी महिला क्रिकेट टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम अप्रैल में तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी। सीरीज के सभी मैच कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम (एनबीएस) में होंगे।

वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच तीन वनडे मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा होंगे। पहला वनडे मैच 18 अप्रैल को होगा। वहीं, दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 21 और 23 अप्रैल को होगा।

तीन मैचों की 50 ओवरों की श्रृंखला के बाद 26 अप्रैल से 3 मई तक पांच मैचों की टी20ई खेली जाएगी, जिससे पाकिस्तान और वेस्टइंडीज दोनों को आगामी महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी।

नवंबर 2021 के बाद वेस्टइंडीज की महिलाओं का यह पहला पाकिस्तान दौरा होगा। पिछली बार उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों के लिए देश का दौरा किया था, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की थी।

आईसीसी ने पाकिस्तान की महिला क्रिकेट प्रमुख तानिया मलिक के हवाले से कहा, हम आगामी श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज महिला टीम का पाकिस्तान में हार्दिक स्वागत करते हैं। 2022-25 चक्र के भीतर घर पर चौथी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला की मेजबानी करना महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और हमारे खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए पीसीबी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

### श्रृंखला के कार्यक्रम इस प्रकार से हैं

- 18 अप्रैलः पहला वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
- 21 अप्रैलः दूसरा वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
- 23 अप्रैलः तीसरा वनडे, कराची (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप)।
- 26 अप्रैलः पहला टी20 मैच, कराची।
- 28 अप्रैलः दूसरा टी20 मैच, कराची।
- 30 अप्रैलः तीसरा टी20 मैच, कराची।
- 2 मईः चौथा टी20 मैच, कराची।
- 3 मईः 5वां टी20 मैच, कराची।

## तीसरे सब जूनियर नेशनल में हरियाणा, पंजाब की शानदार शुरुआत

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही तीसरी सब जूनियर नेशनल मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन हरियाणा के छह लड़के और पंजाब की चार लड़कियां जीत के साथ अगले दौर में पहुंच गए। हरियाणा के लिए, उदय सिंह (37 किग्रा) ने झारखंड के योराज पर 5-0 की शानदार जीत के साथ दिन की विजयी शुरूआत की। अपना दबदबा जारी रखते हुए, देव (43 किग्रा) और संचित जयनी (46 किग्रा) ने भी क्रमशः मिजोरम के वीएल रोहलुजुआला और महाराष्ट्र के सनी यादव के खिलाफ 5-0 से समान जीत हासिल की।

# खबरें व्यापार जगत की

## 'प्योर वेज मोड' वाले राइडर का रंग भी होगा लाल : जोमैटो सीईओ



**नई दिल्ली।** 'प्योर वेज मोड' लॉन्च करने के अपने फैसले पर आलोचना का सामना कर रहे जोमैटो के सह-संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने बुधवार को कहा कि कंपनी अलग से राइडर नहीं रखेगी। इससे पहले, 'प्योर वेज मोड' के लिए राइडर को केवल हरे रंग की वर्दी पहननी होती थी, लाल नहीं, जो जोमैटो का रंग है। गोयल ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, हम शाकाहारियों के लिए एक राइडर अलग से रखेंगे, लेकिन हरे रंग में नहीं। हमारे सभी राइडर लाल रंग पहनेंगे। इसका मतलब यह है कि शाकाहारी ऑर्डर के लिए राइडर की अलग से कोई पहचान नहीं होगी। कंपनी के सीईओ ने कहा, इससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे लाल वर्दी वाले डिलीवरी पार्टनर गलत तरीके से नॉन-वेज भोजन से जुड़े नहीं हैं और किसी विशेष दिन के दौरान किसी आरडब्ल्यूए या सोसायटी द्वारा ब्लॉक नहीं किए गए हैं... हमारे राइडर की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मंगलवार की देर रात गोयल ने स्पष्ट किया था कि यदि कंपनी को इस निर्णय में कुछ गलत लगता है तो हम इसे तुरंत वापस ले लेंगे। गोयल ने कहा, अब हमें एहसास हुआ है कि हमारे कुछ ग्राहक भी अपने मकान मालिकों से परेशानी में पड़ सकते हैं और अगर हमारी वजह से ऐसा हुआ तो यह अच्छी बात नहीं होगी। इससे पहले, उन्होंने 100 प्रतिशत शाकाहारी ग्राहकों के लिए अलग से राइडर की घोषणा की थी। उनके फैसले की सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हुई।

## नहीं मिला अमेरिकी न्याय विभाग से कोई नोटिस : अडाणी समूह




**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनियों ने कहा है कि उन्हें रिश्वतखोरी के किसी भी आरोप पर अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) से कोई नोटिस नहीं मिला है। इससे पहले जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उच्च स्तर की पारदर्शिता को देखते हुए अडाणी समूह के लिए रिश्वतखोरी की गुंजाइश लगभग असंभव दिखती है। अडाणी समूह ने शेयर बाजार को बताया कि उन्हें आरोप के संबंध में न्याय विभाग से कोई नोटिस नहीं मिला है और इस संबंध में मीडिया में आई रिपोर्ट झूठी है। ब्लूमबर्ग ने पिछले सप्ताहांत पर बताया था कि अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय और डीओजे के अभियोजक संभावित रिश्वतखोरी की जाँच के लिए अडाणी समूह की इकाई और एज्योर पावर ग्लोबल पर नजर रख रहे हैं। एक अलग फाइलिंग में अडाणी ग्रीन एनर्जी ने भी शेयर बाजार को बताया कि उसे कोई नोटिस नहीं मिला है, लेकिन एक तीसरे पक्ष द्वारा अमेरिका के भ्रष्टाचार रोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन की अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा जाँच के बारे में जानकारी है। अडाणी ग्रीन ने फाइलिंग में कहा, कंपनी का उक्त तीसरे पक्ष के साथ कोई संबंध नहीं है और इसलिए वह वर्तमान में अमेरिका की जाँच के दायरे पर टिप्पणी करने में असमर्थ है कि कंपनी या उसके किसी कर्मचारी के खिलाफ तीसरे पक्ष के साथ कंपनी के कथित लेनदेन के संबंध में जाँच चल रही है या उसका नाम आ रहा है। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में कहा गया था कि कुल मिलाकर, यह मानते हुए कि यह कंपनियों की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना से संबंधित है, हम मानते हैं कि ऐसे प्रावधानों से भौतिक वित्तीय प्रभाव पड़ने की अत्यधिक संभावना नहीं है, भले ही रिपोर्ट की गई जाँच अभियोजन चरण और उसके बाद रिश्वतखोरी साबित होने तक पहुँच जाए। रिपोर्ट में कहा गया था, भारत में जारी विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा निविदाओं में शामिल उच्च स्तर की पारदर्शिता को देखते हुए, बड़े भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की गुंजाइश बहुत कम लगती है।

## भारत में 5जी डाटा की खपत 4जी की तुलना में चार गुना




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2022 में 5जी सेवाओं की लॉन्चिंग की थी। इसके बाद से भारत में 5जी यूजर्स 4जी की तुलना में करीब 3.6 गुना ज्यादा मोबाइल डेटा का उपयोग कर रहे हैं। बुधवार को जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रति यूजर औसत मासिक डेटा ट्रैफिक 2023 में साल-दर-साल 24 प्रतिशत बढ़ गया, जो प्रति यूजर प्रति माह 24.1 गीगाबाइट तक पहुंच गया। भारत में 5जी डिवाइस इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो रहा है। देश की 79.6 करोड़ स्मार्टफोन में से करीब 17 प्रतिशत यानी 13.4 मिलियन 5जी डिवाइस हैं। 'नोकिया मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स' रिपोर्ट के मुताबिक, "भारत में 5जी डेटा की खपत 4जी की तुलना में चार गुना है। 2023 में, यूजर्स ने पिछले पांच वर्षों में 26 प्रतिशत की सीएजीआर के साथ प्रति माह 17.4 एक्साबाइट की खपत की। निष्कर्षों के अनुसार, 5जी का लॉन्च डेटा उपयोग में वृद्धि के लिए मुख्य स्रोत के रूप में उभरा है, जो 2023 में सभी डेटा ट्रैफिक में 15 प्रतिशत का योगदान देगा। नोकिया (भारत) में मोबाइल नेटवर्क बिजनेस के प्रमुख तरुण छाबड़ा ने कहा, पूरे भारत में 5जी तकनीक का अविश्वसनीय प्रसार और सुपर-फास्ट 5जी डेटा स्पीड की बढ़ती मांग स्पष्ट है। 5जी ट्रैफिक ने सभी टेलीकॉम सर्किलों में पर्याप्त वृद्धि देखी है। जिसमें मेट्रो सर्किल इस मामले में आगे है और कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी तक पहुंच गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एडवांस 5जी अवेलेबिलिटी और परफॉर्मेंस, किफायती डिवाइसों की एक वाइड रेंज की उपलब्धता के साथ-साथ नए डेटा-गहन ऐप्स और सेवाओं की शुरूआत से भविष्य में 5जी ग्रोथ में तेजी आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) का उदय घर और व्यवसाय दोनों में नई सेवाओं के लिए काम करेगा, जिसमें एफडब्ल्यूए यूजर्स को औसत 5जी यूजर्स की तुलना में अनुमानित 2.5 गुना अधिक डेटा का उपयोग करने की उम्मीद है।

## दस वाहन निमार्ताओं पर लगा 7.6 मिलियन डॉलर का जुर्माना



**सियोल।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने अपर्याप्त सुरक्षा मानकों वाली कारें बेचने के लिए 10 विदेशी और घरेलू वाहन निमार्ताओं पर कुल 10.3 बिलियन वॉन (7.6 मिलियन डॉलर) का जुमार्ना लगाया है। इनमें नौ विदेशी कंपनियां हैं, जिनमें वोक्सवैगन ग्रुप कोरिया, मर्सिडीज-बेंज कोरिया, फोर्ड सेल्स एंड सर्विस कोरिया, पोर्श कोरिया और बीएमडब्ल्यू कोरिया शामिल हैं। इसमें दक्षिण कोरिया की हुंडई मोटर कंपनी भी शामिल है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने कहा कि जुमार्ना पिछले साल जनवरी से जून तक कंपनियों के मॉडलों में खराबी पर आधारित था। वोक्सवैगन समूह कोरिया पर 3.5 बिलियन वॉन का सबसे बड़ा जुमार्ना लगाया गया, उसके बाद मर्सिडीज-बेंज कोरिया पर 2.5 बिलियन वॉन का जुमार्ना लगा। फोर्ड सेल्स एंड सर्विस कोरिया और पोर्श कोरिया प्रत्येक पर 1 बिलियन वॉन का जुमार्ना लगा। सरकार ने कहा कि उसने खराब पाट्र्स के साथ कारें बेचने के लिए पांच कंपनियों - स्टेलेंटिस कोरिया, मर्सिडीज-बेंज कोरिया, वोक्सवैगन समूह कोरिया, फोर्ड कोरिया और किआ - पर अलग से कुल 39 मिलियन वॉन का जुमार्ना लगाया है।



झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने अचानक 31 दिसंबर 2023 को इस्तीफा दे दिया था।

# गांडेय विधानसभा से चुनावी राजनीति शुरू कर सकती हैं कल्पना सोरेन

**लोकसभा के साथ गांडेय विधानसभा में भी उपचुनाव कराएं जाएंगे। चुनाव आयोग के इस घोषणा के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के गांडेय विधानसभा से चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है। इसको लेकर कल्पना सोरेन ने बुधवार को गांडेय का दौरा भी किया है, जिससे उनके चुनाव लड़ने की संभावना को बल मिला है। गौरतलब है कि गांडेय विधानसभा से झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने अचानक 31 दिसंबर 2023 को इस्तीफा दे दिया था, तब ही यह संभावना जतायी गई थी कि कल्पना सोरेन के लिए गांडेय विधानसभा खाली कराया गया है । गांडेय विधानसभा कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में आता है, और 20 मई को कोडरमा में मतदान किया जाएगा, इसलिए गांडेय में भी इसी दिन विधानसभा के लिए भी वोट डाले जाएंगे।**

### दुमका से सीता या जयश्री लड़ सकती हैं चुनाव



भाजपा में सीता सोरेन के शामिल होने के बाद दुमका से खुद सीता सोरेन या उनकी बड़ी बेटी जयश्री सोरेन के चुनाव लड़ने की खबरें सामने आ रही है। ऐसे में दुमका के सांसद सुनील सोरेन जिन्हें भाजपा ने 2024 लोकसभा के लिए अपना प्रत्याशी पहली सूची में ही घोषित कर दिया था, लेकिन बदले राजनीतिक समीकरण में अब उनका टिकट कट सकता है। अभी अधिकारिक रूप से इसकी कोई घोषणा नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि सीता सोरेन अपनी बड़ी बेटी जयश्री को दुमका से झामुमो के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन झामुमो में उनकी मांग को ज्यादा महत्व नहीं दिया गया । इधर जेल से ही हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने की खबरें तेजी से मीडिया में सुर्खियां बनीं, जिससे भी सीता सोरेन को झामुमो से उम्मीदें पूरी होती नहीं दिखी। भाजपा से सीता सोरेन और झामुमो से हेमंत सोरेन चुनाव लड़ते हैं तो दुमका का चुनाव काफी दिलचस्प होगा, जहां पहली बार सोरेन परिवार के दो लोग आमने-सामने होंगे, वहीं देवर-भाभी या चाचा-भतीजी की जंग पर सबकी निगाहें होंगी।

# जेपी पटेल को विरासत में मिली राजनीति हजारीबाग से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नेताओं का पाला बदलने का दौर जारी है। मंगलवार को भाजपा ने गठबंधन को बड़ा झटका दिया, तो बुधवार को गठबंधन ने पलटवार करते हुए भाजपा को बड़ा झटका दिया । भाजपा ने शिबू सोरेन की बड़ी बहू और जामा की विधायक सीता सोरेन को पार्टी में शामिल कराया, तो बुधवार को कांग्रेस ने भाजपा के विधानसभा में सचेतक और मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। जेपी प्रकाश के हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की पूरी उम्मीद है। हजारीबाग कांग्रेस के खाते में गई है, पहले यहां से यशवंत सिंहा और कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के नाम पर चर्चा कूब जोरों से उछला भी, लेकिन ब जेपी पटेल के इंट्री से उनके हजारीबाग से उतरने की पूरी संभावना है। इसी बीच झारखंड में कांग्रेस को भी झटका लगा है। कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मारुत नंदन सोनी ने भाजपा का दामन थाम लिया है।

### आत्मघाती कदम है जेपी पटेल का कोई परिवार देखता है तो कोई देश



झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने उनके इस फैसले को आत्मघाती बताया है। उन्होंने कहा कि सभी अपने हिसाब से राजनीति को देखते हैं. कोई देशहित को तवज्जो देता है तो कोई व्यक्तिगत हित तो. कोई परिवार को मजबूत करना चाहता है तो कोई राष्ट्र को। अमर बाउरी ने कहा कि जेपी पटेल एक युवा नेता हैं। जहां तक नुकसान और फायदे की बात है तो भाजपा इस सोच के साथ नहीं चलती है। भाजपा सिर्फ अपनी विचारधारा के साथ आगे बढ़ती है। एक जाता है तो सौ जुड़ते हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने जयप्रकाश का किया पार्टी में स्वागत



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि डर और लालच के कॉकटेल के आगे जब सब लोग नतमस्तक हो रहे हैं, तब इन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है और इसके लिए हम इन्हें बधाई देते हैं आज जब देश में देश बेचने वाले और देश बचाने वाले की लड़ाई चल रही है तब जयप्रकाश भाई ने देश बचाने वालों का साथ देना उचित समझा। उनके क्षेत्र में लोकप्रियता का आलम यह है कि अपने विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व स्वर्गीय टेकलाल महतो और उसके बाद जयप्रकाश भाई पटेल ने आठ बार किया है।

### पिता थे कद्दावर नेता, ससुर हैं झामुमो में



जयप्रकाश भाई पटेल मांडू विधानसभा से तीन बार से विधायक रह चुके हैं। राजनीति उन्हें विरासत में मिली है। उनके पिता स्वर्गीय टेकलाल महतो झामुमो के कद्दावर नेता थे। जबकि झामुमो विधायक मथुरा महतो उनके ससुर हैं। पूर्व सीएम रघुवर दास के शासनकाल में 2019 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 23 अक्टूबर को जेपी पटेल ने झामुमो छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। तब उनके साथ कांग्रेस विधायक रहे मनोज यादव, सुखदेव भगत और झामुमो विधायक कुणाल षाडंगी भी भाजपा में शामिल हो गये थे। इसके बाद भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने जीत भी हासिल की थी। कुर्मी वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष नेता के रूप में जेपी पटेल का नाम पर चर्चा की थी।

# कर्मियों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने का है प्रावधान : के रवि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत गैर-सरकारी/ निजी/ व्यावसायिक संस्थाओं के कर्मियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रवधान है। ऐसे मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए सभी संस्थानों में, स्वीप कर्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता फोरम गठित किये जाने हैं, जो अपने संस्थानों के कर्मियों के साथ बैठक अथवा अन्य जागरूकता की गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से उनके मतदाता पंजीकरण की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए उन्हें मतदान प्रकिया कि पूरी जानकारी दी देंगें। वह बुधवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ सूबे के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूबरू थे।




**सभी अपने संस्थान में मतदाता जागरूकता फोरम के माध्यम से कर्मियों को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करें**

उन्होंने विगत लोकसभा चुनाव, 2019 के मतदाता जनसंख्या अनुपात कि चर्चा करते हुए राज्य के नौ शहरी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान के आंकड़ों का उदाहरण देते हुए बताया कि इन शहरी विधानसभाई क्षेत्रों के 3060 मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत वोटर टर्नऑउट के राष्ट्रीय औसत से कम रहा है। अतः सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी संस्थाओं में वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से सभी गैर-सरकारी/ व्यावसायिक संस्थानों के वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति प्रेरित कराएं।

### वनवासी कल्याण केंद्र में कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग शुरू

**रांची।** वनवासी कल्याण केंद्र, बरियातू रोड में बुधवार को ग्राम विकास स्वयं सहायता समूह के प्रांतस्तरीय कार्यकताओं का प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुआ। 22 मार्च तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में राज्य के 15 जिलों से 64 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिकारी बिन्देश्वर साहु, प्रांत के अध्यक्ष डॉ सुखी उरांव व प्रांत संगठन मंत्री देवनन्दन सिंह मौजूद थे। बिंदेश्वर साहु ने कहा, गांव का जीवन जल-जंगल व पशु पर आधारित रहा है। बेहतर प्रबंधन से विकास को बल मिलेगा। डॉ सुखी उरांव ने कहा कि जनजाति समाज की धर्म-संस्कृति-परंपरा को बचाते हुए उनका सर्वांगीण विकास करना वनवासी कल्याण केन्द्र का लक्ष्य है। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, अच्छे संस्कार का निर्माण तथा आर्थिक विकास के लिए 14 प्रकार के सेवा कार्य किये जा रहे हैं।

## राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर रहे लोग हटाये गए



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और रांची के अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक बुधवार को राजभवन के पास पहुंचे और वहां धरना-प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटवाया। उन्होंने झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ और राष्ट्रीय युवा शक्ति को लोकसभा चुनाव-2024 के आदर्श आचार संहिता के तहत तत्काल धरना-प्रदर्शन हटाने को कहा। इसपर उन्होंने तत्काल धरना हटा लिया। इस दौरान कोतवाली इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे। एसडीओ ने धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को आचार संहिता के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया कि आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर और पंपलेट्स चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना, सड़कों पर बैनर, होर्डिंग और तोरण द्वार लगाना प्रतिबंधित है। इसपर वहां मौजूद लोगों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि रांची में चुनाव प्रक्रिया खत्म होने या 60 दिनों तक (जो भी पहले हो) धारा 144 लागू रहेगी। शादी, बारात पार्टी, शवयात्रा, हाट बाजार, मरीजों को लेकर अस्पताल जा रहे लोगों, विद्यालय या महाविद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारी और पुलिस बल पर यह लागू नहीं होगी।

# एचईसी के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में यूनिटी मॉल का होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के ग्रेटर एरिया एचईसी में निर्मित हो रहे वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा। राज्य के उद्योग विभाग ने केंद्र सरकार की योजना को स्वीकृत करते हुए आदेश जारी कर दिया है। केंद्र सरकार ने स्कीम ऑफ स्पेशल असिस्टेंट के तहत देश के सभी राज्यों की राजधानी में यूनिटी मॉल निर्माण कराने का फैसला लिया है। इसके लिए 5,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य से भेजा गया डीपीआर भी केंद्र सरकार ने स्वीकृत कर दिया है।




162.92 करोड़ की लागत इसके निर्माण में आएगी। सारी राशि का वहन केंद्र सरकार करेगी। इस योजना के अंतर्गत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर निर्माण के लिए जिडको को निःशुल्क कोर कैपिटल एरिया साइड-1, एचईसी धुर्वा रांची में 3.45 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। इस भूखंड के एक भाग पर यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में नगर विकास विभाग से भी पहले सहमति ली गयी है। ऐसे में एक जगह पर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और यूनिटी मॉल का निर्माण किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक अंबा प्रसाद के करीबी पंकज नाथ पहुंचे ईडी कार्यालय, पूछताछ शुरू

**रांची।** विधायक अंबा प्रसाद के करीबी पंकज नाथ बुधवार को ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। ईडी ने पंकज नाथ को समन भेजकर पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया था। उल्लेखनीय है कि बीते 12 मार्च को जबरन वसूली, लेवी की वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा करने को लेकर ईडी ने अंबा प्रसाद और उनसे जुड़े लोगों के 20 ठिकानों पर छापा मारा था। तलाशी अभियान के दौरान 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों के नकली टिकट, हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और झारखंड राज्य में अवैध बालू खनन से संबंधित साक्ष्य ईडी के हाथ लगे हैं। सभी को जब्त कर लिया गया था।



### आईएएस अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार पहुंची ईडी कार्यालय, पूछताछ

**रांची।** आईएएस अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एयरपोर्ट तो रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। प्रीति कुमार अपने साथ कई कागजात लेकर ईडी कार्यालय पहुंची है। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। प्रीति कुमार से ईडी बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल के जमीन मामले में पूछताछ करेगी। इससे पहले कुमार से 12 जनवरी को ईडी पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान पिछले साल 13 अप्रैल 2023 को बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के घर पर छापेमारी की थी। इसी दौरान भानु के घर से एक बड़े बक्से में भारी मात्रा में जमीनों के दस्तावेज मिले थे। रांची डीसी के आदेश पर इस मामले में सदर थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी।



### क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के साथ हुई धोखाधड़ी मामले में कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दर्ज अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत ने बुधवार को संज्ञान लिया है। मामले में अब आरोपितों के खिलाफ समन जारी किया जायेगा। आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी करके धोनी को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है। यह मुकदमा धोखाधड़ी, विश्वासघात, जाली कागजात तैयार करके फजीर्वाड़ा करना सहित अन्य आरोपों के तहत किया गया है। एमएस धोनी ने प्रतिनिधि सीमांत लोहानी को मुकदमा दर्ज करने का अधिकार दिया है। लोहानी ने 27 अक्टूबर, 2023 को उक्त मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे में कहा गया कि मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए साल 2017 में एमएस धोनी के साथ एक समझौता हुआ था। समझौते के बाद उसे फ्रेंचाइजी दिया गया था। एकरारनामा के तहत प्रॉफिट शेयर का 70-30 का अनुपात तय हुआ था। धोनी को लाभ का 70 फीसदी भुगतान करना था लेकिन समझौते के सभी नियम और शर्तों की धज्जियां उड़ा दी गयी। जब धोनी को इसकी जानकारी हुई तो समझौता को अगस्त 2021 में वापस ले लिया। इसके बावजूद एमएस धोनी क्रिकेट अकादमी खोले जाते रहे। इसके बाद धोनी ने उनलोगों को कानूनी नोटिस भेजा। इसका जवाब भी दिया गया लेकिन अकादमी खोलना बंद नहीं हुआ। इससे 15 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति हुई है, जो भविष्य में और बढ़ सकता है।



### झारखंड हाई कोर्ट ने विस नियुक्ति घोटाला में दोनों कमेटियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया है कि इस मामले की अगली सुनवाई में जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाये। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। मामले में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले के लिए सुनवाई 18 अप्रैल निर्धारित की है। झारखंड विस में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।




### मास्टर ट्रेनर्स ने दी मतदान प्रक्रिया की ट्रेनिंग

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संपादन को लेकर प्रतिनियुक्त पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण जारी है। प्रशिक्षण कोषांग के तत्वावधान में प्रतिनियुक्त पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को राजकीय प्लस-2 उच्च विद्यालय, कांके में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बुधवार को तीन पलियों में कुल 2291 पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया। आज 109 पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर्स ने सभी पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया की विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। ईवीएम-वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए मास्टर ट्रेनर ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनियुक्त पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को मतदान से पहले और मतदान के दौरान विशिष्ट कार्यों को विस्तार से समझाया गया। साथ ही, मतदान से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों को भरने के संबंध में भी अवगत कराया गया। लोकसभा चुनाव के सफल संपादन के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों, मतदान पदाधिकारियों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को विगत शनिवार से प्रथम चरण के मतदान के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आगामी 23 मार्च तक चलेगा।



**पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण जारी**

## पृष्ठ एक के शेष

**दुर्गा की दुहाई देकर घड़ियाली आंसू बहाने...**

घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोगों से विनती है कि मेरे मुंह में अंगुली नहीं डालें। यदि मैं और मेरे बच्चों ने मुंह खोलकर भयावह सच्चाई उजागर किया तो कितनों का राजनैतिक और सत्ता सुख का सपना चूर-चूर हो जायेगा। झारखंड की जनता वैसे लोगों के नाम पर थूकेगी, जिन्होंने हमेशा से दुर्गा सोरेन और उनके लोगों को मिटाकर समाप्त करने की साजिश की। इधर सीता सोरेन की तीनों बेटियां भी सोशल मीडिया पर मुखर हो उठीं।

राजश्री का वार : कल्पना सोरेन के इस पोस्ट पर सीता सोरेन की बेटी राजश्री सोरेन ने उन्हें अपने पिता स्व. दुर्गा सोरेन के नाम का इस्तेमाल न करने की नसीहत दे डाली। राजश्री सोरेन ने लिखा, मेरे पिता अपने लोगों के संरक्षक थे। उन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह लोगों की आवाज थे। उन्होंने झामुमो को मजबूत बनाने में अपना खून-पसीना बहाया। कृपया अपनी वास्तविकता छिपाने के लिए मेरे पिता के नाम का उपयोग न करें।

जयश्री का वार : सीता सोरेन की दूसरी बेटी जयश्री सोरेन ने भी सोशल मीडिया पर लिखा, पापा ने हमें सिखाया है कि कभी भी अन्याय के सामने झुकना नहीं चाहिए। सदियों से महिलाएं अन्याय सहती आ रही हैं। तमाम अन्याय के बावजूद 14 साल की वफादारी। यह फैसला आसान नहीं रहा होगा, हिम्मत बनायें रखें। मैं अपनी मां के फैसले का सम्मान करती हूं।

विजयश्री का वार : इसी तरह की पोस्ट सीता सोरेन की तीसरी बेटी विजय श्री सोरेन ने लिखी है। जाहिर है, चुनाव के मैदान में प्रचार और भाषणों के दौरान परिवार के सदस्यों की एक-दूसरे के प्रति ऐसी तल्खियां झामुमो के लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं।

**इशारों-इशारों में कल्पना...**

आज झारखंड में आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों समेत सभी गरीबों, वंचितों और शोषितों की विश्वसनीय आवाज बन कर आगे बढ़ रही है। आदरणीय बाबा एवं स्व. दुर्गा दा के संघर्षों और जो लड़ाई उन्होंने पूंजीपतियों-सामंतवादियों के खिलाफ लड़ी थी उन्हीं ताकतों से लड़ते हुए आज हेमंत जेल चले गये। वे झुके नहीं। उन्होंने एक झारखंडी की तरह लड़ने का रास्ता चुना। वैसे भी हमारे आदिवासी समाज ने कभी पीठ दिखाकर, समझौता कर, आगे बढ़ना सीखा ही नहीं है। झुकना... झारखंडी के डीएनए में है ही नहीं। सच हम नहीं, सच तुम नहीं, सच है सतत संघर्ष ही.....।

**झारखंड में तीन बार के भाजपा...**

मिलेगी। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि उन्होंने विगत लोकसभा चुनाव में भाजपा और आजसू के लिए प्रचार किया था। उन्हें लगा था कि स्वर्गीय टेक लाल के सपनों को पूरा करने के लिए एनडीए गठबंधन में जाना उचित रहेगा लेकिन भाजपा में शामिल होने के पश्चात उन्होंने पिता के विचारों को उसे गठबंधन में नहीं पाया। इंडिया गठबंधन का परिणाम लोकसभा चुनाव के बाद दिखेगा। जनता के आकांक्षाओं को पूरा करने और विकासवादी सोच को आगे बढ़ाने के लिए मैं कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। जयप्रकाश भाई पटेल के कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, संजय पांडे, ऋषिकेश सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता सोनाल शांति ने यह जानकारी दी।

**प्रेम प्रकाश-हेमंत सोरेन मामले में...**

पूरी होने तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया जाए। आप यह नहीं कह सकते कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक मुकदमा शुरू नहीं होगा। ताकि आरोपी को बिना ट्रायल के जेल में रहने के लिए मजबूर होना पड़े। जस्टिस खन्ना ने आगे कहा कि जब आप किसी आरोपी को गिरफ्तार करते हैं तो मुकदमा शुरू किया जाना चाहिए। कानून के मुताबिक, यदि जांच पूरी नहीं हुई है तो जेल में बंद आरोपी डिफॉल्ट जमानत पाने का हकदार है। नहीं तो आपको फाइनल चार्जशीट सीआरपीसी या कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर दायर करनी चाहिए। प्रेम प्रकाश को बीते वर्ष जनवरी में झारखंड उच्च न्यायालय ने जमानत देने से मना कर दिया था। जिसके बाद उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की। जिसमें कहा है कि उन्होंने 18 महीने जेल में बिताए हैं और फाइनल चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है। सो उनको जमानत मिलनी चाहिए। जिसके विरूद्ध ईडी ने वही कहा जो हर इस तरह के मामले में कह रही है, यह कि आरोपी को रिहा किए जाने पर सबूतों या गवाहों से छेड़छाड़ हो सकती है। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि आरोपी ऐसा कुछ भी करता है, तो आप हमारे पास आइए। लेकिन यह वजह बताकर 18 महीने तक कैद में रखना उचित नहीं है।

**एआई में दुनिया के नेतृत्व...**

तंत्र ने एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा, आज देश में 1.25 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप के साथ सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो गया है। इनसे 12 लाख से अधिक युवा जुड़े हुए हैं। स्टार्टअप बड़े पैमाने पर रोजगार प्रदान कर रहे हैं और युवा संस्थापक महज नौकरी चाहने वालों की बजाय नौकरी देने वाले बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में फंड और इनक्यूबेटर उपलब्ध कराने की सरकार की नीतियां फलदायी रही हैं और स्टार्टअप इकोसिस्टम की बड़ी संख्या इस सफलता की कहानी का प्रतिबिंब है। उन्होंने युवा प्रतिभाओं को यह भी आश्वासन दिया कि सरकार नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन में हजारों करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

**सीपी राधाकृष्णन ने तेलंगाना...**

सुंदरराजन के इस्तीफे के बाद राधाकृष्णन को तेलंगाना और पुदुचेरी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सुंदरराजन तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव लड़ने की योजना बना रही हैं। राधाकृष्णन तेलंगाना के तीसरे राज्यपाल हैं। वह भाजपा उम्मीदवार के रूप में कोयंबटूर से दो बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने पिछले साल झारखंड के राज्यपाल का पदभार ग्रहण किया था। दिलचस्प बात यह है कि 2014 में राज्य के गठन के बाद से तेलंगाना के सभी तीन राज्यपाल तमिलनाडु से हैं। ईएसएल नरसिम्हन और तमिलिसाई सुंदरराजन भी तमिलनाडु से थीं।

**दोस्तों के संग, दोगुना...**

महापर्व चुनाव के कारण इस वर्ष होली पर सभी महिला कर्मियों को एकसाथ जुटने का अवसर मिला है। ऐसे में बैठे-बैठे बैठाये मिले यादगार अवसर को जाया क्यों होने दें। लंबे अरसे के बाद पुराने दोस्तों को देखकर महिला कर्मियों की खुशी देखते ही बनी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राखी रानी प्रसाद, वीणा कुमारी, नेहा बाला आदि मौजूद रहीं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### पीएम आज और कल भूटान के दौरे पर रहेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21-22 मार्च को भूटान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर जोर देने के अनुरूप है। पीएमओ ने बुधवार को बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री भूटान के अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ भी बातचीत करेंगे।

### चीन में बस दुर्घटना में 14 की मौत, 37 घायल

**बीजिंग।** चीन के शांक्सी प्रांत में एक यात्री बस दुर्घटना में चौदह लोगों की मौत हो गई और 37 अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यात्री बस शांक्सी में होहोट-बेइहाई एक्सप्रेसवे पर एक सुरंग की दीवार से टकरा गई। बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है।

### नवाज शरीफ के दो बेटे भ्रष्टाचार के तीन मामलों में बरी

**इस्लामाबाद।** पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ के दो बेटों को भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने मंगलवार को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में बरी कर दिया। इसी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सामने आने वाली कानूनी परेशानियां लगभग समाप्त हो गई हैं। हसन और हुसैन नवाज को 2018 में पनामा पेपर्स लीक से संबंधित एवेनफील्ड, फ्लैगशिप और अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामलों में आरोपी बनाया गया था।

# पप्पू की जापा का हुआ कांग्रेस में विलय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार की राजनीति में एक बड़ी हलचल हुई है। राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया है। कांग्रेस हेडक्वार्टर में उन्होंने कांग्रेस मीडिया के अध्यक्ष पवन खेड़ा समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में इसकी घोषणा की। अब पप्पू यादव की एंट्री महागठबंधन में हो गई है। पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया है। इससे पहले जन अधिकार पार्टी के नेता पप्पू यादव मंगलवार रात आरजेडी प्रमुख लालू यादव और तेजस्वी यादव से राबड़ी आवास में मुलाकात की थी और अपनी इच्छा बताई थी। खबर है कि लालू यादव ने पप्पू यादव को कहा था कि कांग्रेस के साथ चले जाइये, और पूर्णिया से चुनाव लड़िए। माना जा रहा है कि लालू यादव के कहने पर ही पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में करा दिया है।



### दानिश अली ने भी थामा कांग्रेस का दामन



लोकसभा चुनाव के बीच नेताओं द्वारा दल-बदल का खेल जारी है। अब, अमरोहा से लोकसभा सांसद दानिश अली बुधवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में दानिश अली ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पिछले साल बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते सस्पेंड कर दिया था। इतना ही नहीं वह राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में भी शामिल हुए थे।

इस विलय पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि जन अधिकार पार्टी और पप्पू यादव किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पप्पू यादव एक कद्दावर नेता हैं। वे आज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व, नीतियों और दिशा से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। बिहार के कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश ने पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय कराया। पप्पू यादव के साथ उनके बेटे सार्थक यादव भी मौजूद रहे। सार्थक रंजन रणजी खेलते हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने कहा, बिहार में क्षेत्रीय पार्टी सत्ता में रही और नहीं भी। एक संघर्ष की बड़ी लंबी फेहरिस्त है, न्याय की और सेवा की। सेवा, न्याय और संघर्ष के लिए हमारी पार्टी जानी जाती है। मेरी विचारधारा कांग्रेस की विचारधारा के साथ रही। यह मजबूत ऊर्जा देती रही। हमारी राजनीति सेक्युलर है। हर परिस्थिति में दूसरे के विचारों का सम्मान का हमारा इतिहास रहा है।

### अमित शाह ने कहा, भाजपा-बीजेडी गठबंधन पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को ओडिशा में भाजपा और बीजू जनता दल (बीजेडी) के गंठबंधन को लेकर कहा कि इस पर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। अमित शाह ने दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान गठबंधन के सवाल पर जवाब देते हुए कहा, "गठबंधन पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। भाजपा अध्यक्ष अंतिम फैसला लेंगे। हालांकि, यह निश्चित है कि हम ओडिशा में अपनी ताकत में वृद्धि करने जा रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति ओडिशा के लोगों के प्यार और स्नेह को महसूस और स्वीकार करते हैं।" ओडिशा की लोकसभा सीटों के साथ-साथ राज्य विधानसभा में भी भाजपा की सीटें कई गुना ज्यादा बढ़ जाएंगी। अमित शाह ने आगे कहा, यदि गठबंधन होता है, तो हम ओडिशा सीएम नवीन पटनायक के नेतृत्व में साझेदार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। अगर हमें अकेले लड़ना पड़ा, तो हम सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ेंगे।

## सिटी सेंटर मॉल में पिता के हाथ से छूटकर नीचे गिरा बच्चा, मौत




**एजेंसी। रायपुर**

राजधानी के पंडरी स्थित सिटी सेंटर मॉल में तीसरी मंजिल पर एस्केलेटर पर चढ़ने के दौरान एक वर्षीय बच्चा पिता के हाथ से छूटकर नीचे गिरा था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई थी। मंगलवार देर शाम को न्यू मेट्रो सिटी में रहने वाला लखन परिवार के साथ सिटी सेंटर मॉल घूमने गया था। थर्ड फ्लोर पर लगे एस्केलेटर पर शाम लगभग 8 बजे राजन अपने एक साल के बच्चे को गोद में लेकर दूसरे बच्चे को एस्केलेटर पर चढ़ाने की कोशिश कर रहे थे, तभी उनकी गोद का बच्चा हाथ से छूट गया और थर्ड फ्लोर से नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गिर गया था। बच्चे को तुरंत बैरन बाजार स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे ने दम तोड़ दिया था। रायपुर शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि मॉल में तीसरी मंजिल के एस्केलेटर से एक व्यक्ति के हाथ से छूटकर नीचे गिरने से सालभर के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी। मृतक बच्चे का नाम राजवीर है। इस दर्दनाक हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## राहुल के शक्ति वाले बयान पर केन्द्रीय मंत्री रूपाला का प्रहार

**एजेंसी। राजकोट**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शक्ति के बयान पर विवाद पैदा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बयान की निंदा करते हुए कड़ा प्रहार किया। इसके बाद केन्द्रीय पशुपालन राज्य मंत्री और राजकोट से भाजपा के उम्मीदवार परशोत्तम रूपाला ने भी राहुल के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। राजकोट के कुवाडवा के समीप आयोजित जनसभा में रूपाला ने कहा कि बाल भगवान और महिला भगवान कहीं नहीं है। यह हमारे देश में ही है। भारतीय संस्कृति में है। सनातन धर्म में इसका उल्लेख है। इसके अलावा कहीं नहीं है। हमारे यहां जगदंबा है। नौ दिन तक इनकी उपासना का हमारे यहां पर्व होता है। उन्हें तो शक्ति से ही आपत्ति है। राहुल गांधी का नाम लिए बगैर रूपाला ने कहा कि वे ऐसा समझे बिना आपत्ति जताते हैं या समझ कर बोलते हैं, यह समझ में नहीं आता है।

### पाकिस्तान में कोयला खदान विस्फोट में 12 की मौत, 8 घायल

**इस्लामाबाद।** पाक के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में 12 मजदूरों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के माइन्स इंस्पेक्टर अब्दुल गनी बलूच ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि हरनाई जिले में गुफा के अंदर जहरीली गैस जमा होने के कारण मंगलवार रात विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि जब विस्फोट हुआ तब 12 मजदूर खदान के अंदर काम कर रहे थे और फंसे हुए साथियों को बचाने की कोशिश में आठ और मजदूर खदान में घुस गए।

## पीएम ने फोन पर पुतिन को दी जीत की बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर व्लादिमीर पुतिन को फोन कर बधाई दी। वहीं, पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय एजेंडे सहित कई मुद्दों पर पुतिन के साथ चर्चा भी की और विशेष रूप से यूक्रेन के आसपास की स्थिति के संदर्भ में दोनों की बातचीत हुई। पीएम मोदी और पुतिन दोनों इस बातचीत में भारत-रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने और दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष में बातचीत का रास्ता अपनाने पर जोर दिया।

**रूस-यूक्रेन वार पर चर्चा**



इसके साथ ही पीएम ने रूस-यूक्रेन संघर्ष में बातचीत और कूटनीति के पक्ष में भारत की जो स्थिति है, उसे भी दोहराया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने व्लादिमीर पुतिन को रूस के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी और रूस के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। दोनों ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की समीक्षा करने के साथ और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी किया। इसके साथ ही दोनों ने एक-दूसरे से लगातार संपर्क में बने रहने की भी बात कही। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति पुतिन से बात की और उन्हें रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी। हम आने वाले वर्षों में भारत-रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए।

### प्रियंका चोपड़ा पति और बेटी मालती के साथ रामलला के दर्शन करने पहुंचीं



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपने पति सिंगर निक जोनस के साथ रामनगरी अयोध्या पहुंचीं। जहां वह अपने परिवार के साथ भगवान रामलला के दर्शन करेंगी। अयोध्या पहुंची प्रियंका का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस के साथ बेटी मालती मैरी जोनस भी है।

# दंतेवाड़ा में मारे गये इनामी माड़वी सहित दो नक्सलियों की पहचान

**एजेंसी। दंतेवाड़ा**

जिले के थाना किरन्दुल क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल गमपुर के जंगल में नक्सल गश्त सर्च अभियान के दौरान 19 मार्च को हुए मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान मौके से एक पुरुष नक्सली व एक महिला नक्सली का शव बरामद हुआ था। मारे गये महिला नक्सली की पहचान डोडी लक्खे उर्फ माड़वी लक्खे के रूप में हुई है, जिस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित है। उसके विरुद्ध दंतेवाड़ा एवं सुकमा में कुल पांच अपराध दर्ज है। मारे गये पुरुष नक्सली की पहचान एक लाख के इनामी लच्छू निवासी गमपुर ग्राम जनताना सरकार अध्यक्ष के रूप में की गई है।

### गढ़चिरौली में मारा गया एक नक्सली भैरमगढ़ का इनामी पोडियम पांडु

**बीजापुर।** जिले के पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सी 60 स्क्वाड्रन के जवानों से मंगलवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए चार नक्सलियों में से एक नक्सली 16 लाख का इनामी बीजापुर डीवीसी सदस्य पोडियम पांडु उर्फ मंगुलु निवासी भैरमगढ़ के रूप में पहचान हुई है। पोडियम पांडु पर हत्या, लूट, आगजनी जैसे कई संगीन वारदातों में शामिल था। लंबे वक्त से पोडियम पांडु की तलाश में पुलिस जंगलों की खाक छान रही थी। जिसका अंत गढ़चिरौली मुठभेड़ में हो गया है।

## पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिलने पहुंचे

**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलने के लिए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा सोमवार को अचानक 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंच गए। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं ने पहली बार मुलाकात की। प्रधानमंत्री सुनक के कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने बयान जारी कर बताया कि दोनों नेताओं ने अनौपचारिक बातचीत के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री



सुनक ने सोमवार की दोपहर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अनौपचारिक बैठक के लिए स्वागत किया। प्रवक्ता ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति अपने फाउंडेशन के काम से लंदन आए थे और उन्होंने प्रधानमंत्री सुनक के साथ शिष्टाचार मुलाकात की।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का जवाब

### कहा- राजनीतिक विवाद खड़ा करना है याचिका का मकसद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने निर्वाचन आयुक्तों के चयन में चीफ जस्टिस को शामिल न करने के चलते नियुक्ति रद्द करने की मांग का विरोध किया है। केंद्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाब में कहा गया है कि यह दलील गलत है कि आयोग तभी स्वतंत्र होगा जब चयन समिति में जज हों। केंद्र सरकार ने कहा है कि चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। याचिका का मकसद केवल राजनीतिक विवाद खड़ा करना है। इस मामले पर कल यानी 21 मार्च को सुनवाई होनी है। दरअसल, 15 मार्च को कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर फिलहाल दखल से इनकार कर दिया था। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा है कि हम अंतरिम आदेश में इस तरह से कानून पर रोक नहीं लगाते हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता का आरोप था कि मीटिंग एक दिन पहले बुलाकर नियुक्ति कर दी गई। तब कोर्ट ने कहा था कि आयुक्तों की नियुक्ति पर अपने एतराज को लेकर आप अलग से याचिका दाखिल करें। याचिका एडीआर ने दायर की है। याचिका में चयन समिति में चीफ जस्टिस को भी रखने की मांग की गई है।

**आसाराम को हाईकोर्ट से झटका**

## महाराष्ट्र में इलाज की इजाजत नहीं

**एजेंसी। जोधपुर**

अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोप में जोधपुर की सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से एक और झटका लगा है। उसने महाराष्ट्र के पुणे में आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज कराने की अनुमति के लिए याचिका दायर की थी, जिसे राजस्थान हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस संबंध में महाराष्ट्र पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर आसाराम को इलाज के लिए मंजूरी नहीं देने की बात कही थी। इस पर हाई कोर्ट ने कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका जताई और यह भी कहा है कि पुणे से अच्छा इलाज आसाराम को जोधपुर के ही एम्स में मिल सकता है। दरअसल, आसाराम हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक उपचार के लिए कई याचिका लगा चुके हैं लेकिन अभी तक उन्हें कहीं से भी अंतरिम राहत नहीं मिल पाई है। जस्टिस दिनेश मेहता व जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ में आसाराम के उपचार के लिए दायर याचिका पर सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान आसाराम ने पुलिस कस्टडी में माधवबाग मल्टी डिसिप्लिनरी कार्डियाक केयर क्लीनिक खोपोली महाराष्ट्र में उपचार की प्रार्थना की थी।



### जोधपुर में करवाना होगा उपचार!

महाराष्ट्र में आयुर्वेदिक उपचार की अनुमति नहीं मिलने के बाद आसाराम अब जोधपुर में ही रहकर स्थानीय करवड़ में आयुर्वेदिक उपचार कराएंगे। हालांकि इसके लिए भी हाई कोर्ट से अनुमति लेनी जरूरी होगी। कोर्ट ने करवड़ स्थित आयुर्वेद हॉस्पिटल से आसाराम के उपचार के संबंध में जानकारी मांगी है।


# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा- 2047 तक विकसित भारत का नेतृत्व करेंगी महिलाएं

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने मंगलवार को महिलाओं के नेतृत्व वाली विकास पहलों पर जोर देते हुए कहा कि देश का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का है, जिसके लिए सभी क्षेत्रों में उनकी की पूर्ण और समान भागीदारी की आवश्यकता है।

महिलाओं की स्थिति पर 68वें वार्षिक आयोग के मौके पर भारत द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम एक ऐसे भारत की कल्पना करते हैं जहां महिलाएं खुद से सशक्त हों।

उन्होंने 2047 तक पूर्ण विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के बारे में बात करते हुए कहा, भारत सरकार महिलाओं की सार्थक भागीदारी के माध्यम से अपार शक्ति को पहचानती है, जो महिला विकास से महिला नेतृत्व



वाले विकास की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की उम्मीद है कि महिलाएं विकास लाभों के निष्क्रिय प्राप्तकर्ताओं की बजाय योगदानकर्ताओं के रूप में विकसित राष्ट्र का नेतृत्व करेंगी। वर्तमान में, वैश्विक स्तर पर 10.3 प्रतिशत महिलाएं अत्यधिक गरीबी में रह रही हैं।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र को महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता को संबोधित करके उन्हें सशक्त बनाने के लिए देश में लागू की जा रही एक बहुआयामी रणनीति के बारे में बताया। कंबोज ने कहा, इन पहलों का उद्देश्य लैंगिक न्याय, समानता और भारत के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### 759 वन-स्टॉप सेंटरों का एक मजबूत नेटवर्क

एक उदाहरण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, 759 वन-स्टॉप सेंटरों का एक मजबूत नेटवर्क एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करता है, जिससे 8.3 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। वन स्टॉप सेंटर योजना निजी और सार्वजनिक स्थानों, परिवार, समुदाय और कार्यस्थल पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं की सहायता करती है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के मूल कारणों को लक्षित करता है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप जन्म के समय लिंगानुपात में प्रति एक हजार पुरुषों पर 918 महिलाओं से सुधरकर 933 महिलाओं तक पहुँच गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 43 प्रतिशत के साथ, भारत विश्व स्तर पर स्टेम विषयों (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथ) में नामांकित महिलाओं के उच्चतम अनुपात वाले देशों में से एक है। यह कहते हुए कि देश में महिलाएँ आज आसमान छू रही हैं, उन्होंने बताया कि नागरिक उड्डयन में 15 प्रतिशत महिला पायलट हैं, जो वैश्विक औसत पाँच प्रतिशत से काफी अधिक है। इसके अलावा, 2014-15 के बाद से महिलाओं द्वारा पेटेंट दाखिल करने में भी 500 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है और 55 हजार से अधिक स्टार्टअप में 67 हजार से अधिक महिला निदेशक हैं।

**फिल्म जगत**

## रीम शेख को डर : कोई उनकी कॉफी के साथ छेड़छाड़ न कर दे

**मुंबई।** स्ट्रीमिंग शो 'रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी' में अंकिता रस्तोगी की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस रीम शेख ने अपने बारे में एक खास बात शेयर की। एक्ट्रेस शो में एक तेज-तर्रार वकील का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि वह उन लोगों की कॉफी के साथ छेड़छाड़ करती हैं, जिन्हें वह पसंद नहीं करती। एक्ट्रेस एक कॉफी लवर हैं, उन्हें इस बात का डर है कि कहीं लोग उनकी कॉफी के साथ भी छेड़छाड़ न कर दें। रीम के मुताबिक, अंकिता का किरदार निभाना मजेदार है, वह स्मार्ट, मजबूत और स्वतंत्र है, जिसे जेनजेड पसंद करेगा। उसकी एक आदत है, जिस पर मुझे गुस्सा आता है, जो अपनी बात रखने का एक रचनात्मक तरीका है। वह कहती है कि कॉफी लवर होने के नाते मुझे इस बात से डर लगता है कि जैसे मैं लोगों की कॉफी से छेड़छाड़ करती हूं, कहीं मेरी



कॉफी के साथ भी ऐसा न हो जाए।" उन्होंने आगे कहा, "कहानी में एक मजेदार मोड़ आता है, जब मैं और मेरे दोस्त कॉफी से छेड़छाड़ के तरीके को एक मजाक में बदल देते हैं। यह सब बहुत मजेदार होता है और हम इस पर हंसे बिना नहीं रह सकते। हालांकि, मुझे लगता है कि मेरे दोस्त भी थोड़े डरे हुए हैं, वे अंकिता की रणनीति से अवगत हैं और वे जानते हैं कि मैं चुनौती से पीछे हटने वालों में से नहीं हूं। 'रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी' सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रहा है।